

दैनिक साँध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन

वर्ष 52/ अंक 242/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10 संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल ■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, मंगलवार 18 अप्रैल 2023 भोपाल से प्रकाशित dainiksandhyaprakash.in



सांध्यप्रकाश विशेष

# केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया हुए कोरोना संक्रमित




**नई दिल्ली।** केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया कोरोना से संक्रमित हो गए हैं। सिंधिया ने ट्वीट कर खुद यह जानकारी दी है। उन्होंने संपर्क में आए लोगों से कोरोना टेस्ट कराने की अपील की है।

सिंधिया ने ट्वीट कर बताया, 'डॉक्टरों के परामर्श पर कराई गई कोविड-19 कि जांच में मेरी रिपोर्ट पॉजिटिव आई है, आप सभी से मेरा अनुरोध है कि पिछले कुछ दिनों में जो भी मेरे सम्पर्क में आएं हैं, वो सभी सावधानी बरतें या निकटतम स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर अपनी जांच करवाएं।

गौरतलब है, 13 अप्रैल को ज्योतिरादित्य सिंधिया के बेटे महानार्यमन सिंधिया कोरोना संक्रमित हो गए थे। हालांकि दो दिन पहले से ही उन्हें खांसी और जुकाम की शिकायत थी, जिसके बाद उन्होंने कोरोना टेस्ट कराया और रिपोर्ट पॉजिटि आई। जिसके बाद आज ज्योतिरादित्य सिंधिया भी कोरोना पॉजिटिव हो गए। बता दें अब तक प्रदेश में कुल एक्टिव केस का आंकड़ा 287 पहुंच गया है, जिसमें नए केस की संख्या 32 रही।

# 75 आयकर अधिकारी चीफ कमिश्नर रैंक में इंपैनल्ड

**नई दिल्ली।** भारतीय राजस्व सेवा आईआरएस के 75 इनकम टैक्स अधिकारी चीफ कमिश्नर ऑफ इनकम टैक्स सीसीआईटी रैंक पद के लिए एंपेनल्ड हो गए हैं। इस संबंध में अपॉइंटमेंट कमेटी ऑफ द कैबिनेट ने इन नामों का अनुमोदन कर दिया है। ये सभी अधिकारी 1989,1990 और 1991 बैच के है।




जो अधिकारी इंपैनल्ड हुए हैं उनके नाम हैं- अनिल कुमार, चरणजीत सिंह गुलाट, सुधांशु शेखर परीदा, प्रमिता त्रिपाठी, संदीप जैन, बेनी जॉन, सुमित कुमार, ज्योति कुमारी, नीरज कुमार,तरुण कुमार, जाकिर थॉमस, राजशेखर रेड्डी, अशोक त्रिपाठी, उपलपत्ती अंजनझूला, अनूप दुबे, मालती श्रीधरण, विजय गुप्ता, रश्मि रंजन दास, उपमन्यु बसु, मनोज गुप्ता, जया बलवाड़ा, राजेश रंजन प्रसाद, सालगला नरसम्मा, समर भद्रा, शांतनु सैकिया, अपर्णा राव, संदीप कुमार, धीरेंद्र कुमार मिश्रा, नरेंद्र कुमार चांद, अंकुर गर्ग, सैयद नासिर अली, अनिल कुमार, अरनेजा रवजीत सिंह, मोना सिंह, लक्ष्मण कुमार अग्रवाल, रूपिंदर बरार, शिखा दरबारी, मोनिका भाटिया, प्रफुल्ल कुमार प्रस्ति, सुष्मिता मिश्रा, दीपज्योति दास, अपर्णा मोहनिया, कुमार संजय, सुरभि वर्मा गर्ग, सुमन शर्मा, इंजेती श्री नागेंद्र प्रसाद, संजय कुमार साह, चांदना रामचंद्रन, जे कृष्ण किशोर, अमल पुष्प, अजय गोयल, अमिताभ, प्रसेनजीत सिंह,श्रीकांत कुमार, विजय वर्मा, बालासुब्रह्मण्यम, विमलेंदु वर्मा, कविता पांडे, अमित मोहन गोविल।

विस्तारित पैनल- केएम दीक्षित, जयंत कुमार, पीयूष जैन, आदर्श कुमार मोदी, राजेश्वर यादव, सिबेंदु मोहराणा, सुलेखा वर्मा, वरिंदर मेहता, ललित कृष्ण सिंह देहिया, अनीता सिन्हा, अशोक कुमार सरोहा, आनंद राजेश्वर बेवर, असित कुमार मोहपात्रा, आनंद झा, असित सिंह और संजय राय।

# टीएमसी नेता मुकुल रॉय लापता, दिल्ली रवाना हुए, फिर जानकारी नहीं

**कोलकाता।** इंडिगो की फ्लाइट से दिल्ली रवाना हुए तृणमूल कांग्रेस के नेता मुकुल रॉय लापता हैं। दिल्ली पहुंचने के बाद इस बात की जानकारी उनके बेटे शुभ्रांशु रॉय ने दी। उन्होंने दावा किया है कि उनके पिता लापता हैं। जानकारी में कहा गया कि मुकुल रॉय सोमवार शाम इंडिगो की फ्लाइट (6ई-898) से दिल्ली रवाना हुए थे। फ्लाइट रात 9.55 पर दिल्ली पहुंचना थी। लेकिन, मुकुल रॉय का कोई पता नहीं चल रहा कि दिल्ली पहुंचने के बाद वे कहां हैं? रॉय के बेटे और टीएमसी नेता शुभ्रांशु रॉय का कहना है कि परिवार ने एयरपोर्ट थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि अभी तक कोई औपचारिक शिकायत नहीं मिली। पत्नी की मौत के बाद लंबे समय से बीमार चल रहे मुकुल रॉय फरवरी में अस्पताल में भर्ती हुए थे। रविवार को टीएमसी नेता और उनके बेटे के बीच कहासुनी हुई थी।



पश्चिम बंगाल में बीजेपी के चुनाव हारने के बाद मुकुल रॉय अपने बेटे शुभ्रांशु के साथ तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए थे। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सांसद अभिषेक बनर्जी की मौजूदगी में उन्होंने टीएमसी ज्वाइन की थी। ममता ने कहा कि मुकुल घर का लड़का है, उसकी वापसी हुई है। मेरा मुकुल के साथ कोई मतभेद नहीं है।

**कौन हैं मुकुल रॉय-** पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में टीएमसी ने मुकुल रॉय को 6 साल के लिए बाहर कर दिया था। मुकुल रॉय का कद कभी ममता बनर्जी के बाद दूसरे नंबर का हुआ करता था। उन्होंने टीएमसी छोड़ी तो बीजेपी का दामन थाम लिया, वे 1998 से ही बंगाल की राजनीति में हैं। मुकुल रॉय का नाम नारदा स्टिंग केस में भी आया था। मुकुल रॉय अपने करियर की शुरुआत में यूथ कांग्रेस में हुआ करते थे, उस दौर में ममता बनर्जी भी यूथ कांग्रेस में ही थीं। तभी से मुकुल और ममता के बीच राजनीतिक करीबियां बढ़ी थीं। अपने पिता के पीछे पीछे ही उनके बेटे सुभ्रांशु रॉय ने भी भाजपा का दामन थाम लिया था।

# मुंबई में खुला देश का पहला एपल स्टोर, CEO टिम कुक ने किया ग्राहकों का स्वागत

**मुंबइ।** आईफोन निर्माता एपल ने मंगलवार को भारत में अपने पहले एपल स्टोर की शुरुआत कर दी है। एपल के सीईओ टिम कुक ने मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स में भारत के पहले एपल स्टोर का उद्घाटन किया। सीईओ टिम कुक ने उद्घाटन करते हुए भारत में एपल के पहले रिटेल स्टोर ने ग्राहकों के लिए दरवाजे खोले। यह स्टोर 20,000 वर्ग फुट क्षेत्र में फैला हुआ है। एपल स्टोर का डिजाइन काफी शानदार और एनर्जी-एफिशिएंट है। एपल स्टोर को रिन्यूएबल एनर्जी के हिसाब से डिजाइन किया गया है। यानी यह पूरी तरह से रिन्यूएबल एनर्जी पर चलता है। स्टोर में न के बराबर लाइट का इस्तेमाल किया गया है।

ृएप्पल स्टोर ऐसे समय में खुला है जब एपल को भारत में 25 साल पूरे कर रहा है। बीकेसी स्थान के बाद गुरुवार को दिल्ली के साकेत में एक और एपल स्टोर होगा। एपल के पास भारत के लिए बहुत बड़ी योजनाएं हैं, जिसमें एक मजबूत एप डेवलपर इकोसिस्टम,



स्थिरता के लिए समर्पण, कई स्थानों पर सामुदायिक कार्यक्रम और स्थानीय निर्माण शामिल हैं। एपल भारतीय मार्केट को लेकर काफी उत्साहित है। यही कारण है कि एपल के सीईओ टिम कुक पहले एपल स्टोर की लॉन्चिंग के लिए एक दिन पहले ही भारत आ गए थे।

# मप्र के 20 शहरों में पारा 40 के पार, हीट बेव अलर्ट

**भोपाल।** भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर और खजुराहो समेत मध्यप्रदेश करीब 20 शहरों में दिन का तापमान 40 डिग्री के पार रहा। सतना-टीकमगढ़ में पारा 42 डिग्री, नर्मदापुरम, नौगांव, सीधी, रतलाम, उमरिया, खरगोन और मंडला में 41 डिग्री, गुना, खंडवा, शिवपुरी, रीवा और सागर में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा ही रहा।

बूंदाबांदी-आंधी के बाद प्रदेश में गर्मी ने फिर तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर समेत मध्यप्रदेश के 20 शहरों में पारे ने उछाल खाया है। भोपाल में सोमवार को ऐसी गर्मी पड़ी कि सड़क का डामर ही पिघल गया। सीजन में पहली बार पारा 40 डिग्री के पार पहुंचा। ग्वालियर में भी सीजन का सबसे गर्म दिन रहा तो इंदौर-जबलपुर के लोग भी तेज गर्मी से परेशान हो गए। उधर खजुराहो और राजगढ़ देश में 7वें और 9वें सबसे गर्म शहर रहे। दोनों जगह पारा 43.2 डिग्री पर पहुंचा।

मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि आसमान साफ होने की वजह से गर्मी का असर बढ़ गया। हालांकि, 18 अप्रैल से फिर से मौसम बदलेगा। इससे हल्की बूंदाबांदी और आंधी चलने की संभावना है। सोमवार को भोपाल में दिन का तापमान 40.9, इंदौर में 39.6, ग्वालियर में 41.7 और जबलपुर में 40.4 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। खजुराहो प्रदेश में सबसे गर्म रहा। यहां तापमान 43.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बता दें कि रविवार को भोपाल समेत प्रदेश के कई शहरों में बारिश-आंधी हुई थी। अगले ही दिन मौसम में बदलाव देखने को मिला।



## सीधी की रात सबसे गर्म

मध्यप्रदेश में सीधी की रात सबसे गर्म रही। यहां सोमवार रात का पारा 25.2 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। टीकमगढ़ में यह 25 डिग्री रहा। सबसे कम तापमान नरसिंहपुर में 18 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। मलाजखंड में 18.1, पचमढ़ी में 18.4, मंडला और रीवा में 19.6 डिग्री न्यूनतम तापमान रहा। बाकी जिलों में न्यूनतम तापमान 20 डिग्री से ज्यादा रहा। मौसम वैज्ञानिक एचएस पांडे ने बताया कि उत्तर भारत में पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव हुआ है। इसका असर ज्यादा देखने को मिल रहा है। जिससे गर्म हवाएं मध्यप्रदेश में नहीं आ रही हैं। दूसरी ओर साउथ वेस्ट राजस्थान के ऊपर सर्कुलेशन बना हुआ है। नॉर्थ छत्तीसगढ़ से केरल तक महाराष्ट्र, तेलंगाना, कर्नाटक होते हुए ट्रफ लाइन भी गुजर रही है। वहीं, अरब सागर से थोड़ी सी नमी बनी हुई है। इस कारण प्रदेश में मौसम बदल गया है। 18 और 19 अप्रैल को मौसम में और भी बदलाव होगा। इससे प्रदेश के दक्षिण हिस्से यानी खंडवा, खरगोन, बड़वानी, बैतूल, हरदा, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला और बालाघाट में कहीं-कहीं गरज-चमक की स्थिति रहेगी। भोपाल में 18 और 19 अप्रैल को फिर बारिश होने के आसार है।

# प्रदेशवासी अपनी अमूल्य धरोहरों के संरक्षण का संकल्प लें: चौहान

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विश्व धरोहर दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं और आह्वान किया है कि प्रदेशवासी अपनी अमूल्य धरोहरों के संरक्षण का संकल्प लें।



मुख्यमंत्री श्री चौहान ने सोशल मीडिया पर जारी संदेश में कहा है कि हमारी धरोहर ही हमें अपने इतिहास, ज्ञान और संस्कृति से जोड़ती है। विश्व धरोहर दिवस पर हम सब प्रदेश व देश का गौरव बढ़ाने वाली अपनी सांची, भीमबेटका तथा खजुराहो जैसी अमूल्य धरोहरों के संरक्षण का संकल्प लें। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि यूनेस्को द्वारा भोपाल में विश्व धरोहर पर आयोजित उच्च क्षेत्रीय सम्मेलन में पधारे बांग्लादेश, भूटान, मालदीव, नेपाल और श्रीलंका के विशेषज्ञों, शिक्षाविदों और प्रबुद्धजनों का प्रदेश में आत्मीय स्वागत है। इस सम्मलेन के निष्कर्षों से धरोहरों के संरक्षण व संवर्धन के ध्येय को नई दिशा व गति मिलेगी।



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज दिल्ली में गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के चिंतन शिविर की अध्यक्षता कर रहे हैं। चिंतन शिविर का उद्देश्य मंत्रालय के काम की समीक्षा करना और पीएम मोदी के विजन 2047 को लागू करने के लिए एक कार्य योजना तैयार करना है। चिंतन शिविर में दो सत्रों में चर्चा हो रही है।

# 24 घंटे में 7633 नए मामले सामने आए, 11 मौतें

## एक्टिव केस 61 हजार

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना के मामलों में लगातार चौथे दिन गिरावट दर्ज की गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक पिछले 24 घंटे में 7 हजार 633 नए मामले सामने आए हैं, जबकि 11 लोगों की मौत हुई है। एक्टिव केस का आंकड़ा 61 हजार 233 हो गया है।

इससे पहले रविवार को 9 हजार 111 नए संक्रमित आए थे, जबकि 27 लोगों की मौत हुई थी। शनिवार को 10,093 और शुक्रवार को 10,753 नए केस दर्ज किए गए थे। सबसे ज्यादा 11 हजार से ज्यादा केस 13 अप्रैल को दर्ज किए गए थे। इस दिन सबसे ज्यादा 29 मौतें भी हुई थीं।

सोमवार को रिकवरी रेट भी 98.68त्न रहा। यानी 98 फीसदी की रेट से लगातार लोग ठीक हो रहे हैं। ऐसे में एक्टिव केस का लोड बहुत ज्यादा नहीं है। राज्यों में केरल (1528) और दिल्ली में (1017) डेली केसेस सबसे ज्यादा हैं। वहीं एक्टिव केस के मामले में केरल (19,714) के बाद महाराष्ट्र (6087) दूसरे नंबर पर है।



पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की अध्यक्षता में पीसीसी में प्रशासनिक अत्याचार प्रतिरोध कमेटी की बैठक हुई।



गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा की मौजूदगी में सीताराम बाथम ने मध्यप्रदेश मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया। इस दौरान इंदौर विधायक रमेश मेंदोला और अन्य जन-प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# महाराष्ट्र में एक बार फिर आने वाला है राजनीतिक भूचाल? सुप्रिया सुले के बयान से मची खलबली

**मुंबई।** महाराष्ट्र में सियासत एक बार फिर से उबाल मारने लगी है। अजित पवार एनसीपी के 53 में से 30 से ज्यादा समर्थक विधायकों के साथ बीजेपी में शामिल हो सकते हैं। एनसीपी चीफ शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले ने कहा है कि आने वाले दिनों में महाराष्ट्र और केंद्र की राजनीति में दो बड़े धमाके होने वाले हैं। सुले ने दावा किया है कि अगले 15 दिनों में दिल्ली और महाराष्ट्र दो राजनीतिक विस्फोट होने वाले हैं।

खबरों के मुताबिक, अजीत पवार की अगुवाई में एनसीपी के 30 से ज्यादा विधायक अब बीजेपी सरकार में शामिल हो सकते हैं। इस खबर ने खलबली मचा दी है।

# सेम सेक्स मैरिज पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई शुरू

**नई दिल्ली।** समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने की मांग वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई शुरू हो गई है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ इन याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है। सुनवाई के दौरान वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि इस मामले में सरकार का पक्ष सुना जाना चाहिए। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट को अवगत कराया कि केंद्र ने इस मामले में याचिका दायर कर कोर्ट में इस मामले की विचारणीयता पर आपत्ति जताई है।



सॉलिसिटर जनरल की दलील पर मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि हम आने वाले चरण में केंद्र की दलील भी सुनेंगे। बता दें कि समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में 15 याचिकाएं दायर हुई हैं। जिन पर आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हो रही है। हालांकि सोमवार को केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में आवेदन देकर कहा कि शादी एक सामाजिक संस्था है और इस पर किसी नए अधिकार के सृजन या संबंध को मान्यता देने का अधिकार सिर्फ विधायिका के पास है और यह न्यायपालिका के अधिकार क्षेत्र में नहीं है। केंद्र सरकार ने ये भी कहा कि समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने की मांग वाली याचिकाएं सिर्फ शहरी अभिजात वर्ग के विचारों को दर्शाती हैं, इसे पूरे देश के नागरिकों का विचार नहीं माना जा सकता।

# सड़क हादसे में कांग्रेस पार्षद सहित तीन की मौत

**धार।** भीषण हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में सरदारपुर के कांग्रेस पार्षद भी शामिल हैं। हादसा इंदौर-अहमदाबाद फोरलेन पर हुआ। रात करीब 3 बजे पार्षद अपने दोस्तों के साथ जा रहे थे, तभी आगे चल रहे ट्रॉले में उनकी कार जा घुसी। इसके बाद भी ट्रॉला चलता रहा और कार को करीब 150 मीटर तक घसीटता हुआ ले गया। इसी बीच फोरलेन पर



खड़े कुछ लोगों ने वाहन को हाथ देकर रोका और हादसे के बारे में बताया। हादसे की जानकारी मिलते ही स्ष्ठह्रक्क सरदारपुर रामसिंह मेडा और टीआई प्रदीप खन्ना मौके पर पहुंचे और शवों को बाहर निकाला गया। शव वाहन में बुरी तरह फंस गए थे, करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद शवों को बाहर निकाला जा सका। हादसे के बाद वाहन चालक फरार हो गया। ट्रॉले को क्रेन की मदद से फोरलेन से हटाया गया। उधर एक्सीडेंट के बाद कार पिचककर चकनाचूर हो गई।

# कांग्रेस ने उठाई जातिगत जनगणना के आंकड़े जारी करने की मांग

**भोपाल।** प्रदेश में इस साल होने जा रहे विधानसभा चुनाव से पूर्व कांग्रेस ने जातिगत जनगणना का मुद्दा उठाया है। पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरुण यादव ने 2011 में हुई जातिगत जनगणना के आंकड़े जारी करने के साथ 50 प्रतिशत आरक्षण की सीमा को समाप्त करने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने जनगणना के साथ जातिगत जनगणना भी कराई थी। इसके आंकड़े अब तक सार्वजनिक नहीं किए गए हैं। देश में 56 प्रतिशत से अधिक आबादी पिछड़ा वर्ग की है लेकिन उसे न्याय नहीं मिल रहा है।

यादव ने मंगलवार को भोपाल में आयोजित पत्रकारवार्ता में कहा कि पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने जनता से जुड़े इस मुद्दे को उठाया है। प्रधानमंत्री पिछड़ों की बात तो करते हैं पर वास्तव में किया कुछ भी नहीं है। कांग्रेस के समय जो जातिगत जनगणना कराई गई थी, उसके आंकड़े सार्वजनिक करने पर रोक लगाकर रखी है। अब तक जारी नहीं किए हैं। आखिर इसमें समस्या क्या है। इसे क्यों छुपाया जा रहा है। 50 प्रतिशत आरक्षण की सीमा को समाप्त क्यों नहीं किया जा रहा है। देश में पिछड़ों की आबादी 56 प्रतिशत से अधिक है, इनके लिए सरकार को एजेंडा क्या है, वह तो बताया जाए। वहीं, पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल ने कहा कि देश में किस वर्ग की कितनी आबादी है, यह जानना हमारा अधिकार है। कांग्रेस ने 27 प्रतिशत आरक्षण पिछड़ा वर्ग को दिया लेकिन इसका लाभ किसी को नहीं मिला। मध्य प्रदेश में इस वर्ग से तीन-तीन मुख्यमंत्री बने लेकिन केवल पिछड़ा वर्ग के अधिकार छीनने का काम किया। 27 प्रतिशत आरक्षण का मामला कोर्ट-कचहरी में ही उलझा हुआ है। इसके कारण प्रतियोगी परीक्षाएं अटकी हुई हैं।बेरोजगार परेशान हो रहे हैं। पंचायत और नगरीय निकाय चुनाव में भी आरक्षण को अटकाने का काम भाजपा ने किया और आरोप कांग्रेस पर लगाया जाता है। पिछड़ा वर्ग को 14 प्रतिशत हो या फिर 27 प्रतिशत आरक्षण देने का काम कांग्रेस सरकार ने किया था।



# पुलिस पर प्रताड़ना का आरोप लगाकर दंपत्तिने जहर खाया, गंभीर

**कटनी।** कटनी में पति-पत्नी ने जहर खाकर जान देने की कोशिश की है। घटना मंगलवार सुबह बड़वारा थाना इलाके की है। पुलिस पर प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए दोनों ने जहर खा लिया। गंभीर हालत में उन्हें एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मंगलवार सुबह महिला ने दम तोड़ दिया। वहीं पति की हालत गंभीर बनी हुई है। परिवार का आरोप है कि घर में चोरी हुई थी। पुलिस आरोपियों को पकड़ने की जगह पीड़ितों को ही प्रताड़ित कर रही है। बड़वारा थाना प्रभारी अंकित मिश्रा का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। प्रताड़ना की बात गलत है।

# मौसम: लौटिए, पूर्वजों की संस्तुति की ओर

**प्रतिदिन विचार -राकेश दुबे**




बीते कल भोपाल बेहद गर्म था। तापमान 40 डिग्री को पार कर गया था, महसूस ज़्यादा हो रहा था। अब हमें बिना न-नुकुर इस हकीकत को स्वीकार लेना चाहिए कि जलवायु परिवर्तन के घातक प्रभावों ने हमारे जीवन को गहरे तक प्रभावित कर दिया है। इस माह के आरंभ में जहां लोग वातावरण में ठंड महसूस कर रहे थे, पहाड़ों में बर्फबारी हो रही थी और मैदानों में ओला व वर्षा जारी थी। वहीं पिछले कुछ दिनों में मौसम अचानक बदला और बात पारे के अनपेक्षित रूप से ऊपर जाने की भी सामने आ गई है। यहां तक कि मौसम विज्ञानी दिल्ली सहित कई राज्यों में लू की चेतावनी देने लगे हैं। निस्संदेह, मौसम में बदलाव कुदरत का नियम है। ठंड के बाद गरमी और गरमी के बाद बरसात कुदरत के शाश्वत नियम हैं। लेकिन यह परिवर्तन निर्धारित समय के साथ धीरे-धीरे होता है। जिसमें मानव शरीर धीरे-धीरे उसके अनुकूल खुद को ढाल लेता है। ऐसा ही फसलों व फलों के वृक्षों का भी है, वे मौसम के अनुसार ही खिलते और फलते हैं। अंतिम वैज्ञानिक शोध निष्कर्ष बाद में आएं, लेकिन हमारी फसलों की गुणवत्ता व मात्रा में इस अप्रत्याशित मौसम से गिरावट दर्ज की जा रही है। मानव जाति के लिये यह चेतावनी है कि कुदरत का अंधाधुंध दोहन बंद करके अपनी विलासिता पर लगाम लगाए ताकि वातावरण में तापमान नियंत्रित रह सके। जिससे हम ग्लोबल वार्मिंग के खतरों से बच सकें। अप्रत्याशित मौसम बदलाव का असर जहां हमारी खाद्य सुरक्षा को जोखिम में डाल रहा है, वहीं तमाम तरह की बीमारियों का भी जन्म हो रहा है।

हक़ीक़त में बढ़ती आबादी की जरूरतों को पूरा करने तथा मनुष्य की पैसा कमाने की हवस ने हमारे खाद्यान्नों व फल-सब्जियों में इतने रासायनिक पदार्थ भर दिये हैं कि आम आदमी की जीवनी शक्ति लगातार कमजोर होती जा रही है। जिसके चलते हमारा शरीर मौसम की तीव्रता को झेल पाने में सक्षम नहीं हो पाता। दो मौसमों के संधि काल में ज्यादातर लोग फ्लू आदि बीमारियों के शिकार होते रहे हैं। कोरोना संक्रमण भी कमोबेश उन्हीं लक्षणों को दर्शाता है जो मौसम में बदलाव के दौरान आम समय में उभरते रहे हैं। दरअसल, असली खोट हमारी जीवन शैली व खानपान में है।

पहले कहा जाता था कि मौसम नहीं बल्कि गरीबी मारती है। हर साल गर्मी में लू से, ठंड में शीतलहर से और वर्षा ऋतु में बाढ़ से सिर्फ गरीब ही मरता है, लेकिन अब देखने में आ रहा है कि वातानुकूलित वातावरण में रहने वाली तथा पिज्जा-बर्गर खाने वाली पीढ़ी ज्यादा मौसमी बदलावों के प्रभाव की शिकार हो रही है। विडंबना यह है कि हमने शरीर की जीवनी शक्ति कृत्रिम शक्तिवर्धक पदार्थों व रासायनिक दवाओं में तलाशनी शुरू कर दी है। वैसे सर्वमान्य बात यह है कि हमारे सेहतमंद रहने का सिर्फ और सिर्फ एक ही उपाय है कि हम जितना प्रकृति के करीब रहेंगे, अपने आसपास पैदा होने वाले फल, सब्जी व अनाज का उपयोग करेंगे, उतना स्वस्थ होंगे। हर शहर व कस्बे की भौगोलिकता व हवा-पानी के अनुसार जिन खाद्यान्न व फलों को खाने की संस्तुति हमारे पूर्वजों ने की थी, उसका सीधा संबंध मौसम के बदलाव के दौरान हमारे स्वास्थ्य की रक्षा से जुड़ा है।



भोपाल विकास प्राधिकरण अंजली कॉन्प्लेक्स योजना के निवासियों द्वारा श्रीमती बृजलासचान के नेतृत्व में प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री अनिल अग्रवाल लिली से भेंट की उनके द्वारा प्राधिकरण की पुनर्घनतवीकरण योजना के अंतर्गत अंजली कॉम्प्लेक्स को शामिल करने का अनुरोध किया उल्लेखनीय है कि प्राधिकरण द्वारा अपने 30 वर्ष पुरानी योजनाओं में निर्मित आवासीय प्रकोष्ठ को तोड़कर नये आवासीय प्रकोष्ठ निर्मित किए जाएंगे इसमें रहवासियों की सहमति आवश्यक है प्राधिकरण द्वारा अपनी अंजलि कंपलेक्स, अजंता कंपलेक्स अर्चना कॉम्प्लेक्स योजना के अंतर्गत चयनित किया गया है उक्त योजना में श्री मनोज जाट कर्मवीर सिंह सौरभ मित्तल बाबूलाल यादव सुरेंद्र राठौर मनोज वैद्य और अधीक्षण यंत्री श्री सुरेश मिश्रा जी भी उपस्थित थे




आज 18 अप्रैल विश्व धरोहर दिवस है। हमारी धरोहर कयी प्रकार की होती है। स्मारक एवं पुरास्थल धरोहर तो है ही, परंतु कयी धरोहर ऐसी भी होती है जो हमारे घरों में भी होती है जिनका हम महत्व समझ नहीं पाते हैं। हमें वह भी सुरक्षित रखना है। पुराने सिक्के, विभिन्न प्रकार के धातुओं के पात्र, पत्राचार, पुरानी पुस्तकें, पुराने अखबार, मिट्टी के पात्र इत्यादि। इसके साथ ही हमारी पुरानी परंपराएं, खानपान, आभूषण, ये सभी हमारी धरोहर है इन्हें भी सुरक्षित रखना है। अतः सभी साथियों से अनुरोध है घरों में रखी हमारे पूर्वजों की सामग्री सम्हाल कर रखें ताकि हमारे पूर्वजों का इतिहास सुरक्षित रह सके। -

**राजेंद्र कोठारी , समाजसेवी**

# प्रधानमंत्री को ओपीएस के समर्थन में ज्ञापन भेजा

भोपाल। मध्यप्रदेश कर्मचारी मंच ने आज भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पुरानी पेंशन योजना ओ पी एस लागू करने की मांग के समर्थन में ज्ञापन भेजा है साथ ही मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को ओ पी एस लागू करने की मांग का ज्ञापन सौंपा है तथा मांग करी है प्रदेश में कर्मचारियों के आंदोलन को देखते हुए तत्काल एनपीएस समीक्षा समिति की बैठक बुलाकर ओ पी एस लागू करने का निर्णय लिया जाए।

मध्यप्रदेश कर्मचारी मंच के प्रांत अध्यक्ष अशोक पांडे ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया है कि पूरे मध्यप्रदेश में एनपीएस धारक कर्मचारी ओ पी एस पुरानी पेंशन योजना लागू करने की मांग के समर्थन में आंदोलन कर रहा है कल पूरे मध्यप्रदेश में न्याय मार्च निकालकर की मांग में के समर्थन में आंदोलन किया गया आज पूरे मध्यप्रदेश में प्रधानमंत्री एवं मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा गया है देश का 80 लाख कर्मचारी और प्रदेश का 5,50 लाख कर्मचारी ओ पी एस लागू करने की मांग कर रहा है लेकिन मांग संवैधानिक होने के बावजूद भी सरकार मंजूर नहीं कर रही है जिससे कर्मचारियों में असंतोष बढ़ता जा रहा है सरकार एनपीएस समीक्षा समिति गठित करके मौन हो गई है एनपीएस समीक्षा समिति की बैठक आज तक नहीं हुई है इसलिए आज भारत के प्रधानमंत्री एवं मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर मांग की गई है कि एनपीएस समीक्षा समितियों की बैठक तत्काल बुलाकर पुरानी पेंशन योजना ओ पी एस लागू करने का निर्णय लिया जाए अन्यथा देश एवं प्रदेश में कर्मचारी उग्र आंदोलन का रास्ता अपना आएगा कर्मचारियों ने देश भर में ओ पी एस के समर्थन में मतदान महादान अभियान चलाने का निर्णय भी लिया है जिसकी शुरुआत देश के कर्मचारी कर्नाटक राज्य से करेंगे।

# संस्कार वेलफेयर सोसायटी ने प्रतिभाओं को किया सम्मानित



**संत हिरदाराम नगर।** संस्कार वेलफेयर सोसाइटी द्वारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के 132वें जन्म उत्सव कार्यक्रम के अवसर पर प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 200 से अधिक प्रतिभागी उपस्थित थे जिन्होंने शिक्षा,खेलकूद एवं संगीत में अपना उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया है। इस अवसर पर नगर पालिक निगम के अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी के द्वारा स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

सोसायटी के अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण सिकरवारे एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष रोहित चिंघारिया ने बताया कि 2013 से यह कार्यक्रम निरंतर आयोजित किया जा रहा है सोसाइटी के द्वारा अब तक पांच हजार प्रतिभागियों का सम्मान किया जा चुका है प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम में बीए, बीकॉम, एमएससी, एमटेक, एलएलबी, इंजीनियरिंग, एमबीबीएस के छात्र-छात्राएं, पावरलिफ्टिंग में एकलव्य अवार्ड से सम्मानित ध्रुवराज कुरे, पावरलिफ्टिंग में गोल्ड मेडल से सम्मानित श्रुति बेन एवं संगीत में प्रदेश स्तर पर सम्मानित कई छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में सोसाइटी के संस्थापक अवध नारायण जरेलिया, कार्यक्रम में विशेष अतिथि राष्ट्रपति अवार्ड से सम्मानित पदम श्री दुर्गाबाई व्याम उपस्थित थी जिन्होंने कार्यक्रम को संबोधित भी किया।

## पशुपालकों के लिए संचालित है आचार्य विद्यासागर योजना

**भोपाल ।** पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा बेरोजगार युवाओं के लिए आचार्य विद्यासागर गौ-संवर्धन योजना संचालित की जा रही हैं। योजना का उद्देश्य दुग्ध उत्पादन और हितग्राहियों की आर्थिक स्थिति में सुधार के साथ रोजगार के अवसर प्रदान करना है। योजना में पशुपालक 10 लाख रूपये तक के 5 या इससे अधिक पशु स्वीकृत करा सकते हैं। लागत की 75 प्रतिशत राशि बैंक ऋण द्वारा और शेष राशि मार्जिन मनी की व्यवस्था हितग्राही को स्वयं के अंशदान से करनी होती है। इकाई लागत के 75 प्रतिशत पर या हितग्राही द्वारा बैंक से प्राप्त ऋण पर जो भी कम हो 5 प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर से ब्याज की प्रतिपूर्ति 7 वर्षों तक पशुपालन विभाग द्वारा की जाती है।



**भोपाल। महापौर मालती राय ने स्मार्ट सिटी गोविंदपुरा स्थित कंट्रोल रूम में महिला महापौर हेल्पलाइन की समीक्षा की तथा शिकायतों की जानकारी प्राप्त कर लाभार्थियों से फीडबैक लिया साथ ही अधिकारियों को 24 घंटे में समस्या हल करने हेतु आदेशित किया।**

# सीहोर और पांच जिलों से 200 टन महुआ लंदन निर्यात होगा

**सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल**

वन विभाग के सहयोग से मध्यप्रदेश राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ की प्रतिबद्धता और अथक प्रयासों से सीहोर सहित अन्य पांच जिलों से 200 टन महुआ 110 रूपये प्रति किलो के भाव से लंदन निर्यात किए जाने का अनुबंध हुआ है । यह अनुबंध पिछले साल के अंत में 9वें अंतर्राष्ट्रीय वन मेला में लंदन की मेसर्स ओ फारेस्ट की भारतीय इकाई मधुवन्या के साथ हुआ राज्य लघु वनोपज संघ के प्रबंध संचालक पुष्कर सिंह ने बताया कि महुआ से पृथक से तीन गुना मुनाफा प्राप्त होगा। अनुबंधित महुआ की आपूर्ति वर्ष 2023 में की जाएगी। इसके लिए सीहोर के अलवा नर्मदापुरम, उमरिया, अलीराजपुर, सीधी और खण्डवा जिला यूनियन के साथ एग्रीमेंट साइन किए जा रहे है। वनमंडल में महुआ का न्यूनतम समर्थन मूल्य 35 रूपये प्रति किलो है। लघु वनोपज की इस अद्भुत पहल से 35 रूपये प्रति किलो का महुआ 110 रूपये प्रति किलो की दर से निर्यात किया जाएगा। लघु वनोपज संघ द्वारा खाद्य ग्रेड महुआ को नेट के माध्यम से संग्रहित कराया जाएगा। इसके लिए संग्राहकों को प्रक्रिया का प्रशिक्षण भी दिया गया है। संग्राहकों को नेट वितरण जिला यूनियन से होगा। इस विधि से संग्रहित महुआ का फूल मिट्टी और खरवतवार रहित होते है। इससे गुणवत्ता पूर्ण महुआ संग्रहण करने से बाजार में उनकी खासी कीमत प्राप्त होती है।

# लाड़ली बहना योजना के साथ गेंहू खरीदी केंद्रों का निरीक्षण करें: कलेक्टर

**भोपाल ।** कलेक्टर आशीष सिंह ने एसडीएम सहित सभी अधिकारियो को निर्देश दिए है कि गेंहू खरीदी केंद्रों का प्रतिदिन निरीक्षण करे और अपने क्षेत्रों की खरीदी की स्थिति की जानकारी से अपडेट रहे। कलेक्टर आशीष सिंह ने कलेक्टर कार्यालय में अधिकारियों की टी एल बैठक में कहा कि लाडली बहना योजना में अधिक से अधिक बहनों का पंजीयन कराना सुनिश्चित करें इसके लिए नगर निगम और पंचायत क्षेत्र में पंजीयन केंद्रों का निरीक्षण कर समस्याओं का निराकरण करे। कलेक्टर श्री सिंह ने जिले के सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि टी एल बैठक में आए आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई की जाए । सीएम हेल्पलाइन में आए आवेदनों की जानकारी अधिकारियों को होना आवश्यक है । इसके लिए निरंतर हेल्पलाइन को चेक करते रहे और प्रतिदिन की रिपोर्ट बनाए जिससे जनता को समस्याओं का निराकरण समय सीमा में किया जा सके । टी एल बैठक में उपस्थित अधिकारियो से विभागीय आवेदनों पर भी करवाई करने के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में दौरे के दौरान ग्राम पंचायत और गेंहू खरीदी केंद्रों का आवश्यक रूप से निरीक्षण

## आयुष्मान भारत योजना में मिलेगी निःशुल्क चिकित्सा

**भोपाल ।** मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में पंजीकृत भवन संनिर्माण श्रमिकों एवं उनके परिवार के सदस्यों के लिए आयुष्मान भारत योजना में निःशुल्क चिकित्सा का प्रावधान किया गया है । श्रम विभाग ने बताया कि जिले में श्रमिकों का पंजीयन कर आयुष्मान भारत योजना में निःशुल्क चिकित्सा का लाभ दिया जा रहा है। इस योजना में प्रत्येक परिवार को प्रति व्यक्ति वर्ष में 5 लाख रूपए तक निःशुल्क इलाज किया जा रहा है।

# ग्राम पंचायत मेंडोरी में योजनाओं का लाभ दिलाने विशेष प्रयास



**सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल**

राजधानी के समीप स्थित ग्राम पंचायत मेंडोरी में हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए विशेष प्रयास किया जा रहा है ग्राम सरपंच श्रीमती जागृति पाल के द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ ग्राम के हितग्राहियों को मिले ग्राम के समाजसेवी कृष्णकांत पाल बताते हैं कि शासन की योजनाओं के लिए आवश्यक दस्तावेज होने जरूरी होते हैं इसलिए ग्राम पंचायत में विशेष प्रयास किया जा रहा है की सभी ग्राम वासियों के पास आवश्यक दस्तावेज राशन कार्ड समग्र आईडी आधार अपडेट यह सभी कागजात पूरे हो इसके लिए कैंप लगाकर सभी ग्राम वासियो के आवश्यक कागज तैयार किए जा रहे हैं जिससे शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं से ग्राम के सभी हितग्राही लाभान्वित हों समाजसेवी कृष्णकांत पाल बताते हैं कि पूरे भोपाल जिले में शायद यह ऐसी ग्राम पंचायत है जहां प्रतिदिन सुबह 11ः00 बजे ग्राम पंचायत का दफ्तर खुल जाता है और रविवार को भी पंचायत का दफ्तर खुलता है जिससे ग्राम वासियों को सुविधा बनी रहती है ग्राम पंचायत मेंडोरी राजधानी के अत्यंत समीप है इसलिए यहां पर जरूरी मूलभूत सुविधाएं पक्की सड़क पेयजल आदि की अच्छी व्यवस्था है डिंडोरी ग्राम की सरपंच जागृति पाल के नेतृत्व में पिछले सात-आठ महीनों में इस ग्राम पंचायत में विकास के कार्य तो हुए ही है साथ ही ग्राम वासियों को शासन की सभी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए भी विशेष प्रयास किए गए।

# महाविद्यालय का सही चुनाव निर्धारित करता है छात्राओं का भविष्य: सिद्ध भाऊ

## नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल में आशीर्वाद समारोह का आयोजन

**सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल**

नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल के सभागार में सत्र 2022- 23 की कक्षा 12वीं की छात्राओं के लिए आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ भारती ,माँ सरस्वती एवं संत शिरोमणि संत हिरदाराम साहिब के छाया चित्रों के सम्मुख दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में शहीद हेमू कालानी एजुकेशनल सोसायटी के अध्यक्ष सिद्ध भाऊ, उपाध्यक्ष हीरो ज्ञानचंदानी, सहसचिव के.एल. रामनानी, जीव सेवा संस्थान के सचिव महेश दयारामानी अकादमी निदेशक गोपाल गिरधानी, विद्यालय की प्राचार्य सुअमृता मोटवानी ,उपप्राचार्य सुरेखा केवलानी एवं अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं के अतिरिक्त विशेष अतिथि के रूप में पधारी कक्षा 12वीं की छात्राएं उपस्थित हुईं। विद्यालयीन शिक्षा पूर्ण करके उच्च शिक्षा की ओर अग्रसर होने से,छात्राओं के हृदय में भावुकता एवं नए उत्साह का समावेश था। कक्षा 12वीं की छात्राओं को संबोधित करते हुए श्रद्धेय सिद्ध भाऊजी ने अपने आशीर्वचनों में कहा कि विद्यालय में अर्जित किए गए ज्ञान व शक्ति का प्रयोग विद्यार्थी जीवन भर करते हैं। विभिन्न सत्रों के माध्यम से सिखाई गई सभी बातों का आप अनुसरण करें। अपने माता-पिता तथा गुरुजनों पर पूर्ण निष्ठा एवं श्रद्धा रखकर सदा उनके लिए हृदय में सम्मान व कृतज्ञता का भाव रखें , ताकि आप जीवन की हर कठिन परिस्थिति का सामना कर सकें। हमेशा अच्छा पढ़ें, देखें और सुनें जिससे आपके मन में सकारात्मक विचार उत्पन्न हों, किसी भी तरह की नकारात्मकता आपके मन में न आए। अच्छी तरह से पढ़ाई करने के लिए तन- मन दोनों का स्वस्थ रहना जरूरी है। तन को स्वस्थ रखने के लिए घर का बना खाए। बाजार की बिकने वाली नकली व मिलावटी चीजों का सेवन न करें। भूख से कम खाएं।




के.एल.रामनानी ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि जन्म के पश्चात माता-पिता ही गुरु होते हैं ,तत्पश्चात विद्यालय में मिले गुरुजनों के मार्गदर्शन में बच्चे सीखते हैं। विद्यालय में व्यवहारिक ज्ञान तथा किताबी ज्ञान सीखते हैं और अंत में आध्यात्मिक गुरु परम -पिता परमेश्वर की ओर ले जाने का मार्ग दिखाते हैं।

बारहवीं कक्षा की छात्राओं के व्यक्तित्व की विशेषताओं तथा व्यवहार को देखते हुए विद्यालय की परंपरानुसार उन्हें विभिन्न टाइटल एवं शुभकामना कार्ड दिए गए 7 इस क्रम में हिना जैन को मिस नवनिध, प्रियंका पेसवानी को मिस आलराउंडर, कुमारी अंशी पांडे को मिस ऑरेटर, नंदिनी शर्मा को मिस डेलीजेंट, हर्षिता सिंह को मिस ओबेडिएंट, वंशिका भास्कर को मिस स्पोर्टी, महक हसानी को मिस क्रिएटिव, संदली गोसाईं एवं सृष्टि वाधवानी को मिस चीयरफुल, कुमारी स्नेहा मोहनानी को मिस टेक्नो सेवी, खुशी लखवानी एवं नैया पाठक को मिस पोलाइट, तान्या सेन को मिस पोएट्स, पर्ल रामचंदानी को मिस मेलोडियस , नंदिता गर्गायन एवं भावना गनवानी को मिस बेलेरीना, कुमारी कोमल वाधवानी को मिस फोक्सड, कनन टेहलरामानी को मिस कर्टियस, प्राची मांगतानी को मिस प्रेसिसटेंट, भूमिका गनवानी को मिस हैल्प फुल, अंजली गोस्वामी को मिस विटी, कुमारी महक परदासानी को मिस मॉडेस्ट, वीनल रामचंदानी को मिस सिरीन , गायत्री सचदेव को मिस रेगुलर एवं प्रियांशी कल्याणी को मिस एविड रीडर का टाइटल दिया गया।

पिछले सत्र (2022 -23) की कक्षा 12वीं की छात्राओं कोमल वाधवानी, हर्षिता सिंह एवं कुमारी कशिश सोनी ने विद्यालय में बिताए हुए समय की मधुर यादों तथा मन के भावों को सुंदर कविताओं व भाषण के माध्यम से प्रस्तुत किया 7 विद्यालय की उप कप्तान कुमारी उन्नति जोशी ने सभी सीनियर्स को अपनी शुभकामनाएँ देते हुए अपने सीनियर्स के प्रति विचार साझा किए। कक्षा 11वीं की छात्राओं, गौरी मनेरिया, लवीशा बनवानी एवं सिमरन आजवानी ने विद्यालय की शिक्षिका सुदीप्ति बिसारिया के निर्देशन में कार्यक्रम का कुशल संचालन किया ।

धरा पर प्रकाश.....



भोपाल। धरा पर उतरने को आतुर आकुल प्रकाश की किरणें। छायांकन: जगदीश कौशल भोपाल

# खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना पर कार्यशाला आयोजित

**सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल**

मिलेट मिशन के तहत दो मिलेट प्रोसेसिंग उद्योग जावद कृषि उपज मंडी परिसर में स्थापित किए जायेंगे जिससे प्रेरणा लेकर सैकड़ों किसान भी खाद्य प्र-संस्करण उद्योग लगाएं। एमएसएमई मंत्री ओमप्रकाश सखलेचा ने सोमवार को जावद में खाद्य प्र-संस्करण उद्योगों की स्थापना पर आधारित दो दिवसीय कार्यशाला एवं उन्नत कृषकों की संगोष्ठी के समापन समारोह को सम्बोधित करते हुए यह बात कही। इस मौके पर सांसद सुधीर गुप्ता, सीएफटीआरआई मैसूर की संचालक डॉ. श्रीदेवी अन्नपूर्णा सिह एंव वैज्ञानिकों का दल, ईएण्डवाय के प्रतिनिधि सुनील कुमार सांई अन्य जन-प्रतिनिधि, कृषि वैज्ञानिक एंव विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा बडी संख्या में किसान उपस्थित थे।

मंत्री सखलेचा ने कहा कि खाद्य प्र-संस्करण उद्योग स्थापित कर, किसान अपनी आमदनी चार गुना तक बढा सकते हैं। उन्होंने किसानों का आहवान किया कि वे कृषि वैज्ञानिकों ईएण्डवाय के प्रतिनिधियों, सीएफटीआरआई के वैज्ञानिकों से निरंतर संवाद कर, फूड प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित करने के संबंध में जानकारी हासिल करें। उन्होंने कहा कि कलस्टर में छोट-छोटे कृषि आधारित खाद्य प्र-संस्करण उद्योग स्थापित कर, अपनी कृषि आय को बढ़ाएं। एमएसएमई विभाग के ईएण्डवाय प्रतिनिधि सुनील कुमार सांई ने खाद्य प्र-संस्करण उद्योग स्थापना के लिए लगने वाली मशीनरी, आवश्यक लायसेंस, लागत, कच्चे माल की उपलब्धता, मार्केटिंग, पैकेजिंगआदि के बारे में विस्तार से बताया। उदयपुर से आये प्रकाश सारस्वत ने कांट्रेक्ट फार्मिंग, प्राकृतिक खेती, जैविक खेती, हर्बल आधारित उद्योग की स्थापना, मिलेट के खाद्य प्र-संस्करण उद्योग की स्थापना आदि के बारे विस्तार से बताया। सांसद सुधीर गुप्ता ने कहा, कि क्षेत्र का किसान, समृद्ध, प्रगतिशील और नई तकनीक, नई खेती को अपनाने वाला किसान है। क्षेत्र के किसान कृषि में नये-नये प्रयोग करते रहते हैं। समय के साथ किसानों को खाद्य प्र-संस्करण उद्योगों की स्थापना के लिए आगे आना होगा। फूड प्रोसेसिंग कर किसान बन्धु अपने उत्पाद से अच्छा लाभ अर्जित कर सकते है।

## आचार्य विद्यासागर महाराज के शिष्यों का हुआ मिलन, अनुष्ठान आज से



**भोपाल।** राजधानी के जैन मंदिरों में पाषाण से भगवान बनने का महा अनुष्ठान पंचकल्याणक महोत्सव का आयोजन हो रहा है। श्री नेमि नाथ दिगंबर जैन मंदिर नेमी नगर करोद में ध्वजारोहण के साथ अनुष्ठान प्रारंभ होगा पंचकल्याणक महोत्सव के लिए आचार्य विद्यासागर महाराज के शिष्य मुनि श्री निर्दोष सागर महाराज मुनि श्री निर्लोभ महाराज मुनि श्री निरुपम सागर महाराज नेमी नगर जैन मंदिर करोद पहुंचे यहां मुनि अजित सागर जी महाराज एलक दया सागर महाराज एलक विवेकानंद सागर महाराज से मिलन हुआ पंचकल्याणक महोत्सव समिति के प्रवक्ता अंशुल जैन ने बताया कार्यक्रम संयोजक मनोज इंजीनियर एमआर परिवार मंडप शुद्धि और अध्यक्ष विनोद एम पी टी परिवार ध्वजारोहण करेंगे बताया प्रात: 6 से गाजे बाजे के साथ घट यात्रा निकलेगी तत्पश्चात आयोजन स्थल सोफिया कॉलेज ग्राउंड बेरसिया रोड यह अयोध्या नगरी की रचना होगी।

# पूर्व राष्ट्रपति डॉ. राधाकृष्णन पुण्यतिथि और सेन महाराज जयंती पर कांग्रेसजनों ने किया उनका पुण्य स्मरण

**सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल**

देश के पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की 48 वीं पुण्यतिथि और संत शिरोमणि सेन महाराज की जयंती के अवसर पर कांग्रेसजनों ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आज दोनों महान विभूतियों के चित्रों पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष चंद्रप्रभाष शेखर ने कहा कि डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन भारतीय संस्कृति के संवाहक, प्रख्यात शिक्षाविद, महान दार्शनिक और एक आस्थावान हिन्दू विचारक थे, उनके इन्हीं गुणों के कारण भारत सरकार ने उन्हें सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से अलंकृत किया था। भारत वर्ष में 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस के रूप में उनका जन्मदिन मनाया जाता है। उन्होंने अपने लेखों और भाषणों के माध्यम से विश्व को भारतीय दर्शन शास्त्र से परिचित कराया। सारे विश्व में उनके लेखों की प्रशंसा की गयी।

इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारीगण सर्वश्री राजीव सिंह, प्रकाश जैन, महेन्द्र जोशी, जे.पी. धनोपिया, डॉ. महेन्द्र सिंह चौहान, गुरमीत सिंह मंगू, रवि सक्सेना, अवनीश बुंदेला, स्वदेश शर्मा, शहरयार खान, फरहाना खान, मप्र कांग्रेस केश शिल्पी अध्यक्ष विनोद सेन, पूर्व विधायक श्रीमती शीला त्यागी, महिला कांग्रेस की जमना मरावी, पूर्णिमा तिवारी, संजय कांवले, ज्ञानेन्द्र सिंह ज्ञानू (सिंगरौली), पुरूषोत्तम मुन्ना चौबे, गोर्वधन रायकवार, शरद पुरोहित, हेमराज रजक (सागर), शाहरूख सुलेमानी, ज्योति ठाकुर, प्रेमनारायण डिम्हा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता कार्यक्रम एवम कार्यक्रम समन्वयक आनंद तारण ने कार्यक्रम का संचालन किया, वहीं मप्र कांग्रेस केश शिल्पी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष विनोद सेन ने उपस्थित कांग्रेसजनों का आभार व्यक्त किया।



## हुआ महिला समन्वय का शक्ति समागम






भोपाल। महिला समन्वय का शक्ति समागम सोमवार को पीपुल्स मॉल में आयोजित किया गया। जिसमें स्वदेशी जागरण मंच की मध्य भारत प्रान्त की महिला इकाई की भोपाल टीम ने 2000 स्वदेशी पत्रक बांटने का लक्ष्य रखा था। ईश्वर की कृपा से विभिन्न संगठनों, संस्थाओं और प्रबुद्ध जन 2000 बहनें वहाँ पधारी थी। सभी को हमारी सहयोगी बहनें ने स्वदेशी पत्रक बाटें।




भोपाल। स्वदेशी वस्तु प्रयोग करने एवं विदेशी वस्तु के त्याग की दिशा में कदम उठाते हुए पूर्व महापौर एवं वर्तमान विधायक कृष्णा गौर से स्वदेशी जागरण मंच की ओर से भेंट की।

## देश में सर्वाधिक क्रेडिट कार्ड मध्यप्रदेश के पशुपालकों को

भोपाल। पशुपालन एवं डेयरी मंत्री श्री प्रेमसिंह पटेल ने बताया कि मार्च 2023 तक देश में सर्वाधिक 2 लाख 36 हजार 331 किसान क्रेडिट कार्ड मध्यप्रदेश के पशुपालकों को उपलब्ध करवाये गये। प्रदेश में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों से पशुपालन के लिए शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर 2 लाख रूपये तक कार्यशील पूँजी केसीसी में उपलब्ध करवाई जा रही हैं। राज्य शासन द्वारा योजना में 01 प्रतिशत सामान्य और समय पर भुगतान करने पर 04 प्रतिशत अतिरिक्त ब्याज अनुदान सहायता दी जाती है।

# विरासत, देश और लोगों की पहचान को परिलाक्षित करती है: योग गुरु अग्रवाल

**विश्व विरासत दिवस**

**सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल**

आदर्श योग आध्यात्मिक केंद्र स्वर्ण जयंती पार्क कोलार रोड़ भोपाल के संचालक योग गुरू महेश अग्रवाल ने बताया कि विश्व धरोहर दिवस अथवा विश्व विरासत दिवस प्रतिवर्ष 18 अप्रैल को मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य यह भी है कि पूरे विश्व में मानव सभ्यता से जुड़े ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों के संरक्षण के प्रति जागरूकता लाई जा सके। विश्व विरासत स्थल ऐसे खास स्थानों (जैसे वन क्षेत्र , पर्वत, झील, मरुस्थल, स्मारक, भवन, या शहर इत्यादि) को कहा जाता है, विरासत, देश और लोगों की पहचान को परिलाक्षित करती है। किसी भी व्यक्ति के लिए विरासत उसकी पहचान होती है। वह अपने समृद्ध विरासत के बल पर गौरव प्राप्त करता है। सांस्कृतिक विरासत जैसे रीति रिवाज, धर्म, संस्कृति, भाषा, संगीत, नृत्य, भवन,अभिलेख, सिक्के, रहन-सहन, खान-पान आदि ।

योग गुरु अग्रवाल ने कहा कि भारतीय ऋषि-मुनियों की देन योग भारत की एक अत्यंत प्राचीन विरासत है। आज योग को जीवन जीने की एक कला एवं विज्ञान के साथ-साथ औषधि रहित चिकित्सा पद्धति के रूप में लोकप्रियता मिल रही है। योगविद्या भारतवर्ष की सबसे प्राचीन संस्कृति और जीवन पद्धति है तथा इसी विद्या के बल पर भारतवासी प्राचीनकाल में सुखी, समृद्ध और स्वस्थ जीवन बिताते थे। पूजा-पाठ, धर्म-कर्म से शान्ति मिलती है और योगाभ्यास से धन धान्य, समृद्धि और स्वास्थ्य। भारत में सुख, समृद्धि, शक्ति और स्वास्थ्य के लिए हर व्यक्ति को योगाभ्यास करना चाहिए।

आधुनिक मनुष्य ने अनेक वैज्ञानिक अन्धविश्वास विकसित कर लिए हैं। उनसे हमें पीछा छुड़ाना है। कोई भी विचार बिना समझे-बूझे भी प्रचलित हो जाता है। योग को अपने जीवन में स्वीकार कीजिए। योग जीवन की एक पद्धति है और आने वाले कल की संस्कृति है। यह आवश्यक नहीं कि किसी मूर्ति पर ध्यान करने के लिए मन्दिर में जाएँ। जहाँ भी आप दृष्टि डालें, उत्कृष्ट समत्व के भाव से देखें।

सांसारिक उपलब्धियों के लिए भी आपको योग को अपनाना होगा। यह आपकी सांसारिक महत्त्वाकांक्षाओं को पूरा करेगा, और आपकी आध्यात्मिक प्यास भी मिटायेगा। चाहे आपको सुखद वैवाहिक जीवन, सुन्दर स्वास्थ्य, समृद्धि या आध्यात्मिक ज्ञान की कामना हो, योग आपकी सहायता करेगा। योग का प्रथम चरण है सन्तों का सत्संग और सद्ग्रन्थों का स्वाध्याय। इसकी चरम परिणति है समाधि। यदि आप योग का अभ्यास नहीं करेंगे तो आप सदा अशान्त रहेंगे। आपके आन्तरिक व्यक्तित्व में कुछ गड़बड़ी हो सकती है। भावनात्मक, पेशीय और मानसिक तनावों से मुक्ति का पहला और अन्तिम उपाय योगाभ्यास ही है। उसके बाद ही आपको सभी तनावों से मुक्ति मिलेगी और आप ऐसी स्थिति में पहुँच जायेंगे जहाँ आनन्द एवं हर्षातिरेक में कह उठेंगे- मैं सुखी हूँ, मैं सुखी हूं, मैं सुखी हूँ।

# उप निदेशक एम्स ने तरंग कार्यक्रम में दिया व्याख्यान



**सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल**

तरंग के दूसरे दिन एम्स के उप निदेशक प्रशासन कर्नल डॉ अजीत कुमार ने वेल-एडजस्टेड पर्सनालिटी के माध्यम से रक्षकों को सशक्त बनाना विषय पर छात्रों को मुख्य भाषण दिया।

यह वार्ता मेडिकल कॉलेज के एलटी3 मंन आयोजित की गई थी और इसमें बड़ी संख्या में छात्रों ने भाग लिया था। डॉ. कुमार ने स्वास्थ्य पेशेवरों के लिए एक अच्छी तरह से समायोजित व्यक्तित्व विकसित करने के महत्व पर जोर दिया। वार्ता में तनाव प्रबंधन, भावनात्मक बुद्धिमत्ता और प्रभावी संचार सहित कई विषयों को शामिल किया गया। डॉ. कुमार ने स्वस्थ और भली भांति समायोजित व्यक्तित्व के विकास में माइंडफुलनेस और आत्म-देखभाल की भूमिका के बारे में भी बात की। इस संबोधन को छात्रों ने खूब सराहा तथा इसे जानकारी पूर्ण और प्रेरक बताया । उन्होंने डॉ. कुमार द्वारा प्रदान की गई अंतर्दृष्टि और मार्गदर्शन की सराहना की और अपने व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन में चर्चा किए गए विचारों को लागू करने के लिए प्रेरित महसूस किया । छात्रों ने डॉ. कुमार को उनके समय और योगदान के लिए आभार व्यक्त किया ।

# सरकार का संकल्प है पात्र हितग्राही को घर के नजदीक ही मिले सुविधाएं : ऊर्जा मंत्री तोमर

**3 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया**

**सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल**



सरकार का संकल्प है कि हर पात्र हितग्राही को घर के नजदीक ही शासन की योजनाओं का लाभ मिले। इस बात को ध्यान में रख कर उपनगर ग्वालियर में विकास यात्रा से घर-घर जाकर आमजन की समस्याओं का निराकरण मौके पर ही किया जा रहा है। साथ ही मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में बहनों के ईकेवायसी और फॉर्म भरने का कार्य भी किया जा रहा है। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने यह बात शहर के वार्ड-5 में निकली विकास यात्रा के दौरान कही।

तोमर ने विकास यात्रा के दौरान 3 करोड 38 लाख रूपये के विकास कार्यों की सौगातें दी। इनमें 2 करोड 30 लाख रूपये लागत के भूमि-पूजन एवं एक करोड 8 लाख रूपये लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण शामिल है। ऊर्जा मंत्री तोमर ने आमजन से मिल कर उनकी समस्याओं को सुना तथा मौके पर निराकरण भी कराया। उन्होंने शेष समस्याओं को समय-सीमा में निराकृत करने के निर्देश दिए। इस दौरान हुई नुक्कड़ सभाओं में ऊर्जा मंत्री तोमर ने कहा कि आमजन को बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ घर के नजदीक मिलें, इसके लिए प्रत्येक वार्ड में संजीवनी क्लीनिक खोली जा रही हैं। उन्होंने कहा कि उपनगर ग्वालियर में मोतीझील रोड एवं नाले का निर्माण कार्य जारी है। साथ ही विभिन्न कॉलोनियों में आज जिन सडकों का भूमि-पूजन किया गया है, उनका निर्माण कार्य शीघ्र ही चालू हो जाएगा। ऊर्जा मंत्री तोमर ने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने माताओं-बहनों की चिंता करते हुए मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना शुरू की है। इस योजना में सभी पात्र महिलाओं को 1-1 हजार रुपये प्रतिमाह दिए जाएगें। योजना में आवेदन भरने का काम जारी है। एक भी बहन पंजीयन से छूट न जाए, इसके लिए सभी के घर के नजदीक ही पंजीयन शिविर लगाये जा रहे हैं।

स म्पा द की य

# सावधान! जानलेवा हो रही हीट बेव

नवी मुंबई में रविवार को महाराष्ट्र भूषण सम्मान समारोह के दौरान लू लगने से 11 लोगों की मौत की खबर परेशान करने वाली है। यह महाराष्ट्र सरकार का कार्यक्रम था। मध्य अप्रैल में होने वाले इस कार्यक्रम का समय दिन में साढ़े 11 बजे से एक बजे के बीच पता नहीं क्या सोच कर रखा गया। जबकि मुंबई में गर्मी और उमस कुछ ज्यादा ही रहती है। नवी मुंबई में उस दिन अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस रेकॉर्ड किया गया था। इस तापमान में लोगों को कड़ी धूप में बैठे रहना पड़ा। स्वाभाविक ही कार्यक्रम समाप्त होते-होते तक 50 लोगों को लू लगने के कारण अस्पताल में भर्ती कराना पड़ गया।

हमारी सरकारों को ऐसे मामलों में ज्यादा संवेदनशील होने की जरूरत है। कार्यक्रम से ज्यादा लोगों की जान महत्वपूर्ण है, यह सरकारों में बैठे लोगों को सोचना होगा। मौसम के बदलते मिजाज से उपजे संकटों का दायरा बहुत बड़ा है। साल-दर-साल गर्म होते जा रहे मौसम से लोगों की जान को तो खतरा बढ़ ही रहा है, आर्थिक मोर्चे पर भी चुनौतियां बढ़ती जा रही हैं। पुराना रिकार्ड देखें तो भारत में वर्ष 2000 से 2019 के बीच हर साल औसतन 24 दिन हीट वेव वाले रहे, जबकि उससे पहले के 20 वर्षों में औसत आंकड़ा साल में 10 दिनों का ही था।

मौसम विभाग के मुताबिक मैदानी इलाकों में जब तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर चला जाए, तब हीट वेव की स्थिति बनती है। पहाड़ी इलाकों में तापमान 30 डिग्री सेल्सियस और तटीय इलाकों में 37 डिग्री सेल्सियस से ऊपर जाने पर ऐसी स्थिति बनती है। आश्चर्य नहीं कि साल 2010 से 2019 के बीच गर्म मौसम से मौतें करीब 30 फीसदी ज्यादा हुईं। इकॉनमी के मोर्चे पर भी हालात कम गंभीर नहीं हैं। नॉर्थ कैरोलाइना की ड्यूक यूनिवर्सिटी में हुई एक रिसर्च के अनुसार दिल्ली में जब तापमान बहुत बढ़ जाता है तो हर घंटे 15-20 मिनट काम का नुकसान होता है। रिसर्च कहती है कि भारत में हर साल गर्मी से 101 अरब मैन आवर का नुकसान होता है।

आने वाले वर्षों में कुछ सुधार होने की उम्मीद नहीं है, अपितु हालात और बदतर ही होने वाले हैं। अनुमान है कि 2030 तक गर्मी से काम के घंटों का नुकसान इतना बढ़ जाएगा कि जीडीपी को ढाई फीसदी यानि करीब 250 अरब डॉलर तक की चपत लग सकती है। दिक्कत यह भी है कि भारत में वर्कफोर्स का करीब 75 फीसदी हिस्सा ऊंचे तापमान वाली जगहों पर ही काम करता है। इसीलिए यह और भी जरूरी है कि बचाव के इंतजाम अभी से शुरू कर दिए जाएं। इसके लिए कामकाज का पैटर्न बदलना और फैक्ट्रियों के भीतर काम करने के हालात में सुधार लाना होगा। चूंकि भारत में बड़ी आबादी को असंगठित क्षेत्र में रोजगार मिला हुआ है, इसलिए छोटी औद्योगिक इकाइयों को सबसिडी देकर उन्हें वर्कप्लेस को बेहतर बनाने के लिए प्रोत्साहित करना होगा।

सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा तो यह है कि शहरों के विकास मॉडल पर भी मौसम के हिसाब से गौर करना होगा। नगरीय निकायों को इसके लिए विशेष पहल करनी होगी। नगरों का मास्टर प्लान बनाया जाए, तो पहले जलवायु पर विशेष ध्यान दिया जाए। हमारे यहां तो मास्टर प्लान नेताओं और अधिकारियों के हिसाब से बनाया जाता है। भोपाल जैसे शहरों में तो इनके स्वार्थ इतने बढ़ जाते हैं कि बीस-बीस साल तक मास्टर प्लान ही लागू नहीं हो पाते। खैर..।

फिलहाल पूरे देश में गर्मी का मौसम है। ग्लोबल वार्मिंग को अनदेखा नहीं किया जा सकता। भले ही बीच-बीच में बादल और बारिश का योग बन रहा है, लेकिन इससे तो मौसम और अधिक डिस्टर्ब हो रहा है। हिमालय पिघल रहा है। ग्लेशियरों का खतरा बढ़ा है। पहाड़ों को हमने अतिक्रमण कर कांक्रीट के जंगलों में बदलने का काम शुरू कर दिया है। जंगलों को काटा जा रहा है। शहर बसाए जा रहे हैं। तो हीट बेव से बचाव होगा कैसे? क्या हम विकास और आधुनिकीकरण के नाम पर अपने ही दुश्मन बन रहे हैं।

और...अब कई राज्यों में चुनाव हैं या आ रहे हैं और फिर आम चुनाव भी होने हैं। सो राजनीतिक गतिविधियां भी बढ़ रही हैं। सभाओं का आयोजन हीट बेव और मौसम को ध्यान में रखकर ही किया जाना चाहिए। जबरन भीड़ एकत्र करने से खतरे बढ़ जाते हैं। एक तरफ कोरोना, दूसरी तरफ हीट बेव। कहीं तो सोचना पड़ेगा। मौसम से कुश्ती ठीक नहीं, सावधानी बरतने में ही भलाई है। पहले मौसम देखें, फिर कोई निर्णय लें। कोई पानी पिलाने भी आएगा, उम्मीद न रखें।

जान है तो जहान है।

# राज-काज: क्या अरुण के लिए दरवाजे खोल गए

**दिनेश निगम 'त्यागी'**

उप्र के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव



एवं मप्र के पूर्व उप मुख्यमंत्री स्व सुभाष यादव के संबंध जगजाहिर रहे हैं। कभी मुलायम चाहते थे कि सुभाष मप्र में सपा को संभालें। वे स्वयं नहीं गए लेकिन गौरी यादव का नाम उन्होंने ही सुझाया था। अब दोनों नेताओं के बेटे विरासत संभाल रहे हैं। चुनावी साल में यदि मुलायम के बेटे अखिलेश यादव मप्र आकर सुभाष के बेटों अरुण यादव एवं सचिन यादव से मिलते हैं। उनके गांव जाते हैं, आत्मीय स्वागत होता है और वे सुभाष यादव के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं तो कयासों का दौर स्वाभाविक है। हालांकि अरुण की अखिलेश से यह पहली मुलाकात नहीं है। पहले भी अखिलेश भोपाल में अरुण से उनके घर जाकर मिल चुके हैं। इससे कई संकेत मिलते हैं।

एक, अखिलेश से मुलाकात के कारण अरुण को ताकत मिलती है। वे प्रदेश में यादवों के एक छत्र नेता के तौर पर उभरते हैं। मुस्लिमों का झुकाव भी उनकी ओर हो सकता है। दूसरा, कांग्रेस में अरुण की ज्यादा उपेक्षा होती है तो उनके लिए सपा का दरवाजा हमेशा खुला है। वैसे भी अखिलेश का यह दौरा चुनावों को ध्यान में रखकर ही हुआ। उन्होंने अंबेडकर जयंती पर महू में भीम आर्मी के चंद्रशेखर के साथ रैली कर अपने लिए संभावनाएं टटोली हैं। मप्र में वे तीसरा मोर्चा बनाने की कोशिश में हैं।

**राजनेताओं के हाथ में खेलते बाबा-कथावाचक**

जब से अयोध्या में राम मंदिर निर्माण को लेकर आंदोलन चला तब से साधु, संत, बाबा, कथावाचक राजनीति में प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं। मध्य प्रदेश में इस साल विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं। यहां भी



बाबाओं ङ्क कथावाचकों को लेकर राजनीति गरमा रही है। बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री, सीहोर के कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा और पंडोखर सरकार खास चर्चा में हैं। बागेश्वर धाम के शास्त्री पहले कांग्रेस विधायक आलोक चतुर्वेदी के सबसे ज्यादा नजदीक थे। कहते थे कि वे किसी दल में नहीं हैं।

उनकी दर पर सभी दलों के नेता पहुंचते थे लेकिन अचानक उन्होंने मैहर विधायक नारायण त्रिपाठी की कथा को रद्द कर दिया। आरोप है कि ऐसा उन्होंने भाजपा सरकार के इशारे पर किया क्योंकि नारायण ने भाजपा से बगावत कर अलग दल बना लिया है। इस पर नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ गोविंद सिंह का बयान आ गया कि धीरेंद्र शास्त्री भाजपा का प्रचार कर रहे हैं जबकि पंडोखर सरकार ऐसे नहीं हैं। इन्हें कांग्रेस समर्थक माना जा रहा है। पंडित मिश्रा भी कहते हैं कि वे किसी दल के नहीं हैं लेकिन खड़े भाजपा के पाले में नजर आते हैं। सवाल ये है कि क्या बाबाओं को राजनेता दलों में विभाजित कर रहे हैं या ये खुद ही महत्वाकांक्षा के चलते दलों में बंट गए हैं।

**दिग्विजय ने साध दिए 'एक तीर से कई निशाने'**

कांग्रेस के लिए कमजोर विधानसभा सीटों के दौरे पर निकले वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह दो-तरफा काम कर रहे हैं। एक, नेताओं को एकजुट कर उनमें जोश भर रहे हैं और दो, भाजपा नेताओं की दुखती रग पर हाथ रख उनकी बेचैनी बढ़ा रहे हैं। हाल के सागर जिले के दौरे के दौरान दिग्विजय का एक बयान 'एक तीर से कई निशाने' साधने वाला था। उन्होंने कहा कि भाजपा में सात नेता मुख्यमंत्री बनने के लिए सूट सिला कर बैठे हैं लेकिन चुनाव बाद शपथ कमलनाथ ही लेंगे।

पहला, बयान के जरिए दिग्विजय ने उजागर किया कि भाजपा में कांग्रेस से ज्यादा गुटबाजी है। दूसरा,



उन्होंने मैसेज दिया कि कांग्रेस में मुख्यमंत्री पद के लिए इकलौता नाम कमलनाथ का है। और तीसरा, सात नेताओं में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का नाम न लेकर उनकी भाजपा में हैसियत बताई। दिग्विजय ने संकेत दिया कि सिंधिया केंद्र में मंत्री हैं लेकिन मुख्यमंत्री पद की रेस से बाहर हैं। उनका बयान भाजपा नेताओं को बेचैन करने वाला था, इसीलिए भाजपा के लगभग हर नेता ने उन पर हमला बोला। खुरई में दिग्विजय ने यह कह कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं का डर दूर करने की कोशिश की कि मैं कमलनाथ से कहूंगा कि दो बड़े सम्मेलन खुरई और दतिया में करें और प्रदेश भर से कांग्रेस कार्यकर्ताओं को बुलाकर एकजुटता प्रदर्शित करें।

**नारायण की राह में कांटे, 'सिर मुड़ाते ही पड़े ओले'**



अलग राजनीतिक दल बनाने के बाद भाजपा के विधायक नारायण त्रिपाठी विंध्य अंचल में कोई करिश्मा कर पाते हैं या नहीं, यह बाद की बात है। फिलहाल उन पर 'सिर मुड़ाते ही ओले' पड़ते दिख रहे हैं। उन्होंने जैसे ही अलग 'विंध्य जनता पार्टी' के नाम से दल बनाने की घोषणा की, एक दिन बाद ही उनकी कार का एक्सीडेंट हो गया। कार चकनाचूर हो गई, हालांकि वे और उनका ड्राइवर बाल-बाल बच गए। दूसरा, मैहर में वे बागेश्वर धाम के धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की कथा कराने की तैयारी कर रहे थे।

इससे पहले वे धीरेंद्र शास्त्री की अनुमति ले चुके थे। अचानक विदिशा में कथा कर रहे शास्त्री जी ने मैहर की कथा रद्द कर दी। इसे लेकर राजनीतिक बवाल शुरू हुआ तो शास्त्री जी ने सफाई दी कि उन्होंने कथा रद्द नहीं की, उसकी तिथि आगे बढ़ाई है। नई तारीख भी विधानसभा चुनाव के बाद जनवरी की दी है। तब यह कथा कराकर नारायण त्रिपाठी क्या करेंगे? किसी प्रमुख राजनीतिक दल में भी नारायण की साख नहीं बची। चुनाव के समय ऐनवक्त पर धोखा देने के कारण कांग्रेस नेता अजय सिंह उन्हें पार्टी में लेने के खिलाफ हैं। भाजपा भी अब उनकी राह का कांटा बन रही है। कांग्रेस के कुछ नेता उनके लिए दरवाजे खुले होने की बात कह रहे हैं, लेकिन लगता है नए दल के साथ ही उन्हें खुद को साबित करना होगा।

**'गोगपा' की तर्ज पर अस्तांचल की ओर 'जयस'**

जैसी संभावना थी वही हुआ। जो हश्र आदिवासियों से जुड़े संगठन गोगपा का हुआ था, उसी गति को जयस प्राप्त हो रहा है। गोगपा एक समय आदिवासियों के ताकतवर संगठन के तौर पर उभरा था। पहले ही चुनाव में तीन विधानसभा सीटें जीत कर उसने भाजपा-कांग्रेस की नींद उड़ा दी थी। लेकिन अगला चुनाव आने से पहले ही गोगपा दो फाड़ हो गई। धीरे-धीरे उसका अस्तित्व रसातल में चला गया। गोगपा की ही तरह जयस ने भी आदिवासियों के बीच अपनी पैठ बनाई थी। उसकी बढ़ती ताकत से भाजपा-कांग्रेस परेशान थे। आदिवासी युवाओं को संगठित करने वाले हीरालाल अलावा पिछला चुनाव कांग्रेस के टिकट पर लड़े और विधायक बन गए। असर ये हुआ कि कांग्रेस का परंपरागत आदिवासी वोट बड़ी तादाद में उसके पास वापस लौटा। आदिवासियों के लिए आरक्षित सीटें कांग्रेस ने भाजपा की तुलना में ज्यादा जीतीं। उसकी प्रदेश की सत्ता में वापसी हो गई। अचानक जयस भी गोगपा की तरह दो फाड़ हो गया। उसके समानांतर पदाधिकारियों का एलान हो गया। हालांकि हीरालाल अलावा का कहना है कि डा आनंद राय यह सब कर रहे हैं लेकिन उनकी मंशा सफल नहीं होगी। जल्दी ही जयस का बड़ा सम्मेलन होगा, इसमें असली संगठन को लेकर स्थिति साफ हो जाएगी। हीरालाल कुछ भी कहें लेकिन जयस की साख को झटका तो लग चुका।

# पंच क्रांति के सहारे सभी वर्गों का कल्याण करेंगे शिवराज

**अरुण पटेल**

ग्वालियर में आयोजित हुए आम्बेडकर महाकुम्भ



में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि पंच क्रान्ति के जरिए मध्यप्रदेश सरकार समाज के सभी वर्गों का कल्याण करेगी। शिवराज ने जिस पंच क्रांति की बात की है उसमें शिक्षा क्रांति, रोजगार क्रांति, आवास अथवा रहने के लिए जमीन की क्रांति एवं सभी वर्गों के सम्मान की क्रांति शामिल है। उन्होंने यह भी ऐलान किया कि सभी वर्गों के कल्याण के उद्देश्य से समस्त पिछड़ी उपजातियों के लिए अलग-अलग बोर्ड बनाये जायेंगे और उनके अध्यक्ष समाज के लोग ही होंगे। शिवराज का कहना था कि राज्य सरकार बाबा साहब डॉ. भीमराव आम्बेडकर के जन्म स्थान, शिक्षा स्थली, संविधान निर्माण स्थल, दीक्षा स्थल और अंतिम संस्कार स्थल को पंचतीर्थ के रुप में विकसित कर रही है। इसके साथ ही इन सभी को मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना में शामिल किया गया है। महू में आम्बेडकरवादियों को सुविधाएं देने के लिए साढ़े तीन एकड़ भूमि में धर्मशाला का निर्माण कराया जा रहा है।

शिवराज के अनुसार इन सब कार्यों का उद्देश्य है कि हम बाबा साहब के जीवन और जनकल्याण के कार्यों को याद रखें और उनके बताये आदर्शों पर चलकर अपने जीवन को धन्य करें। केंद्रीय कृषि मंत्री



नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि बाबा साहब भीमराव आम्बेडकर सामान्य व्यक्ति नहीं थे, वह वर्षों तक लोगों के लिए प्रासांगिक बने रहेंगे। एक तरफ जहां आम्बेडकर महाकुंभ के माध्यम से शिवराज दलित मतदाताओं को फिर से पूरी ताकत के साथ भाजपा से जोड़ने की कोशिश कर रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ क्षेत्रवार नेताओं को चुनावी जिम्मेदारियां सौंपने जा रहे हैं ताकि एक बार फिर 2023 के चुनावी महासमर में कांग्रेस की सरकार बनाने में सफल रहें। इसके साथ ही वह लोकलुभावन घोषणाओं की झड़ी भी लगाते जा रहे हैं ताकि अभी से मतदाताओं के मानस पटल में यह अंकित कर सकें कि सरकार बनने पर वह प्राथमिकता के आधार पर क्या करेंगे।

कमलनाथ ने 17 अप्रैल सोमवार को अपने शासकीय आवास पर एक बैठक कर 2023 के विधानसभा चुनाव के लिए तैयार होने वाले वचनपत्र को एक प्रकार से अंतिम रुप दे दिया है जिसके अनुसार सरकारी कर्मचारियों का दिल जीतने के उद्देश्य से पुरानी पेंशन बहाली, ग्रहणियों का एक मजबूत वोट बैंक बनाने के लिए 500 रुपये में गैस सिलेंडर उपलब्ध



कराने और शिवराज सिंह चौहान की लाडली बहना योजना के तहत दी जाने वाली राशि में पचास प्रतिशत की वृद्धि करना आदि शामिल है।

कमलनाथ वचन भजन दे रहे हैं कि उनकी सरकार बनने पर पात्र महिलाओं को प्रतिमाह 1500 रुपये की राशि दी जायेगी और लगभग 15 माह चली कमलनाथ सरकार की पुरानी योजनाओं पर भी अमल होगा। वचनपत्र समिति की लगभग 150 मिनट चली बैठक में विधानसभा चुनाव में शामिल करने वाले मुद्दों पर गहन विचार हुआ और यह निर्णय लिया गया कि वचनपत्र को अंतिम रुप देने के लिए एक और अंतिम बैठक की जायेगी। इस बैठक में लिए गये निर्णयों के बारे में मीडिया से चर्चा करते हुए पूर्व वित्तमंत्री और कांग्रेस विधायक तरुण भानोट ने दावा किया कि वचनपत्र में शामिल मुद्दों के अलावा स्थानीय मुद्दों को भी दृष्टिगत रखते हुए कांग्रेस पार्टी हर जिले के लिए अलग-अलग वचन पत्र तैयार करेगी। भानोट का दावा है कि 2023 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का वचन पत्र गेमचेंजर साबित होगा। कांग्रेस के लिए गेमचेंजर साबित होने का वचनपत्र तैयार करने वाली समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह हैं तथा उनकी अध्यक्षता में जो समिति बनी है उसमें दिग्गज कांग्रेसी नेताओं में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी ,नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष नर्मदा प्रसाद प्रजापति , सज्जन सिंह वर्मा , मुकेश नायक , बाला बच्चन , अजिता वाजपेयी पांडेय, बी .के बाथम भूपेंद्र गुप्ता और सैयद जाफर आदि मिल हैं। एक तरफ बसपा की पूर्व विधायक शीला त्यागी ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर ली है तो वहीं दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी ने मई व जून माह में संभागीय सम्मेलन आयोजित करने का मन बनाया है जिसका उद्देश्य यही है कि सभी वरिष्ठ नेता इसमें उपस्थित हों ताकि कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर कार्य करने के लिए प्रेरित किया जा सके।

जहां एक ओर भाजपा और कांग्रेस ने आगामी चुनाव के लिए अपनी कमर कस ली है तो वहीं दूसरी ओर आम आदमी पार्टी की ताजा-ताजा अध्यक्ष बनी रानी अग्रवाल ने भी ऐलान कर दिया है कि आप किसी भी पार्टी से गठबंधन नहीं करेगी और सभी 230 सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े करेगी। उनका दावा है कि विधानसभा चुनाव उनकी पार्टी के लिए चुनौती अवष्य है लेकिन जनता बदलाव चाहती है इसलिए पार्टी को सफलता मिलेगी। आम आदमी पार्टी विधानसभा चुनाव में पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक तथा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के चेहरे को आगे रखकर चुनाव लड़ेगी।

# कानून और न्याय: अधिवक्ता संरक्षण बिल समय की बड़ी आवश्यकता

**विनय झैलावत**

अधिवक्ता (संरक्षण) बिल आज समय की आवश्यकता है, जिसे अविलंब लाया जाना चाहिए। वकीलों के साथ हिंसक घटनाऐं निरंतर बढ़ती जा रही है। जौधपुर में एक अधिवक्ता की हत्या ने पुनः भारत में वकीलों की सुरक्षा की और ध्यान आकर्षित किया है। वकीलों के खिलाफ निरंतर हिसंक घटनाओं में वृद्धि ने अभिभाषकों की चिंता को बढ़ाया है। कई स्थानों पर वकीलों की हत्या तक हो रही है। हाल की घटनाओं ने अधिवक्ता (संरक्षण) बिल की महत्ता को पुनः स्थापित किया है। हाल के कुछ बरसों में वकीलों के खिलाफ अपराधों में वृद्धि हुई है।

इन घटनाओं ने एक बार पुनः अधिवक्ता (संरक्षण) बिल को पारित करने की और ध्यान आकर्षित किया है। जिस प्रकार चिकित्सकों और मरीजों के मध्य विश्वास कम हुआ है तथा आर्थिक महत्व में वृद्धि हुई है, ऐसा ही कुछ वकीलों तथा पक्षकारों के मध्य भी हुआ है। अब पहले वाली स्थिति नहीं रही है। ऐसा क्यों हो रहा है, इस स्थिति पर अभिभाषकों तथा उनके संगठनों को भी प्राथमिकता से ध्यान देना चाहिए।

हाल ही में दिल्ली, जौधपुर की नृशंस हत्याओं के मामले ने एक बार फिर भारत में वकीलों की सुरक्षा पर सवाल खड़ा कर दिया है। हाल के वर्षों में भारत में वकीलों के खिलाफ अपराधों में अचानक वृद्धि हुई है। आगरा, गुजरात के कच्छ, तेलंगाना में हाईकोर्ट के वकील दंपत्ति की हत्या जैसे कई उदाहरण है। मध्यप्रदेश के जबलपुर के तथा मुंबई में एडवोकेट पर हमला आदि ऐसे कुछ उदाहरण हैं, जो बताते हैं कि भारत में वकील कितने असुरक्षित हैं। ये अपराध पुलिस विभाग और प्रशासन की ओर से लापरवाह और ढीले रवैये को दर्शाते हैं। ऐसी घटनाओं के विरोध में देशभर की कई अदालतों के अधिवक्ता हड़ताल और न्यायिक कार्य को अनिश्चितकालीन बहिष्कार का आह्वान कर रहे हैं। वकीलों पर व्यक्तिगत और संस्थागत रूप से हमले लगातार हो रहे हैं। इससे स्वतंत्र रूप से सुरक्षित रूप से कानून का अभ्यास करने की उनकी क्षमता खतरे में पड़ गई है।

न्यायालयों में वकीलों की निडरता, स्वतंत्रता, शुचिता, ईमानदारी, समानता ऐसे गुण हैं जिनकी बलि नहीं दी जा सकती है। मौलिक स्वतंत्रता और मानवाधिकारों के प्रति सम्मान बनाए रखने के लिए कानूनी पेशे की स्वतंत्रता जरुरी है। यदि अधिवक्ता स्वतंत्रत, निष्पक्ष, वस्तुनिष्ठ और अखंडता, स्वायत्तता और तटस्थता के साथ कार्य करने में असमर्थ होंगे तो न तो विधि शासन कायम रह सकता और न न्याय ठीक से प्रशासित हो सकता है।

प्रिंसिपल्स एवं विएना डिक्लेरेन ऑन हयूमन राइट्स, 1993 द्वारा कानूनी पेशे की स्वतंत्रता को एक लोकतांत्रिक प्रणाली की विषिष्ट विशेषता के रूप में दृढ़ता से स्थापित किया गया है जिसको संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) और यूनाइटेड नेशन जनरल असेंबली में कई राज्य संकल्प द्वारा समर्थन प्राप्त हुआ। यूनाइटेड नेशंस बेसिक प्रिंसिपल्स ऑनद रोल ऑफ लॉयर्स (यूएनबेसिक प्रिंसिपल्स) के अनुसार, कानूनी पेशे की स्वतंत्रता लोकतांत्रिक समाज में कानून के शासन को बनाए रखने के लिए एक महत्वपूर्ण आधार है। नागरिक और राजनीतिक अधिकारों पर अंतरराष्ट्रीय अनुबंध के अनुसार, कानूनी पेशेवरों को उत्पीडित करने से मुवक्किल के अधिकारों का उल्लंघन हो सकता है।

ों और वकीलों की भूमिका पर आईसीजे जिनेवा घोषणा के सिद्धांत 7, 2011 में कहा गया है। सरकार की सभी शाखाओं को वकीलों को हिंसा, धमकियों, प्रतिशोध, वास्तविक या कानूनी भेदभाव, दबाव और अन्य मनमाने कार्य से बचाने के लिए उपाय करना चाहिए। बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने 2 जुलाई 2021 को अधिवक्ता संरक्षण विधेयक,2021 का ड्राफ्ट तैयार किया। इस ड्राफ्ट विधेयक का प्रमुख लक्ष्य वकीलों और उनके परिवारों को मारपीट, अपहरण, अवैध कारावास जैसे अपराधों के खिलाफ सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

अधिवक्ता (संरक्षण) विधेयक, 2021 में अधिवक्ता सुरक्षा और वकीलों के लिए वित्तीय सहायता के प्रावधान भी शामिल हैं। इसके अलावा, यदि कोई उनके अधिकारों का उल्लंघन करने की कोशिश करता है। साथ ही यह वकीलों को मुआवजा भी देने का उल्लेख करता है। बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने कई राज्यों से वकीलों की सुरक्षा के संबंध में एक कानून बनाने का अनुरोध किया है, लेकिन उनके अनुरोध और हजारों वकीलों की मांगों को अनसुना कर दिया गया है।

बीसीआई ने पहले ही 2021 में अधिवक्ता संरक्षण कानून का एक ड्राफ्ट कानून केंद्रीय कानून मंत्रालय को सौंप दिया था। लेकिन, अब तक कोई केंद्रीय कानून नहीं है। जोधपुर में एक वकील की हत्या के विरोध में राज्य के वकीलों द्वारा बहिष्कार के बीच बीसीआई ने राजस्थान सरकार से वकीलों और उनके परिवारों की सुरक्षा पर एक कानून बनाने में शीघ्रता का अनुरोध किया था। राजस्थान सरकार ने प्रस्ताव पर सहमति व्यक्त की। राजस्थान एडवोकेट्स प्रोटेक्शन बिल, 2023 पारित किया। अब राजस्थान वकीलों को सुरक्षा प्रदान करने वाले कानून बनाने वाला देश का पहला राज्य है। अन्य राज्यों को भी इस कानून को लागू करने पर शीघ्रता से विचार करना चाहिए। वकीलों की सुरक्षा तभी सुनिश्चित की जा सकती है जब केंद्र सरकार और अन्य राज्य सरकारें भी कानून बनाएं। मध्यप्रदेश सरकार भी इस मांग को स्वीकार करने का आश्वासन तो कई बार दे चुकी है। लेकिन, दुर्भाग्य से अभी तक इस दिशा में कुछ नहीं हुआ है।

निवारण समिति विधेयक में अगला महत्वपूर्ण प्रावधान एक निवारण समिति के गठन का है। अधिवक्ताओं और बार एसोसिएशनों की शिकायतों के निवारण के लिए प्रत्येक स्तर अर्थात जिला, उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय में तीन सदस्यीय समिति प्रदान की गई है। इस समिति का मुखिया उस स्तर की न्यायपालिका का प्रमुख होता है। इसमें यह प्रावधान है कि एक ऐसे वकील के विरूद्ध कोई मुकदमा नहीं चलाया जाना चाहिए जो श्रद्धा पूर्वक कार्य कर रहा हो। अधिवक्ता उनके मुवकीलों के बीच संचार का सम्मान किया जाना चाहिए और गोपनीयता की रक्षा की जानी चाहिए। अधिवक्ता को गिरफ्तार नहीं किया जा सकता। धारा 11 में प्रावधान है कि ''कोई भी पुलिस मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के विशिष्ट आदेश के बिना किसी वकील को गिरफ्तार नहीं करेगा और न ही किसी वकील के खिलाफ मामले की जांच नहीं करेगा।

बिल में एक बड़ा प्रावधान सामाजिक सुरक्षा का है। बिल का प्रस्ताव है कि राज्य और केंद्र सरकार को प्राकृतिक आपदाओं या महामारी जैसी अप्रत्याशित परिस्थितियों में देश के सभी जरूरतमंद अधिवक्ताओं को वित्तीय सहायता प्रदान करने के प्रावधान करने होंगे। हर महीने कम से कम पंद्रह हजार रुपये प्रदान किए जाएंगे। वकीलों के खिलाफ बढ़ रहे इन अपराधों के कारण अधिवक्ताओं के बीच अधिवक्ताओं के संरक्षण अधिनियम बिल को पारित करने की मांग तेजी से की जा रही है। अभी भी बिल प्रस्तावित है। अधिवक्ता (संरक्षण) बिल 2021 की प्रस्तावना में कहा गया है कि यह बिल अधिवक्ताओं की सुरक्षा और पेशेवर कर्तव्यों के निर्वहन में उनके कार्यों के लिए है। यह बिल के उद्देश्यों और कारणों को बताता है। यह बिल अधिवक्ताओं के लिए सामाजिक सुरक्षा और जीवन के लिए न्यूनतम आवश्यकता सुनिश्चित करने के लिए भी कहता है।

इस प्रस्तावित बिल की धारा 3 और 4 सजा और मुआवजे के बारे में बात करते हैं। इसमें वकीलों पर होने वाले आपराधिक गतिविधि पर पहली बार कृत्य करने पर सजा 6 महीने से शुरू होकर 5 साल तक जाती है और बाद के अपराध के लिए 10 साल तक। जुर्माना पचास हजार रुपये से शुरू होता है और एक लाख रुपये तक जाता है। पश्चातवर्ती अपराधों के लिए दस लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। यह बिल अदालत के वकीलों के खिलाफ किये गए अपराधों के लिए मुआवजा देने का भी अधिकार देता है। एसपी से ऊपर के स्तर के अधिकारी द्वारा जांच और पुलिस सुरक्षा की बात भी यह बिल करता है। केन्द्रीय सरकार को तुरंत इस बिल पर वैधानिक कार्यवाही करवाकर संसद में इसे पारित करवाना चाहिए।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

# निर्माण कार्यो पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी की समीक्षा बैठक आयोजित



बैतूल । जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिलाष मिश्रा द्वारा सोमवार को जिले मे लोक निर्माण विभाग परियोजना क्रियान्वयन इकाई ग्रामीण यांत्रिकी सेवा एवं अन्य निर्माण विभागो के अर्न्तगत विभिन्न निर्माण कार्यो की प्रगति की समीक्षा की गई । इस दौरान उन्होने निर्माण कार्यो की पूर्णता मे विलंब करने वाले ठेकेदारों पर अंसतोष जताया साथ ही कहा कि समस्त निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समय सीमा मे कार्य पूर्ण हो।



कृषि महाविद्यालय रीवा के प्रमुख वैज्ञानिक डॉक्टर आर पी जोशी मिलेट् मिशन के विशेषज्ञ तथा डॉ श्रीमती मधु लता प्रिंसिपल इन्वेस्टिगेटर ने छतरपुर आकर देसी डिप्लोमा की क्लास में विभिन्न बिषयों की जानकारी के अंतर्गत कोड़ो मिलेट ,फिंगर मिलेट ,बाजरा, चीना ,वसारा इत्यादि के उत्पादन तथा उन में पाए जाने वाले पोषक तत्व के महत्व के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी से अवगत कराया द्य विशेषज्ञों ने बीज की श्रेणियां तथा बीजा के परीक्षण की विधियों के बारे में विस्तार पूर्वक अध्ययन कराया द्य वैज्ञानिक दुवा ने प्रशिक्षणार्थियों को वर्मी कंपोस्ट ,वर्मी कल्चर ,बीज उपचार तथा पौध प्रजनन सहित कई फसलों की किस्मों तथा उनकी विशेषताओं के बारे में विस्तार पूर्वक बताया द्य बैच के फैसलेटर आर पी शर्मा तथा डॉक्टर बी पी सूत्रकार परियोजना संचालक ÷आत्मा ÷की उपस्थिति में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ द्य प्रशिक्षण में 40 अभ्यर्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया तथा अपनी-अपनी समस्याओं के समाधान भी वैज्ञानिकों से प्राप्त किए द्य नए आदान विक्रेता के रूप में काम शुरू करने के पहले आने वाली समस्याओं के समाधान के बारे में विस्तार पूर्वक बीज अधिनियम तथा कीटनाशकअधिनियम की महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया द्य

# महात्मा ज्योतिबा फुले सीएम राइज उमावि दमोह में हर्षोत्साह से मनाया गया प्रवेशोत्सव



दमोह दमोह महात्मा ज्योतिबा फुले सीएम राइज विद्यालय के अटल लेब में गणमान्य नागरिको एवं पालकों की परिभाषयी उपस्थिति में प्रवेशोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर छात्रों को विद्यालय के द्वार पर मंगल तिलक लगाकर मसन्नता के साथ स्वागत किया गया,इस दौरान नवप्रवेशी बच्चों को पुस्तकें वितरित की गईं। इस अवसर अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य आर.पी. कुर्मी ने सभी को नवसत्र की शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए पूर्ण मनोयोग से अध्ययन करने हेतु व समर कैंप की विभिन्न गतिविधियों के आयोजन की जानकारी दी। कार्यक्रम में गणमान्य नागरिकों एवं विद्यार्थी पालकों सहित समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

# सेन समाज ने निकाली सेन महाराज की शोभायात्रा



ओबेदुल्लागंज। सेन समाज के तत्वाधान सोमवार को सेन महाराज की शोभायात्रा निकाली गई जिसमें सामाजिक लोगों सहित नगर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।मुख्य बाजार में हिंदु उत्सव समिति सहित तमाम सामाजिक कार्यकर्ताओ ने शोभायात्रा में शामिल सेन महाराज का पुष्पबर्षा कर स्वागत किया।इस दौरान नपाध्यक्ष लक्ष्मी चौकसे नगर सेन समाज अध्यक्ष प्रमोद सेन हिंदु उत्सव समिति अध्यक्ष राजेश खटीक सुरजीत सिंह बिल्ले, नारायण सेन, दिनेश सेन, माखन सेन, अशोक मित्तल, विजय जैन, दिनेश दाढ़गे, राजेश, शंकर चौहान, प्रमोद सराठे, मुकेश सेन, विपिन सेन मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# नौजवान मुस्लिम कमेटी द्वारा रोजा इफ्तार का कार्यक्रम आयोजित किया गया



ओबैदुल्लागंज । ओबैदुल्लागंज जामा मस्जिद के पास नौजवान मुस्लिम कमेटी द्वारा रोजा इफ्तार का कार्यक्रम रखा गया जिसमें औबेदुल्लागंज के सभी वर्गो ने शिरकत करके रोज इफ्तार में भाग लिया इस अवसर पर जामा मस्जिद औबेदुल्लागंज के सदर एहसान हसन ने कहा कि रोजा इफ्तार में सभी ओबेदुल्लागंज के लोगों ने शिरकत की है उसके लिए सभी का शुक्रिया करते हैं और ओबैदुल्लागंज में हमेशा अमन चैन कायम रहे जिस प्रकार ओबैदुल्लागंज में सभी वर्गो ने इस रोजा इफ्तार में शिरकत की है देश में भी भाईचारा का ऐसा ही माहौल बना रहे इसके लिए हम दुआ करेंगे इस अवसर पर हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष राजेश खटीक सुरजीत सिंह बिल्ले, महेश जैन, हरजीत सिंह मंगू, सुजीत यादव, सुनील अरोरा ,गुलबी नेमा नौजवान मुस्लिम कमेटी के अकील खान, सलीम बाबा, फैजान खान, शादाब ,शानू ,शहजाद खान, इरफान, रफीक, शेफ खान, आदिल, आदि बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे

# आरोपी जुग्गा बोला जादू-टोना कर उसे नपुंशक बना दिया था अंधे कत्ल का खुलासा



बैतुल । चिचोली थाना पुलिस को अंधे कत्ल के खुलासे मे सफलता मिली है। और आरोपी को गिरफ्तार किया है । दरअसल 14 अप्रैल की शाम थाना चिचोली के घोडादेव जंगल भीमपुर मे एक व्यक्ति की लाश मिलने की सूचना पर मौके पर रात्रि में ही पहुच कर शव बरामद किया । जिसकी मौके पर उपस्थित रिश्तेदारो ने मृतक की पहचान मदरसा पिता जिराती धुर्वे उम्र 50 साल निवासी ग्राम धावडाखार के रूप मे की जो दिन पहले ही महुआ बीनने जंगल आया बताया था। सूचना पर थाना पर मर्ग क्रमांक 35/2023 धारा 174 जा.फौ. का कायम कर जांच मे लिया गया मृतक मदरसा धुर्वे का चिचोली अस्पताल से पीएम कराया गया।

चिकित्सक से शार्ट पीएम रिपोर्ट प्राप्त की गई जिसमे मृतक की मृत्यु गले पर चोट आने एवं रक्त अधिक बहने से मौत होना बताया गया । मर्ग जाँच पर थाना पर अपराध क्रमांक 194 / 2023 धारा 302 भादवि0 का अज्ञात आरोपी के विरूद्ध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया है। आरोपी जुग्गा धुर्वे ने बताया हत्या का कारण प्रकरण मे पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ चौधरी के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बैतूल तथा एसडीओपी शाहपुर के निर्देशन मे कार्यवाही करते हुये संदेही जग्गा धुर्वे को अभिरक्षा मे लेकर पूछताछ की गई जो जिसने जुर्म स्वीकार करते हुये बताया कि उसे शंका है। कि मृतक मदरसा धुर्वे के द्वारा जादू टोना करके उसे नपुंसक बना दिया था। और बल्कि उसकी पत्नि से अवैध संबध बनाये थे। इसी शक के कारण 13 अप्रैल को मदरसा उसे जंगल मे अकेले मे मिला था। बदला लेने के लिये उसने मदरसा के गले मे पत्थर मारा जिससे उसके गले मे चोट लगी और जमीन पर गिर गया तब मदरसा को हाथ से खीचते हुये नाले के पास ले जाकर पत्तो से ढक दिया था। उक्त प्रकरण मे पुलिस के द्वारा 24 घंटे के अंदर अंधे कत्ल का पर्दाफाश कर आरोपी जुग्गा धुर्वे को गिरफतार कर न्यायालय बैतूल पेश किया गया है। प्रकरण की विवेचना थाना प्रभारी चिचोली के द्वारा की गई। प्रकरण मे थाना प्रभारी झल्लार चौकी प्रभारी भीमपुर का भी सहयोग रहा है।

# आईपीएल सट्टा पकड़ा, लाख डेढ़ लाख बरामद

शिवपुरी - पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह भदौरिया द्वारा जिले में आईपीएल सट्टा,अवैध मादक पदार्थ व भूमाफियाओं के विरूद्ध जीरो टॉलरेंस अपनाते हुये कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं । उक्त निर्देशों के पालन मे अति. पुलिस अधीक्षक प्रवीण भूरिया के मार्गदर्शन में बदरवास पुलिस ने आईपीएल सट्टा पकड़ा है।

मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि निक्की उर्फ नितिन गुप्ता पुत्र हरि कुमार गुप्ता एवं सौरव पुत्र अवतारसिह यादव निवासी बारई थाना बदरवास, नितिन की दूकान के बाहर बैठकर लोगों के मोबाईल में आईपीएल मैच पर सट्टा खिलाने के लिये आईडी बनाकर मैच रॉयल चेलेंजर्स बैंग्लोर वनाम चैन्नई सुपर किंग पर एवं श्रीलंका बनाम आयरलेंण्ड के विरूद्ध चल रहे टेस्ट मैच पर लोगों से हार जीत का दांव लगवा रहे हैं । दविश देने पर आरोपी निक्की उर्फ नितिन पुत्र हरि कुमार गुप्ता उम्र 32 साल निवासी लक्ष्मीगंज बदरवास के तथा सौरव पुत्र अवतारसिह यादव उम्र 22 साल निवासी बारई के मोबाईल चलाते दिखे जिन्हे पकड़ा तो नितिन गुप्ता के कब्जे से आईपीएल सट्टा के 142000 हजार रुपये नगद तथा तीन एण्ड्रोयड मोबाईल 01 एलबायएफ कम्पनी 02 एमआई कम्पनी का 03 एक मोबाईल 1 प्लस कम्पनी का मिला आरोपी नितिन अपनी आईडी की एजेंट आईडी नितिन गुप्ता की एक ओर आईडी एजेंट आईडी चलाता है एवं सौरव के कब्जे से 3000 हजार रुपये नगदी तथा एक एण्ड्रोयड मोबाईल ओप्पो कम्पनी का मिला तथा आईडी 1श्वङ्गष्ट॥.ह्श्वञ्ज की मास्टर आईडी चलाता हुआ पाया गया कुल 145000 हजार रुपये नगद तथा 04 एण्ड्रोयड मोबाईल कीमती करीब 100000 एक लाख रुपये कुल कीमती 245000 हजार रुपये का मशरुका जप्त किया।

आरोपियों के विरूद्ध धारा 4(क) ध्रुत क्रीडा अधिनियम का मामला कायम कर विवेचना मे लिया गया।आरोपियों से अन्य एजेंटो के संबंध में पुछताछ की जा रही है।

# ग्रीष्मकाल में पेयजल के सभी स्त्रोत व साधन रहें दुरूस्तः कलेक्टर

छतरपुर। कलेक्टर संदीप आर की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में टीएल पत्रों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार, एडीएम नमः शिवाय अरजरिया सहित एसडीएम एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री जीआर ने ग्रीष्मकाल को देखते हुए सीईओ जनपद, सीएमओ, पीएचई विभाग को निर्देशित किया कि पानी की कहीं भी समस्या न हो, पहले से ही जो समस्याएं हो उनका निदान तत्काल ही करलें और एसडीएम इसको मॉनिटर करें। उन्होंने कहा कि मोटर, पाइप, टंकियां सफाई सहित आदि पेयजल साधन पूरी तरह से दुरूस्त रहें। इस दौरान जल जीवन मिशन अंतर्गत कार्य प्रगति समीक्षा भी की गइ। साथ ही जो स्कूल और पीएचई को हैण्डओवर हैण्डपंप है उसके सामने इसका बोर्ड लगे और संबंधित इनका चेक करते हुए व पानी उपलब्धता को देखते हुए रिपेयर कराना सुनिश्चित कराएं। कलेक्टर ने सीएमओ को सफाई कर्मीयों को गुड सेफ्टी सामग्री हेलमेट उपलब्ध कराने एवं फोगिंग मशीनों एक्टिव करने के निर्देश दिए। साथ ही जिले भर में थर्ड जेंडर की जानकारी लिस्टेड करते हुए सभी को शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। बैठक में सीएम घोषणाओं के अनुरूप कार्यो की समीक्षा की गई।

मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में पात्र है वो एक भी न छूटे। यह कार्य 30 अप्रैल के पहले पूर्ण कर आंगनवाड़ी, संरपंच एवं सचिव संबंधित से सर्टिफिकेट लें तथा जिन महिलाओं का समग्र ई-केवायसी नहीं हुआ है वह कराना सुनिश्चित करें साथ ही डीबीटी भी कराएं। उन्होंने कहा कि एसडीएम बैंकर्स के साथ मीटिंग करें। उन्होंने सीएम आवासीय भू-अधिकार में भी लाभ देने सर्वे कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी सीईओ जनपद को निर्देशित किया है कि पंचायतों में बनाएं गए संपर्क ग्रुप एक्टिव रहे और उसमें शासन एवं योजनओं की जानकारी का सम्प्रेषण हो।

कलेक्टर श्री जीआर ने कहा कि सभी विभाग अपने कंन्ट्रक्शन कार्य को भी चेक करते हुए बारिश आने के पूर्व ही कराएं। साथ ही जो नए बिल्डिंग बन रहे है या बनने हैं उनमें पार्किंग का स्पेस पर्याप्त रहे। उन्होंने डब्ल्यूआरडी एवं पीडब्ल्यूडी को निर्देशित किया कि जो शासकीय सेवक रिटायर्ड हो गए हैं और अभी भी शासकीय आवास में रह रहें है। उनको एक हफ्ते का समय देते हुए तत्काल खाली करवाएं तथा यह भी देखें की अनाधिकृत रूप से कोई अन्य व्यक्ति या शासकीय सेवक का रिलेटिव तो नहीं रहता है। अगर ऐसा है तो तत्काल कार्यवाही प्रस्तावित करें।

# डॉ. अंबेडकर की 132 वीं जंयती राष्ट्रीय उप कार्यालय राष्ट्रीय मानवाधिकार

सिवनी– दिनांक 14 अप्रैल 2023 को राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं आरटीआई जागरूकता संगठन भारत के मध्य प्रदेश के सरक्षक एवं प्रभारी राष्ट्रीय महामत्री डा, मनोजकुमार बात्री, के निर्देश पर सिवनी जिले के बरघाट ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत रामगढ़ के पोषित ग्राम नान्हीकन्हार मे मनाया कार्यक्रम में राष्ट्रीय महामंत्री एवं मध्य प्रदेश एवं मध्य प्रदेश उपाध्यक्ष महेश चौरसिया, प्रदेशसेकेट्री प्रवीण बघेल, आंनदी चक्रवति, मीडिया प्रदेश अध्यक्ष विनोद दुबे , जिला अध्यक्ष नरेन्द सोनी, विनय कुमार सनोडिया, पत्रकार ब्लाक अध्यक्ष जयकुमार डेहरिया , एडवोकेट कमलेश अहरवार, हेमन्त निर्मलकर, महेन्द्र कुमार बघेल, अंकित कुल्हाडे, दीपक नन्दवार अलोक राज इस कार्यक्रम मे राष्ट्रीय संगठन मंत्री राकेश गहलोद इन्दौर तथा प्रदेश अध्यक्ष नवनीत गुप्ता शाहपुर बैतूल का विषेश सहयोग एवं मार्गदर्शन रहा .पूर्व सरपंच आमागढ़ दिलीप ध्रुवे के अलावा जिले की पूरी टीम उपस्थित हुई इसके अलावा जिले से मीडिया के साथियों ने भी कार्यक्रम में शिरकत की । कार्यक्रम की शुरुआत डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर पुष्प हार अर्पित करके मनाई। मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिष्ठित एवं सामाजिक व्यक्ति दर्शन लाल चौरसिया टिकारी उपस्थित थे एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में राम अवतार कर्वेती सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी आमागढ़ उपस्थित रहे। इस दौरान सभी अतिथियों का स्वागत किया गया व राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं आरटीआई जागरूकता संगठन भारत के सभी पदाधिकारियों ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी को नमन करते हुए उनके मार्गदर्शन में चलने सहित अपने अपने विचार व्यक्त किए। साथ ही मीडिया साथियों एवं ग्राम

### वन ग्राम नान्हीकन्हार में मनाया

वासियों ने भी माल्यार्पण किया। इसके पश्चात सभी ने साथ मिलकर बैठकर भोजन किया जो देर रात तक चलते रहा कार्यक्रम के आयोजन में महेश चौरसिया ने बताया कि वन ग्राम नान्हिकन्हार पूरा आदिवासी ग्राम है लगभग 105 घर की बस्ती है तथा सभी ग्रामवासी गरीब है जो अक्सर मजदूरी का कार्य करते हैं। डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का सपना था की दलितों वंचितों एवं गरीबों के लिए उन्होंने अपना जीवन समर्पित किया था इसलिए इस कार्यक्रम को गरीबों के बीच में आयोजित किया गया था कार्यक्रम में भूतपूर्व सरपंच पति मान सिंह उईके देवी प्रसाद सूर्यवंशी आदि भी उपस्थित हुए थे। सभी ने उनके मार्गदर्शन में चलने एवं गरीबों तथा असहाय व्यक्ति के हितकर काम करने की सपथ ली।

# पीएम आवास योजना के 325 हितग्राहियों की पहली, दूसरी एवं तीसरी किस्त हुई जारी

छतरपुर। केंद्र सरकार के द्वारा संचालित पीएम आवास योजना के अंतर्गत नगरीय निकाय छतरपुर क्षेत्र में योजना के पात्र हितग्राहियों को लाभ पहुंचाते हुए हितग्राहियों के खातो में राशि हस्तांतरित की गई है। जिसमें छतरपुर नगरपालिका के द्वारा 878 डीपीआर के 9 लोगो को पहली किस्त, 39 हितग्राहियों को दूसरी किस्त, 77 हितग्राहियों को तीसरी किस्त, 1522 डीपीआर में 6 लोगो को दूसरी किस्त, 175 लोगो को तीसरी किस्त और 1557 डीपीआर में 19 हितग्राहियों को तीसरी किस्त का लाभ दिया गया है।

नपा अध्यक्षा ज्योति सुरेंद्र चौरसिया और सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया के निर्देशन में सभी पात्र हितग्राहियों को शासन की योजना का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से हितग्राहियों को पहली, दूसरी एवं तीसरी किस्त का लाभ पहुंचाया गया है। नगरपालिका के सहायक लेखा अधिकारी शिवानी अग्रवाल ने बताया कि, पीएफएमएस पोर्टल के माध्यम 325 हितग्राहियों के खातों में राशि हस्तातरिंत की गई है।

सहायक लेखापाल अंकित सोनी ने बताया कि डीपीआर प्राभारी उपयंत्रियों के द्वारा हितग्राहियों के दस्तावेज और मकान की जांच करते हुए उनकी लिस्ट तैयार की गई, जिनकी राशि हस्तांतरित कर दी गई है। इसके अलावा अन्य शेष पात्र हितग्राहियों की जांच जारी है, जल्द ही शेष बचे पात्र लोगो को आवास योजना का लाभ दिया जाएगा।

# प्रदेश भाजपा के आव्हान पर जिले के 37 मंडलो में हुआ नेता प्रतिपक्ष का पुतला दहन

## नेता प्रतिपक्ष को अपने बयान पर माफी मांगनी चाहिए - मनोज जिलाध्यक्ष भाजपा

धार । विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह जिन्होंने गोंड रानी कमलापति जो कि एक महान समाजसेवी थी उनका अपमान किया है द्य कांग्रेस की समाज में फूट डालने वाली और वनवासियों का अपमान करने वाली इस मानसिकता का भाजपा जिला धार घोर विरोध करती है और विरोध स्वरूप प्रदेश भाजपा के आव्हान पर रविवार को दोपहर 2 से 4 बजे के बिच जिले सभी 37 मंडलो में नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह का पुतला दहन किया गया ।

नव नियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष श्री मनोज सोमानी व भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा महेंद्र सिंह मेरती द्वारा जिले के टाण्डा मंडल में नेता प्रतिपक्ष गोविन्द सिंह का पुतला दहन किया।भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज सोमानी ने कहा -जनजातीय योद्धाओं का बलिदान अविस्मरणीय है। कांग्रेस उनका अपमान कर रही है। कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष का बयान दुर्भाग्यपूर्ण और दुर्भावना से ग्रसित है, गोविंद सिंह को अपने बयान पर माफी मांगनी चाहिए।

धार नगर मंडल के मोहन टॉकीज चौराहे पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने नेता प्रतिपक्ष के बयान के विरोध में नारे लगाने एवं पुतला दहन किया । भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश महामंत्री दिलीप पटोंदिया ने कहा की नेता प्रतिपक्ष ने रानी कमलापति का अपमान नहीं यह तो पूरे जनजाति समाज का अपमान है।

इस दौरान भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश महामंत्री दिलीप पटोंदिया, भाजपा वरिष्ठ नेता डॉ शरद विजयवर्गीय, भाजपा जिला उपाध्यक्ष विश्वास पांडे, भाजपा नगर अध्यक्ष विपिन राठौर और नितेश अग्रवाल,पूर्व नगर अध्यक्ष अनिल जैन बाबा,भाजपा नेता दीपक बाफना, ज्ञानेन्द्र त्रिपाठी,शिव पटेल,आशीष गोयल,अजय फकीरा, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा,भाजपा जन जाति मोर्चा से दीपक डामोर,लक्ष्मण पटेल,रवि कटारे,महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष कुसुम सौलंकी, युवा मोर्चा जिला महामंत्री कपिल यादव और अंकित भावसार,अजित जैन, जसप्रीत डंग, नवदीप सिंह चौहान, राजेश डाबी, जयराज देवड़ा,देवेंद्र रावल,बादल मालवीय,सोनिया राठौर,सौरभ त्रिपाठी,हरीश आर्य,अर्पित पटोंदिया, अमित शर्मा,करण पटेल,राजेश सिसौदिया, महेश बोड़ाने,सन्नी होड़ा,संतोष कुशवाह, अनिल गेहलोद, कमलेश बिजवा उपस्थित थे। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने दी।



# कुर्मी समाज द्वारा 23 अप्रैल से 29 अप्रैल तक होगा श्रीमद्भागवत का आयोजन

## तैयारियों को लेकर आज 17 अप्रैल को पुनः बैठक आयोजित होगी

सिवनी– कुर्मी क्षत्रिय समाज जिला सिवनी के तत्वाधान में आगामी 23 अप्रैल अक्षय तृतीया से 29 अप्रैल तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन यश लान परतापुर रोड सिवनी में किया जा रहा है।श्रीमद् भागवत कथा के दौरान व्यास पीठ पर पंडित श्री शैलेंद्र कृष्ण जी महाराज श्री वृंदावन धाम अपने मुखारविंद से कथा का रसपान कराएंगे। कथा के प्रथम दिवस दिनांक 23 अप्रैल को भव्य कलश यात्रा निकाली जावेगी जिसमें समस्त महिलाओं एवं अधिक से अधिक पुरुष भाइयों एवं नौजवान साथियों का समावेश रहेगा। कथा के दौरान दिनांक 26 अप्रैल एवं 28 अप्रैल को द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगदुरु शंकराचार्य स्वामी श्री सदानंद सरस्वती जी महाराज का आगमन होगा एवं दिनांक 29 अप्रैल को भंडारा महाप्रसाद के साथ कथा का समापन होगा। आयोजन के संबंध में अलग-अलग जिम्मेदारियां देने एवं कार्य विभाजन के संबंध में आज यश लान मैं बैठक संपन्न हुई। बैठक में उपस्थित समस्त सदस्यों से कुर्मी समाज के जिला अध्यक्ष गोपाल प्रसाद सनोदिया ने आयोजन में सभी स्व जातीय बंधुओं से तन मन एवं धन से सहयोग करने का आग्रह किया। बैठक में उपस्थित कुर्मी क्षत्रिय समाज के राष्ट्रीय संगठन मंत्री एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मोहन सिंह चंदेल ने अध्यक्ष महोदय एवं समस्त उपस्थित बंधुओं को आश्वस्त किया कि वे जो भी जिम्मेदारी एवं आदेश हम हैं देंगे हम अपनी पूरी सामर्थ लगाकर उसे पूर्ण करने में तत्पर रहेंगे। चूंकि यह आयोजन समाज की ओर से किया जा रहा है अतः स्कोर पूरी गरिमा के साथ संपन्न कराना हम सभी स्व जातीय बंधुओं का कर्तव्य है आयोजन के संबंध में जीवन सनोदियां ने जानकारी देते हुए बताया कि अभी तक क्या-क्या तैयारियां हो चुकी है और आयोजन के लिए क्या-क्या तैयारियां की जाना शेष है। तदुपरांत बैठक में उपस्थित समस्त सदस्यों के परामर्श से अलग-अलग कार्यो हेतु सभी सदस्यों को जिम्मेदारियां सौंपी गई। साथ ही दिनांक 17 अप्रैल 2023 को दोपहर 2 बजे यस लान परतापुर रोड सिवनी में बैठक बुलाए जाने का भी निर्णय लिया गया। समाज के अध्यक्ष गोपाल प्रसाद सनोदिया ने समस्त सामाजिक बंधुओं से उक्त बैठक में उपस्थित होकर अपने सुझाव प्रस्तुत करने की अपील की है।

# विकासखंड स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर मे सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों छात्र छात्राऐ ले सकेंगे भाग

दमोह । विगत वर्ष विवेक दत्त शर्मा जिला खेल अधिकारी शिक्षा विभाग के विशेष प्रयासों से पहली बार दमोह जिले के सभी विकासखंडों पर विकासखंड स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन स्कूल शिक्षा विभाग दमोह द्वारा किया गया था द्य जिसकी अपार सफलता को देखते हुए स्कूल शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन द्वारा दमोह जिले के इस प्रशिक्षण मॉडल को प्रदेश स्तर पर उतारा गया है द्य लोक शिक्षण संचालनालय मध्य प्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार दिनांक 5 मई से 5 जून 2023 तक जिले के सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के लिए ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन विद्यालय स्तर पर किया जाएगा द्य जिसके निर्देश सभी विद्यालयों के प्राचार्यो को जिला शिक्षा अधिकारी एस के मिश्रा दमोह द्वारा दे दिए गए हैं द्य

इस ग्रीष्मकालीन समर कैंप में* खेल प्रशिक्षण के साथ-साथ पेंटिंग, डांस, संगीत, गाना - बजाना तबला, बांसुरी, साइंस प्रोजेक्ट आदि का निशुल्क प्रशिक्षण विद्यालय स्तर पर दिया जाएगा द्य वही दमोह जिले के 5 नोडल विद्यालयों (स्पोर्ट्स ट्रेनिंग सेंटरो) शासकीय जेपीबी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह में हैंडबॉल शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय दमोह में ताइक्वांडो शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मारूताल में तीरंदाजी शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पथरिया में वॉलीबॉल शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हिंडोरिया में हॉकी का निशुल्क प्रशिक्षण शिविर लगाया जाएगा द्य नोडल विद्यालयों के समीप के सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र छात्राओं को निशुल्क खेल प्रशिक्षण खेल विशेषज्ञों द्वारा दिया जाएगा द्य खेल प्रशिक्षण के साथ-साथ सभी नोडल सेंटरो पर निशुल्क पौष्टिक आहार की व्यवस्था भी की जाएगी द्य प्रशिक्षण शिविर के उपरांत सभी विकासखंडों में विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा द्य विवेक दत्त शर्मा जिला खेल अधिकारी शिक्षा विभाग ने बताया द्य कि इस प्रशिक्षण शिविर के आयोजन से ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाएं सामने आएंगी द्य इस प्रशिक्षण शिविर को विगत वर्ष की अपेक्षा हम इस वर्ष और अधिक उच्च स्तरीय बनाने का प्रयास करेंगे द्य और हमारा प्रयास होगा द्य कि इस संपूर्ण जिले के प्रतिभावान छात्र छात्राओं के लिए शासन की इस योजना का लाभ प्राप्त हो



# ट्रूकॉलर ने लॉन्च किया एआई-पावर्ड 'फ्रॉड प्रोटेक्शन', यूज़र्स को स्कैमर्स से करेगा सुरक्षित

**मुंबई, एजेंसी।** ट्रूकॉलर पिछले एक दशक से धोखाधड़ी वाले फोन कॉल्स के बारे में यूज़र्स को सतर्क करता रहा है। हम स्पैम एसएमएस पर लगाम लगाने के लिए कम्युनिटी से मिले फीडबैक का उपयोग करते हैं। अब एसएमएस के ज़रिए धोखाधड़ी के बढ़ते मामलों को देखते हुए हम एआई-पावर्ड 'फ्रॉड प्रोटेक्शन' लेकर आए हैं। जिसमें यूज़र्स को धोखाधड़ी वाले मैसेज़ से सुरक्षित रखने के लिए यूज़र्स से मिले फीडबैक और हमारी प्रॉपराइटरी मशीन लर्निंग इंटेलीजेन्स का उपयोग किया गया है। यह खासतौर पर उन लोगों के लिए उपयोगी है जो धोखाधड़ी को समझ नहीं पाते और यह मान बैठते हैं कि उन्हें मिलने वाले मैसेज प्रमाणित बिज़नेस द्वारा भेजे गए हैं। वर्तमान में हमारा फ्रॉड प्रोटेक्शन सभी एंड्रोइड यूज़र्स के लिए उपलब्ध है, जो इंटेलीजेन्ट तरीके से धोखाधड़ी वाले मैसेजेज़ को पहचान लेता है। हमारा सिस्टम यूज़र की रिपोर्ट के बिना धोखाधड़ी के नए तरीकों को भी स्वतः ही समझ जाता है। नियमित स्पैम के विपरीत, फ्रॉड और स्कैम अक्सर दुर्भावनापूर्ण होते हैं। हमारे आस-पास हमेशा नए तरीके के फ्रॉड (धोखेबाज़ी के नए तरीके) पाए जाते हैं, जिन्हें खासतौर पर किसी वैद्य या प्रमाणित बिज़नेस के नाम पर भेजा जाता है। इससे आम लोग आसानी से इन्हें सच मान लेते हैं और एक सैकण्ड के भीतर अपनी मेहनत से कमाए पैसों से हाथ धो बैठते हैं।

# खेत में जौ उगाने से लेकर क्रिकेट खेलने तक- तिग्मांशु धूलिया ने 'गर्मी' के लिये क्या कुछ नहीं किया

**मुंबई, एजेंसी।** निर्देशक तिग्मांशु धूलिया को स्क्रीन पर कहानियों के वास्तविक और प्रामाणिक चित्रण के लिये जाना जाता है और उन्होंने अपने आगामी शो 'गर्मी' के दृश्यों को जितना संभव हो, असली रखने के लिये कोई कसर नहीं छोड़ी है। एक्शन से भरपूर इस यूथ पॉलिटिकल ड्रामा में अरविंद शुक्ला की कहानी दिखाई गई है, जोकि एक नौजवान है और सिविल सर्वेंट बनने की आकांक्षाएं लेकर अपने होमटाउन से बाहर निकलता है। जब तिग्मांशु अपने शो के लिए रेकी करने निकले, तब उन्हें लगा कि एक खास दृश्य के लिये लहराती हुई जौ के खेत खोजना बहुत मुश्किल था। तो आर्टिफिशियल सेट बनाने के बजाए, उन्होंने अपने होमटाउन इलाहाबाद में शूटिंग की जगह के पास एक पट्टे पर जौ उगाने का फैसला किया। इस सीन को लेकर अपना अनुभव बताते हुए उन्होंने कहा, हमें खेत में 6 फीट लंबी जौ उगाने के लिये डेढ़ महीना लगा, ताकि उस सीन के सार को संजोया जा सके। मुझे सही भावनाएं उजागर करने और दर्शकों से जुड़ने के लिये शो को असली रखने पर यकीन है। प्रयागराज में शेड्यूल के आखिरी दिन उस दृश्य की शूटिंग हुई और वह शो की हाईलाइट बन गया। अपने शो केलिये पूरे समर्पण के अलावा, तिग्मांशु ने शूटिंग के दौरान खुद को और अपनी टीम को आराम देना और ऐक्टिविटीज से जोड़े रखना भी सुनिश्चित किया। पैक-अप के बाद वह क्रिकेट खेलते या यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों से बात करते थे। उन्होंने आगे कहा, हर कभी राहत लेना और फिर गति को जारी रखना महत्वपूर्ण है।

# 'गर्मी' के व्योम यादव के लिये यह है दुनिया का सबसे आनंददायक अनुभव



**मुंबई, एजेंसी।** कहा जाता है कि किसी भी पैरेंट के लिए अपने बच्चे की तरक्की देखने से ज्यादा खुशी की बात और कोई दूसरी नहीं हो सकती। जब पैरेंट्स को अपने बच्चों पर गर्व होता है, तब वे मूल्य और गुण दिखते हैं, जो उन्होंने वर्षों तक अपने बच्चों को दिये। ऐसे ही प्राउड पैरेंट्स में शामिल हैं सोनी लिव के सबसे प्रतीक्षित शो 'गर्मी' के अरविंद शुक्ला, यानि व्योम यादव के माता-पिता। व्योम इस शो में छोटे शहर के एक गर्म दिमाग के और प्रभावशाली नौजवान की भूमिका निभा रहे हैं जोकि एक सिविल सर्वेंट बनना चाहता है। उनके ओटीटी डेब्यू के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, इस शो के लिये कास्ट होना सपने के सच होने जैसा था। मैं तिशू सर (तिग्मांशु धूलिया) की फिल्में देखकर बड़ा हुआ हूँ और मुझे उनकी सभी फिल्में पसंद आई हैं। तो इस रोल के लिये कॉल मिलना मेरे लिये हमेशा यादगार रहेगा। अपने डेब्यू पर अपने पैरेंट्स की प्रतिक्रिया के बारे में उन्होंने कहा, मेरे पिता ने 'हासिल' देखी थी और जब मैंने उन्हें बताया कि मुझे उसी के डायरेक्टर का एक प्रोजेक्ट मिला है, तब वह काफी खुश थे।

# नया डेटॉल लिक्विड हैंडवॉश मॉइश्चर सील फॉर्मूले के साथ देता है 99.99 प्रतिशत सुरक्षा




**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के सबसे भरोसेमंद जर्म प्रोटेक्शन ब्रांड डेटॉल ने 99.99 प्रतिशत जर्म प्रोटेक्शन के साथ मॉइश्चर सील लाभ प्रदान करने के लिए अपने ऑरिजनल लिक्विड हैंडवॉश के फॉर्मूले को फिर से तैयार किया है। अतिरिक्त तत्वों के साथ तैयार किया गया, नया डर्मटॉलॉजिकली टेस्टेड डेटॉल लिक्विड हैंडवॉश प्रत्येक उपयोग के बाद हाथों को नरमी और कोमलता का अहसास कराता है। डेटॉल ने हमेशा ग्राहकों के लिए सबसे बेहतर हैंड हाइजीन सॉल्यूशन पेश करने की दिशा में काम किया है। यह सॉल्यूशन कीटाणुओं को मारता है और त्वचा को बेहतर तरीके से साफ करता है। अपनी शुरुआत के बाद से, डेटॉल ने ग्राहकों को इस बात को लेकर भी जागरुक बनाने पर ध्यान दिया है कि आपस में साबुन को साझा करने से रोगाणु भी एक दूसरे के शरीर में प्रवेश कर सकते हैं। इसे ध्यान में रखते हुए डेटॉल लिक्विड हैंडवॉश जैसा बेहतर सॉल्यूशन प्रदान करता है। इसमें ग्राहकों को शुद्ध और स्पर्शरहित लिक्विड सोप मिलता है। यह इम्प्रव्ड लिक्विड हैंडवॉश बीते 5 सालों में डेटॉल के लिए इस कैटेगरी में किया गया पहला रिफॉर्म्युलेशन है, जो 99.99 प्रतिशत जर्म प्रोटेक्शन जैसे लाभ के साथ ही, बार-बार हाथ धोने पर हाथों के रूखेपन जैसी ग्राहकों की सबसे बड़ी समस्या को भी हल करता है। नया और बेहतर मॉइश्चर सील फ़ॉर्मूला हाथों को नरम बनाता है।

# 3 घंटे तक अधिकारियों को इंतजार करात रहा दुकानदार, आने के बाद जप्त हुई पॉलिथीन

भोपाल। घाटखेड़ी में दोना पत्तल की दुकान पर सिंगल यूज प्लास्टिक और थर्माकोल के कप प्लेट और गिलास की दुकान पर जब नगर निगम, जिला प्रशासन और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण मंडल के अधिकारी कार्रवाई करने पहुंचे तो दुकानदान तीन घंटे तक अधिकारियों को परेशान करता रहा, लेकिन जब अधिकारी दुकान पर ही डेरा डालकर बैठ गए तो उसे मजबूरी में दुकान खोलना पड़ी। इस दौरान दुकान और गोडाउन से सिंगल यूज प्लास्टिक के दो बड़े कार्टून और थर्माकोल की आठ बोरियां जप्त की गईं और दुकानदार पर 10 हजार रुपए का जुर्माना भी किया गया।?

तीन घंटे तक दुकानदार का इंतजार करते रहे अधिकारी ¬



विदिशा रोड स्थित घाटखेड़ी में गणपति दोना पत्तल दुकान के संचालक राजेश कुमार सेन के दुकान और गोडाउन पर जिला प्रशासन, नगर निगम और केंद्रीय प्रदूषण मंडल के अधिकारियों ने सोमवार को छापा मारा। जब इसकी जानकारी दुकानदार को मिली तो उसने अधिकारियों से कहा कि वो सूखी सेवनिया में किसी पार्टी में गया हुआ है। इस दौरान दुकानदार दुकान के बाहर ही उसका इंतजार करते रहे और 3 घंटे बाद उसके लौटने पर दुकान का ताला खुलवाया। इस दौरान दुकान में सिंगल यूज प्लास्टिक और थर्माकोल के कप, प्लेट और गिलास पाए गए, जिसे जप्त कर दुकानदार पर 10 हजार का जुर्माना लगाया गया।

# देश में वित्त वर्ष 2022-23 में बिजली की मांग 9.5 प्रतिशत बढ़ी, एक दिन में सबसे अधिक 207.23 गीगावाट रही डिमांड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में आर्थिक गतिविधियों में सुधार के चलते बढ़ी मांग से वित्त वर्ष 2022-23 में बिजली की खपत में 9.5 प्रतिशत की वृद्धि रही है। पिछले वित्त वर्ष में कुल 1,503.65 अरब डालर बिजली की खपत रही है। केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) के डाटा के अनुसार, वित्त वर्ष 2021-22 में बिजली की कुल खपत 1,374.02 अरब यूनिट रही थी।



डाटा के अनुसार, पिछले वित्त वर्ष में एक दिन की सबसे अधिक बिजली की मांग 207.23 गीगावाट रही है। 2021-22 में यह 200.53 गीगावाट थी। विशेषज्ञों का अनुमान है कि वित्त वर्ष 2023-24 में बिजली की खपत और मांग में काफी सुधार होगा। बिजली मंत्रालय ने अनुमान जताया है कि इस बार गर्मियों में सबसे अधिक बिजली की मांग बढ़कर 229 गीगावाट पर पहुंच सकती है। इसको देखते हुए मंत्रालय ने पहले ही कोयला आधारित संयंत्रों को पूरी क्षमता से संचालन के लिए कोयला आयात करने के लिए कहा है।

**कोयला आयात करने के निर्देश-** इसके अलावा घरेलू कोयले पर आधारित संयंत्रों को मिश्रण के लिए कोयला आयात करने के लिए कहा गया है ताकि बिजली की अप्रत्याशित मांग को पूरा किया जा सके। विशेषज्ञों का कहना है कि बिजली की खपत में वृद्धि से स्पष्ट संकेत मिलता है कि देश में आर्थिक गतिविधियों में सुधार हो रहा है। इसके अलावा मार्च 2023 में वर्षा नहीं होने के कारण भी 2022-23 में बिजली खपत में करीब दो अंकों की वृद्धि रही है।

# चीन को पछाड़ भारत का सबसे बड़ा कारोबारी भागीदार बना अमेरिका, 2022-23 में 128.55 अरब डालर का हुआ कारोबार



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आर्थिक समझौतों में वृद्धि की बदौलत वित्त वर्ष 2022-23 में अमेरिका भारत का सबसे बड़ा कारोबारी भागीदार के रूप में उभरा है। वाणिज्य मंत्रालय के प्रारंभिक डाटा के अनुसार, पिछले वित्त वर्ष में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय कारोबार 7.65 प्रतिशत बढ़कर 128.55 अरब डालर रहा है। दोनों देशों के बीच 2021-22 में 119.5 अरब डालर और 2020-21 में 80.51 अरब डालर का द्विपक्षीय कारोबार हुआ था।

डाटा के अनुसार, 2022-23 में अमेरिका को कुल निर्यात 2.81 प्रतिशत बढ़कर 78.31 अरब डालर रहा है। 2021-22 में अमेरिका को 76.18 अरब डालर का निर्यात किया गया था। वहीं, पिछले वित्त वर्ष में आयात 16 प्रतिशत बढ़कर 50.24 अरब डालर रहा है। दूसरी ओर, 2022-23 में चीन के साथ द्विपक्षीय कारोबार 1.5 प्रतिशत घटकर 113.83 अरब डालर रहा है। 2021-22 में भारत और चीन के बीच 115.42 अरब डालर का कारोबार हुआ था।

**चीन के साथ व्यापार घाटा-** इस अवधि में चीन को निर्यात 28 प्रतिशत बढ़कर 15.32 अरब डालर रहा है, जबकि आयात 4.16 प्रतिशत बढ़कर 98.51 अरब डालर रहा है। चीन के साथ व्यापार घाटा बढ़कर 83.12 अरब डालर रहा है, जो 2021-22 में 72.91 अरब डालर था।विशेषज्ञों ने भरोसा जताया है कि भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय कारोबार में आने वाले वर्षों में और वृद्धि होगी।

# नोएडा में वाहनों की बिक्री में आया उछाल, सेमी कंडक्टर की उपलब्धता और वाहनों के तेज उत्पादन तेज हुआ पंजीकरण

**नोएडा, एजेंसी।** कोरोना महामारी का असर कम होने के बाद जिले में वाहनों की खरीदारों में बूम देखने को मिला है। इसमें लोगों ने वाहनों की जमकर खरीदारी की है। वाहनों की खरीदारी में तेजी पूरे वर्ष बाजार में बरकरार रही। परिवहन विभाग के आकड़े बताते हैं कि जिले में वर्ष 2022-23 के वित्त वर्ष में वाहनों के पंजीकरण की संख्या एक लाख से अधिक हुई।



पिछले वर्ष की तुलना में वाहनों के पंजीकरण में 52 प्रतिशत का उछाल देखने को मिला है। इसमें 2022-23 में एक लाख 17 हजार 576 वाहन पंजीकृत हुए। इसमें से 42, 225 चार पहिया व 63843 दो पहिया वाहन व 11 हजार 508 की संख्या में आटो, ई- रिक्शा व अर्थ मूवर सहित अन्य प्रकार के वाहनों का पंजीकरण हुआ है। ऐस होंडा सेल्स के जीएम सेल्स आशीष बताते हैं कि पहले से बुकिंग कराई गई गाडियों की डिलीवरी पिछले क्वार्टर में तेजी से हुई। मैन्यूफैक्चर की तरफ से गाड़ियों का उत्पादन तेजी से किया गया। सेमी कंडक्टर चिप की उपलब्धता भी अधिक हुई है। इसके साथ ही अप्रैल से बीएस छह के फेज दो की शुरूआत अप्रैल से शुरू हो गई , इससे गाड़ियां महंगी हुई। मार्च तक वाहनों की अधिक डिलिवरी हुई है। इससे आटोमोबाइल सेक्टर में तेजी देखने को मिली है। हालांकि अभी भी गाड़ियों का बैकलाग बना हुआ है। इससे वाहनों की डिलिवरी भी नहीं हो रही।

**मांग बरकरार होने से कम नहीं हो रही वेटिंग-** विभिन्न कंपनियों के आटो मोबाइल विशेषज्ञ बता रहे हैं कि मांग अधिक है। इसके कारण गाड़ियों की अधिक वेटिंग भी बनी हुई है। सेमीकंडक्टर चिप की उपलब्धता होने के बाद भी आर्डर लगातार अधिक मिल रहे। इसके कारण चार पहिया वाहनों में एक महीने से लेकर डेढ़ वर्ष तक की वेटिंग बनी हुई है। वहीं, युवाओं को सुविधायुक्त गाड़ियां पसंद आ रही। विशेषज्ञों का दावा है कि आटोमोबाइल के बाजार में और अधिक बेहतर होने की उम्मीद है। चार पहिया में सबसे अधिक गाड़ियां एसयूवी सेगमेंट की बिकी व बुकिंग हैं।

# रिसर्च के लिए वैश्विक सहयोग और डायग्नोस्टिक्स के लिए क्षेत्रीय विनिर्माण में तेजी को मजबूत करने के लिए जी20 दूसरे स्वास्थ्य कार्य समूह से पहले प्रमुख हितधारकों की बैठक

**मुंबई, एजेंसी।** फार्मास्यूटिकल्स विभाग, भारत सरकार, फाइंड और यूनिटेड ने त20 सेकंड स्वास्थ्य कार्य समूह की बैठक जो 17-19 अप्रैल 2023 गोवा में होगी से पहले सहयोग को मजबूत करने और सतत विकास और प्रभावी, गुणवत्ता और सस्ती नैदानिक प्रत्युपायों के निर्माण को सक्षम करने के लिए एक उच्च-स्तरीय बैठक की सह-मेजबानी की। उपस्थिति में हितधारकों में भारत सरकार और जी20 सदस्य राज्यों (ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, यूनाइटेड किंगडम, इंडोनेशिया, रूस, ब्राजील और पर्यवेक्षक मॉरीशस, नीदरलैंड, ओमान), अंतर्राष्ट्रीय संगठनों और दुनिया भर के 20 से अधिक डायग्नोस्टिक्स निर्माताओं के प्रतिनिधि शामिल थे।

कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए, फार्मास्यूटिकल्स विभाग की सचिव सुश्री एस अपर्णा ने कहा कि, डायग्नोस्टिक्स की केंद्रीयता एक महामारी के लिए परीक्षण से कहीं आगे तक फैली हुई है। रोग की बेहतर रोकथाम और उपचार के लिए निदान महत्वपूर्ण हैं, और विस्तार से सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज (यूएचसी) प्राप्त करना। भारत सरकार निदान के लिए गुणवत्ता, सामर्थ्य और पहुंच सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। हम आशा करते हैं कि दूसरी स्वास्थ्य कार्य समूह की बैठक में विचार-विमर्श को आगे बढ़ाया जाएगा। क्षेत्र-उपयुक्त अनुसंधान और निदान के विकेन्द्रीकृत उत्पादन के माध्यम से निदान उत्पादों का क्षेत्रीय विकास असमानताओं को कम करने, स्वास्थ्य सुरक्षा बढ़ाने, महामारी की रोकथाम, तैयारी और प्रतिक्रिया क्षमताओं सहित,सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज का समर्थन करने और क्षेत्रीय आर्थिक विकास में योगदान करेगा। संजय सरीन, वाइस प्रेजिडेंट ऑफ़ एक्सेस, फाइंड ने कहा कि, महामारी ने डायग्नोस्टिक्स के निर्माण के लिए एक अधिक विकेन्द्रीकृत मॉडल की भूमिका को बढ़ा दिया है, जो वैश्विक और क्षेत्रीय विनिर्माण को समान रूप से जोड़ती है, जो दुनिया भर में डायग्नोस्टिक्स के लिए समान और स्थायी पहुंच के समर्थन में है। त20 की प्राथमिकताओं के अनुरूप, हम मानते हैं कि विकेंद्रीकृत विनिर्माण निदान तक पहुंच बढ़ाने और सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज प्राप्त करने के व्यापक मिशन का समर्थन करता है।

# एसबीआई ने फिर से शुरू की अमृत कलश स्पेशल एफडी, इस स्कीम में मिल रहा तगड़ा ब्याज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के सबसे बड़े सरकारी क्षेत्र के बैंक एसबीआई की ओर से स्पेशल एफडी स्कीम अमृत कलश को दोबारा से लॉन्च कर दिया गया है। अब निवेशक 30 जून, 2023 तक इस स्पेशल एफडी में निवेश कर सकते हैं। एसबीआई की अमृत कलश स्पेशल एफडी स्कीम 31 मार्च को समाप्त हो गई थी। बैंक की आधिकारिक वेबसाइट पर अमृत कलश स्पेशल एफडी स्कीम को दोबारा से लॉन्च करने का नोटिफिकेशन भी निकाला जा चुका है। अमृत कलश एसबीआई की ओर से पेश की जाने वाली एक स्पेशल एफडी स्कीम है। इस पर सामान्य नागरिकों 7.10 प्रतिशत का और वरिष्ठ नागिरकों को 7.60 प्रतिशत का ब्याज दिया जा रहा है। इसका मैच्योरिटी पीरियड 400 दिनों का है। इस स्कीम का लाभ दो करोड़ रुपये से कम की एफडी कराने पर ही मिलता है। एसबीआई अमृत कलश स्पेशल एफडी में ब्रांच में जाकर या फिर ऑनलाइन ही निवेश कर सकते हैं। इसमें मैच्योरिटी पूरी होने से पहले भी आप पैसे की निकासी कर सकते हैं।

# गोल्ड खरीदने का शानदार मौका, कैश डिस्काउंट के साथ मेकिंग चार्ज पर छूट जैसे कई ऑफर

**नई दिल्ली,एजेंसी।** घर में सुख और समृद्धि लाने के लिए अक्षय तृतीय के दिन सोना खरीदना बहुत शुभ माना गया है। इस कारण लोग सोना-चांदी के सिक्के और आभूषणों की जमकर खरीदारी करते हैं। इस बार अक्षय तृतीय का शुभ दिन 22 अप्रैल को है, जिस वजह से ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए विक्रेता कई तरह के डिस्काउंट ऑफर्स दे रहे हैं। इनमें मेकिंग चार्जेज पर छूट और फ्री सोने की सिक्के जैसे कई शानदार ऑफर्स दिए जा रहे हैं।



**मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स-** मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स अक्सर तृतीय ऑफर के तहत सोने के सिक्के फ्री में दिए जा रहे हैं। इसमें ग्राहकों को 30,000 रुपये से अधिक गोल्ड ज्वेलरी की खरीद पर 100 द्वद्द गोल्ड क्वाइन मिलेगा। वहीं, डाइमंड, जेमस्टोन और पोल्की की खरीदारी पर 250 द्वद्द गोल्ड क्वाइन मिलेगा। यह ऑफर केवल 30 अप्रैल तक के लिए है।

**तनिष्क-** टाटा के ज्वैलरी ब्रांड तनिष्क और इसके सब-ब्रांड एमआइए के सोने के आभूषणों पर मेकिंग चार्ज पर डिस्काउंट दिया जा रहा है। गोल्ड ज्वेलरी और डायमंड ज्वेलरी की खरीद पर मेकिंग चार्ज पर 25 फीसदी तक की छूट का लाभ मिल रहा है। ग्राहक इस ऑफर का लाभ 14 अप्रैल से लेकर 24 अप्रैल, 2023 तक उठा सकते हैं।

**सेनको गोल्ड एण्ड डाइमंड-** सेनको गोल्ड और डायमंड अपने गोल्ड और डाइमंड के गहनों के मेकिंग चार्ज पर 50 प्रतिशत डिस्काउंट दे रहा है। वहीं, गहनों के मेकिंग चार्ज महज 8 प्रतिशत से शुरू हो रहा है। पुराने सोने के गहनों के बदले नए गहने लेने पर कोई एक्सचेंज रेट नहीं लिया जा रहा है।

**पीसी चंद्रा ज्वैलर्स-** अक्षय तृतीया के मौके पर पीसी चंद्रा ज्वैलर्स भी डिस्काउंट ऑफर लेकर आई है। इसमें सभी तरह के गहनों पर 15 प्रतिशत तक मेकिंग चार्ज डिस्काउंट दिया जा रहा है। वहीं, सोने के गहनों पर 125 रुपये प्रति ग्राम की छूट दी जा रही है। यह ऑफर 7 अप्रैल से लेकर 26 अप्रैल तक के लिए दिए जा रहे हैं।

# मारुति सुजुकी ने पेश की नई, ज्यादा शक्तिशाली सुपर कैरी




## ● भारत का सबसे शक्तिशाली मिनी-ट्रक

**मुंबई, एजेंसी।** मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने अपने हल्के कमर्शियल वाहन सुपर कैरी का उन्नत संस्करण पेश करने की घोषणा की है। बेहतर गुणवत्ता और प्रदर्शन को महत्व देने वालों के लिए निर्मित, सुपर कैरी अब मारुति सुजुकी के उन्नत 1.2 लीटर, के-सीरीज डुअल जेट, डुअल वीवीटी इंजन द्वारा संचालित है।

मारुति सुजुकी का सुपर कैरी मिनी-ट्रक 4-सिलेंडर इंजन द्वारा संचालित है, जो अब पेट्रोल मॉडल में 6000आरपीएम पर 59.4केडब्ल्यू (80.7पीएस) की अधिकतम पावर और 2900आरपीएम पर 104.4एनएम का अधिकतम टॉर्क के साथ बेहतर प्रदर्शन प्रदान करता है। नए इंजन को उन्नत फाइव-स्पीड मैनुअल ट्रांसमिशन से जोड़ा गया है, जो बेहतर ग्रेडेबिलिटी प्रदान करता है जिससे ग्राहकों को पहले की तुलना में अधिक बेहतर ग्रेडिएंट ड्राइव का अनुभव मिलता है।

नई सुपर कैरी को पेश करते हुए शशांक श्रीवास्तव, सीनियर एग्जीक्यूटिव ऑफिसर, मार्केटिंग एंड सेल्स, मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड,ने कहा, मारुति सुजुकी हमेशा ऐसे उत्पादों को पेश करने में भरोसा रखती है, जो ग्राहकों की अपेक्षाओं से कहीं अधिक हों। भारतीय मिनी-ट्रक ग्राहकों की अनूठी जरूरतों के लिए निर्मित सुपर कैरी को कमर्शियल वाहन खंड में अच्छी तरह से स्वीकार किया गया है, 2016 में लॉन्च होने के बाद से इसकी 1.5 लाख यूनिट बिक चुकी हैं। नई सुपर कैरी ग्राहकों को एक उत्कृष्ट मूल्य प्रदान करना आगे भी जारी रखेगी। हमें पूरा भरोसा है कि यह हमारे कमर्शियल ग्राहकों के लिए एक आदर्श साथी है और उनकी सफलता में अच्छा भागीदार साबित होगा।

नई सुपर कैरी के लॉन्च के साथ, मारुति सुजुकी ने एक नया सीएनजी कैब चेसिस वेरिएंट भी पेश किया है। ये मिनी ट्रक सीएनजी डेक, गैसोलाइन और बेहतर राइड कम्फर्ट इसके आकर्षण को बढ़ाता है।नई सुपर कैरी ड्राइविंग और यात्रा के बीच में ब्रेक के दौरान बेहतर आराम के लिए फ्लैट सीट डिजाइन के साथ विशाल इंटीरियर के पेशकश करती है। इसके अलावा, सुपर कैरी एस-सीएनजी वेरिएंट 5 लीटर आपातकालीन पेट्रोल टैंक के अपने अनूठे प्रस्ताव के साथ आती है, जो ग्राहकों को मन की संतुष्टि प्रदान करता है।

# आईआईटी मद्रास के वैज्ञानिकों ने खून की नलियों के स्वास्थ्य का हाल जानने का एक विश्वसनीय और आसान डिवाइस बनाया




**चेन्नई, एजेंसी।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास के शोधकर्ताओं ने खून की नलियों के स्वास्थ्य का हाल जानने और उम्र का असर समझने के लिए एक अभिन्व, गैर-शल्य उपकरण बनाया है जिससे हृदय रोगों की शुरुआती जांच बहुत आसानी से होगी। आर्टसेंस नामक यह उपकरण इस तरह बना है कि जो विशेषज्ञ नहीं हैं वे भी सामान्य चिकित्सा जांच में आसानी से इसका उपयोग कर खून की नलियों के स्वास्थ्य का हाल जान सकते हैं और तदनुसार भविष्य में सचेत रहने की सलाह दे सकते हैं। डिवाइस में एक प्रोपराइटरी नॉन-इमेजिंग प्रोब और एक इंटेलिजेंट कंप्यूटिंग प्लेटफॉर्म है और इसका विकास आईआईटी मद्रास के हेल्थकेयर टेक्नोलॉजी इनोवेशन सेंटर (एचटीआईसी) ने किया है।

डिवाइस का परीक्षण 5,000 से अधिक मनुष्यों पर किया जा चुका है और इस टेक्नोलॉजी को यू.एस., यूरोपीय संघ और भारत में पांच युटिलिटी पेटेंट, 10 डिजाइन पेटेंट प्राप्त हैं और विभिन्न अधिकार क्षेत्रों में 28 पेटेंट मिलने वाले हैं। यह प्रोडक्ट व्यापक परीक्षण के बाद टेक्नोलॉजी ट्रांस्फर और व्यावसायीकरण के लिए तैयार है। आईआईटी मद्रास की टीम ने इसके उपयोग से सालाना एक लाख से अधिक वैस्कुलर स्क्रीनिंग (रक्त वाहिकाओं की आरंभिक जांच) का लक्ष्य रखा है।

# रजिस्ट्री कार्यालय में रिश्वत लेते पकड़ाया बाबू

## लोकायुक्त पुलिस ने 10 हजार लेते रंगे हाथों पकड़ा, सर्विस प्रोवाइडर का लायसेंस रिन्यू करने मांगे थे 25 हजार



**छिंदवाड़ा ।** रजिस्ट्री कार्यालय में सोमवार को जबलपुर लोकायुक्त की टीम ने एक बाबू को दस हजार रूपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया बाबू ने एक सर्विस प्रोवाइडर का लाइसेंस रिन्यू करने के लिए रिश्वत मांगी थी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला पंजीयक कार्यालय में पदस्थ बाबू देवी प्रसास ग्यासवंशी ने सर्विस प्रोवाइडर इंदर कुमार साहू से लायसेंस रिन्यू करने के लिए 25 हजार रूपए मांगे थे। जिस पर 10 हजार रूपए में सौदा तय हुआ लेकिन बाबू को मालूम नहीं था कि मामला लोकायुक्त तक पहुंच गया है सोमवार को कार्यालय में लोकायऊकत की टीम ने अपना जाल बिछाया और दसय हजार रूपए नगद देकर इंदर साहू को बाबू के पास भेज दिया बाबू ने दफ्तर में जैसे ही दस हजार रूपए लिए लोकायुक्त की टीम ने बाबू को रंगे हाथों ट्रेप कर लिया बाबू देवी प्रसास दे रूपए जब्त कर लोकायुक्त ने भ्रष्टाचार निरोधी अधिनियम में आपराधिक मामला दर्ज कर लिया है। रजिस्ट्री का कार्य अब सर्विस प्रोवाइडर के माध्यम से हो रहा है। जिले भर में 80 ज्यादा प्रोवाइडर कार्यरत हैं इन प्रोवाइडरों को लाइसेंस और ऑनलाइन आईडी उपलब्ध कराने का कार्य विभाग का होता है। डीलिंग क्लर्क द्वारा यहां प्रोवाइडरों से धन उगाही का काम कर रहा था। जो आज शिकायत के बाद लोकायुक्त द्वारा पकड़ा गया। लोकायुक्त जबलपुर की टीम में स्वन्पिल दास डीएसपी, लोकायुक्त निरीक्षक भूपेन्द्र कुमार दीवान, सहित अन्य सदस्य शामिल थे। लोकायुक्त पहले भी जिले में दर्जन भर अधिकारी और कर्मचारियों को रिश्वत लेते हुए पकड़ चुका है। लेकिन फिर भी विभागों में रिश्वत लेने से अधिकारी कर्मचारी में डर नहीं है।

## क्रांतिकारी साहित्यकार एस.आर. शेंडे हुए सम्मानित



**सौंसर ।** अपनी क्रांतिकारी कविताओं के माध्यम से जुल्म के खिलाफ आवाज उठाने वाले महामहिम राष्ट्रपति के हस्ते डॉ.अम्बेडकर फेलोशिप से पुरस्कृत सशक्त क़लमकार एस.आर.शेंडे को सम्राट अशोक बुध्द विहार समिति नागपुर द्वारा डॉ.बाबासाहब भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर भव्य काव्य ग़ज़ल सम्मेलन में उनकी अम्बेडकरी बहुजन आंदोलन में संघर्षमय साहित्यिक सहभागिता के लिए गुलदस्ता व सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। सुप्रसिद्ध अम्बेडकरी चिंतक मनोहर गजभिए की अध्यक्षता में सम्पन्न काव्य ग़ज़ल महफिल में विद्रोही कवि भूषण भस्में, शालिक जिल्हेकर, हृदय चक्रधर, सूर्यकांत मूनघाटे, माणिक खोबरागड़े, वामन नील, दीपक बंसोड, डॉ.मोनाली पोफरे, डॉ.सुनंदा जुलमे, चितरंजन चौरे, ड़ी.एम.शिर्के, दिगम्बर चन्कापुरे, निर्मला जीवने,आदि कवियों ने एक से बढकर एक रचनाएं पढी। सौंसर के कवि एस.आर.शेंडे ने क्रॉंति की मशाल बुझने नहीं देंगे,भारत का संविधान बदलने नही देंगे कविता सुनाकर खूब तालियां बटौरी ।

## 15 साल से बंद पटेल आखाड़ा का होगा पुनः विस्तार

**छिंदवाड़ा ।** हमारी संस्कृति धरोवर परिपाठी में एक हमारे छिंदवाड़ा के सबसे प्राचीन आजादी के समय से लगभग 70 साल पुराना पटेल आखाड़ा कोष्टपुरा छोटी बाज़ार में स्थित हैं। जो कि विगत 15 सालों से पटेल अखाड़े का संचालन किन्ही कारणों से बंद पड़ा हुआ था। छोटी बाज़ार कोष्टापुरा क्षेत्र के युवाओं ने विगत कई सालों से इस अखाड़े को पुनः रूप से संचालित करने के प्रयास में कार्यरत थे। सभी युवाओं की एकजुटता शक्ति और हनुमान जी की भक्ति के फलस्वरूप यह पटेल अखाड़े को पुनः खुलवाने संचालित करने में सफलता मिली हैं। इस वर्ष हनुमान जन्ममहोत्सव में यह अखाड़े में युवाओं के द्वारा 108 हनुमान चालीसा पाठ, पूजन पाठ, हवन एवं रात्रि में विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा हैं। आप समस्त सनातनी धर्म प्रेमी बंधुओ से निवेदन कि आप इस ऐतिहासिक धरोवर के दर्शन, प्रसादी लेने अवश्य पधारे।




## स्वर्णकार महिला मंडल का सुहागले पूजा



छिंदवाड़ा । समाजसेवा के क्षेत्र में सतत अग्रसर रहने वाले, हमारे स्वर्णकार महिला मंडल छिंदवाड़ा, की बहनों द्वारा प्रतिमाह कुछ न कुछ सामाजिक कार्य किये जाते है, उसी कड़ी में इस माह,108 सुहागन महिलाओं क़ो आमंत्रित क़र, सुहागलों की पूजा का आयोजन, स्थानीय स्वर्णकार भवन छोटी बाज़ार , में किया गया जिसमें स्वजातीय बहनों ने बड़े उत्साह से भाग लिया और पूजन, भजन के साथ स्वादिस्ट भोजन का प्रसाद भी ग्रहण किया। संघठन की वरिष्ठ संरक्षक श्रीमती संध्या विजय सोनी एवं संघठन की सभी सदस्यों के विशेष सहयोग से कार्यक्रम बेहद सफल रहा.। महिला मंडल ने सभी बहनों को कार्यक्रम के लिए आभार व्यक्त किया।

## बाल संस्कार का लक्ष्य सुसंस्कारी हो बच्चे



छिंदवाड़ा ।प्रत्येक रविवार को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी बाटी का चंदन गांव मैं चलाए जाने वाले बाल संस्कार केंद्र मैं आज बच्चों को योगासन ,प्राणायाम ,ओम मंत्र का 4 गुंजन एकाग्रता को कैसे बनाए रखें एवं उनका हमारे जीवन में क्या महत्व हैं बाल संस्कार केंद्र के रोशन सिंगनापुरे बताया कि बाल संस्कार केंद्र में आने से बच्चों का सर्वांगीण विकास होताऔर इसको लेकर बच्चों की खासी रूचि नजर आती है बच्चे नियमित रूप से प्रत्येक रविवार को बाल संस्कार केंद्र में आते हैं और यहां की दिव्य संस्कारों को अपने जीवन में अपनाने का प्रयास करते हैं साथ ही उनके माता-पिता भी लगातार हमें सहयोग प्रदान कर रहे हैंभारत को विश्व गुरु बनाना है तो आज के बच्चों को संस्कार देने हैं आवश्यक है इस अवसर पर विमल शेरके रोशन सिंगनापुरे सुखदेव मानकर कांता वानखेडे बाल संस्कार के बच्चे उपस्थित रहे।

## मदिना मस्जिद चांदामेटा में रोजा अफ्तारी कराया



**परासिया ।** मदिना मस्जिद चांदामेटा में नगर परिषद चांदामेटा बुटरिया द्वारा रोजा अफ्तारी कराया गया । जिसमें मो अबरार, नगर परिषद अध्यक्ष गोविन्द बजोलिया, उपाध्यक्ष अमजद खान, हाजी जावेद अली,अंजुमन सदर साबिर खान सभापति तौफिक खान, सेक्रेटी रिजवान खान कार्यकारी सदर राजिक भाई नगर परिषद पार्षद बलराम सरेयाम,पवन बावरिया, संतोष गजभिये, खालिक भाई मनोज सनोडिया, दिनेष भाई, धीरज ताम्रकार जुगल विष्वकर्मा, इज्जू भाई, आविद भाई, और नगर परिषद के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे ।

## मोठार गौशाला में तड़प तड़प के मर रही गौ माता

### मोहनसुधा गौशाला फिर बनी चर्चा का विषय



**परासिया ।** जिले के जनपद पंचायत परासिया से दिल दहला देने वाली ख़बर।ग्राम पंचायत मोठार के ग्राम ढबेरा में संचालित प्रशासनिक मोहनसुधा गौशाला में गायों का बुरा हाल है!आए दिन गायों की मौत हो रही है!प्रशासन और अधिकारी गहरी निंद्रा में सोए हुए है।आपको बता दें कि मोहनसुधा गौशाला में गायों की देखरेख और चारा पानी की व्यवस्था इतनी बदहाल है कि देख आपकी रूह कांप जाएगी। न ही पंचायत सरपंच सचिव का इस ओर कोई ध्यान है और न ही जिम्मेदार ध्यान देना चाहते हैं।हिंदू धर्म में गाय को माता कहा जाता है वही मोठार में गायों की मृत्यु होने के बाद सरेआम जंगल में फेका जा रहा है।पंचायत सरपंच से बात करने के लिए उन्हें फोन भी किया गया लेकिन उन्होंने फोन उठाना जरूरी नहीं समझा!जनपद सी ओ (मुख्य कार्यपालन अधिकारी)से फोन में जानकारी देते हुए गोसेवको के द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई लेकिन कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला!मिली जानकारी के अनुसार गोसेवको के द्वारा मृत गायों को जेसीबी से गड्ढा खोदकर विधिवत अंतिम संस्कार किया गया!अंतिम संस्कार में नीलेश साहू,दीपक बेलवंशी,दीपक उईके,सूरज नायक,पंकज आदि गौसेवको ने अपने स्वयं के खर्च पर नम आंखों से अंतिम संस्कार किया,और बताया कि गौशाला का संचालन पूर्व सरपंच प्रदीप राय की पत्नी ज्योति राय करती है इसलिए अधिकारियों का गौशाला की ओर कोई रुझान नही है!पंचायत सरपंच लक्ष्मी भलावी ने भी पल्ला झाड़ते कहा कि पंचायत इसमें कुछ नहीं कर सकती सिर्फ समूह जिम्मेदार है!गोसेवकों ने छिन्दवाड़ा कलेक्टर को लिखित शिकायत भी की है!

## डाक विभाग द्वारा महिलाओं के लिए अनूठी योजना

### महिला सम्मान बचत प्रमाण पत्र का शुभारंभ

**छिंदवाड़ा ।** भारत सरकार द्वारा भारतीय डाक विभाग के माध्यम से संचालित बैंकिंग सुविधाओं के सम्मान में एक और योजना का शुभारंभ किया गया है, जो महिला सम्मान बचत पत्र के नाम से संचालित की जाएगी। यह बचत पत्र केवल महिलाओं/लड़कियों के नाम से जारी किया जायेगा। यह बचत पत्र दो वर्ष के लिए संचालित रहेगा। निवेश पर प्रति तिमाही 7.5 प्रतिशत चक्रवृद्धि ब्याज मिलेगा। इस बचत योजना में न्यूनतम निवेश राशि रू. 1000/- रूपये एवं अधिकतम रू 2 लाख है जो 100 रूपए के गुणांक में खोला जा सकता है। कोई भी महिला कितने भी खाते खोल सकती है, लेकिन अगला खाता पूर्व खाता खोलने के 3 महिने बाद ही खोला जा सकता है। निवेश पर प्रति तिमाही 7.5 प्रतिशत चक्रवृद्धि ब्याज उसी खाते में जोड़ जाएगा। खाता खोलने के एक साल बाद मौजूदा बैलेंस का 40 प्रतिशत निकाल सकते है। परिपक्वता अवधि 2 वर्ष है। खाताधारक की मृत्यु या अभिभावक की मृत्यु या खाताधारक की गंभीर बीमारी की स्थिति में उचित दस्तावेज जमा करने पर per-Mature कभी भी किया जा सकता है। इसके लिए योजना में उचित ब्याज 7.5 प्रतिशत मिलेगा सामान्य per- Mature खाता खोलने के 6 महिने बाद सामान्य per- Mature किया जा सकता है। इसमें 5.5प्रतिशत ब्याज मिलेगा। (इसमें स्कीम के ब्याज से 2 प्रतिशत से कम किया हुआ ब्याज मिलेगा)।

## क्षतिग्रस्त पुलिया के निर्माण को आरंभ कराने के लिए ज्ञापन देकर आंदोलन की दी गई चेतावनी

**सौसर ।** लोधीखेड़ा रंगारी खमारपानी मार्ग के कन्हान नदी पर नवनिर्मित पुलीया का कार्य पिछले 5 साल पूर्व से शुरू हुआ था तथा पिछले 2 वर्षों से निर्माण कार्य बंद है यदि यह कार्य बंद नहीं रहता तो आज तक वह पूर्ण होकर आवागमन हेतु शुरू हो जाता लेकिन ऐसा नहीं हुआ और आज आवागमन की स्थिति बहुत ही कठिन बन चुकी है और आने वाले बरसात के बाद यह आवागमन पूर्णता बंद हो जाएगा । उक्त मार्ग पर पूर्व से स्थित पुल पर से पिछले 20 से 25 वर्षों से आवागमन सुचारू रूप से शुरू था लेकिन वर्ष 2020 के बाढ़ से क्षतिग्रस्त हो जाने से आवागमन की कठिन स्थिति निर्मित हुई है क्षेत्र के मुख्य बाजार लोधीखेड़ा से समस्त गांव का संपर्क टूट गया है तथा इस पुलिया से प्रतिदिन स्कूल कॉलेज जाने वाले छात्रों का भी बहुत बड़ा नुकसान हुआ है क्षेत्र औद्योगिक श्रेत्र मे जाने वाले श्रमिकों को 20 से 25 किलोमीटर का फेरा लेकर अपने कार्य पर जाना पड़ता है उपरोक्त स्थिति शासन और प्रशासन के कार्यप्रनाली से निर्मित हुई है इसके लिए केवल शासन प्रशासन और वर्तमान सरकार दोषी है यदि नवनिर्मित पुल का कार्य बंद नहीं रहता तो आज पूर्ण होकर आवागमन हेतु उपयोगी रहता लेकिन ऐसा नहीं हुआ और क्षेत्रवासियों को इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ रहे हैं यह स्थिति शासन प्रशासन ने जानबूझकर निर्मित की है ऐसे कार्यप्रणाली की समस्त कांग्रेस जनों क्षेत्र के समस्त जनता निंदा करते हैं और खेद प्रकट करते हैंतथा शासन प्रशासन का ध्यान आकर्षण करने हेतु दिनांक 21-04 2023 को दिन शुक्रवार को मोटरसाइकिल रैली का आयोजन किया गया है जो समीपस्थ ग्राम से होते हुए रंगारी लोधीखेड़ा रेमंड चौक होते हुए सौसर तहसील कार्यालय पोहच कर अपना आक्रोश प्रकट करते हुए आंदोलन करेंगी जिसमें धरना आदि भी सम्मिलित है



## बेरड़ी में घर-घर का दिया ज्ञान 61 घरां में हुआ यज्ञ

**सौसर ।** समीपस्थ गांव बेरड़ी में 61 घरों में गृह गृह यज्ञ संपन्न हुए। कलश यात्रा में ग्रामीणों का उत्साह जबरदस्त रहा। *हम बदलेंगे युग बदलेगा* नारी शक्ति ने नशा नाश की जड़ है भाई इसका फल अति दुखदाई का संदेश घर घर में दिया। श्री गोपाल लुढ़ेकर ने आयोजन की व्यवस्था संभाली । यज्ञ वै- संपूर्णा यज्ञ से सम्पूर्ण आध्यात्मिक, और भौतिक जगत में शांति और स्थिरता प्राप्त होती है।गायत्री शक्तिपीठ सौसर शक्तिपीठ के मु प्र ट्रस्टी किशोर किनकर एवम सहा.प्रबंध ट्रस्टी प्रभाकर लोढेकर, श्री उमाजि चिपड़े, श्री नितिन बोढ़े, चित्रसेन रबडे,ज्ञानेश्वर काले, ग्राम सरपंच श्रीमती संगीता गावडे प्रमुख रूप से उपस्थित रही। हेमराज करडभाजने, मयूरी गायकवाड, संजय मांकड़े, प्रवीण कडू, जितेंद्र बागानी, अशोक लाखे, नारायण मंगरूलकर, वैशाली गावंडे, सुमन पोपटे, सुरेश राउत, रत्नमाला वसूरके, महावीर कर्मरकर, अजय दीक्षित ने बताया की हमारे गांव में प्रथम बार यह आयोजन हुआ जिससे हमे सामाजिक दशा और दिशा सुधारने का प्रेरक मार्गदर्शन मिला । गायत्री परिवार घर पर जाकर इस धार्मिक कृत्य को संपन्न कराना बहुत अदभुत है। ग्रामवासीयोने गायत्री शक्तिपीठ का आभार प्रकट किया।



## यज्ञ सम्राट महन्त कनक बिहारी महाराज के अंतिम दर्शन हेतु उमड़ा जनसैलाब



**छिंदवाड़ा ।** यज्ञ सम्राट संत श्री कनक बिहारी महाराज का सोमवार की सुबह नरसिंहपुर के पास सड़क दुर्घटना में निधन हो गया है महाराज प्रयागराज से लौट रहे थे। हादसे में सनातन धर्म की एक बड़ी हस्ती छिंदवाड़ा से छिन गई है। महाराज श्री का चौरई तहसील के नोनिकला गांव में आश्रम है जहां वे अपने शिष्यों को यज्ञ शास्त्र में पारंगत करते थे महाराज श्री ने यहां भगवान श्री राम का भव्य मंदिर भी बनवाया है जिसे कनक भवन के नाम से जाना जाता है। जानकारी के अनुसार महंत कनक बिहारी महाराज प्रयागराज में थे जहां से अपने छिंदवाड़ा आश्रम लौट रहे थे कि सोमवार को सुबह नरसिंगपुर के सगरी गांव के पास उनका वाहन पलटने से दुर्घटना ग्रस्त हो गया। नरसिंहपुर नेशनल हाईवे 44 पर हुए इस सड़क हादसे में कनक बिहारी जी और उनके एक शिष्य विश्राम रघुंवशी की घटना स्थल पर मौत हो गई उनका ड्राइवर रूपलाल घायल हैं उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। उनकी कार एक बाइक सवार को बचाने के चक्कर में आउट ऑफ कन्ट्रोल होकर पलट गई। महंत कनक बिहारी जी महाराज ने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण में एक करोड़ से अधिक की राशि दान दी थी उन्होने फरवरी 2024 में अयोध्या में श्रीराम यज्ञ 9009 कुंडीय करने संकल्प लिया था। रघुवंश शिरोमणि 1008 महंत कनक बिहारी दास का जन्म विदिशा जिले के नटेरन तहसील के खैराई गांव में हुआ था वे रघुंवशी समाज के राष्ट्रीय संत के रूप में पहचाने जाते थे।

### मुख्यमंत्री ने शोक व्यक्त किया

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि रघुवंश शिरोमणी श्री श्री 1008 श्री कनक बिहारी दास जी महाराज के देवलोक गमन से धर्म और अध्यात्म जगत की अपूरणीय क्षति हुई है। भगवान श्रीराम से दिव्यात्मा को अपने चरणों में स्थान प्रदान करने की प्रार्थना करता हूँ। जनाधिकार समीति और रघुवंशी समाज के संदीप रघुंवशी ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

### पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ व सांसद नकुलनाथ ने जताया शोक

एक सड़क दुर्घटना में श्रद्वेय संत यज्ञ सम्राट श्री श्री 1008 कनक बिहारी जी महाराज का स्वर्गवास होने का दु:खद समाचार प्राप्त हुआ हे। गुरूजी का देवलोक गमन उनके समस्त शिष्यों और भक्तों के लिए अपूरणीय क्षति है। ईश्वर महाराज जी की आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दे।

### होगी अंत्येष्ठी

यज्ञ सम्राट महन्त कनक बिहारी दास की अंत्येष्ठी उनके आश्रम कनकधाम नोनीकला में होगी,त्यंष्ठी में नेताओं ने उनके देव लोक गमन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुये श्रद्धाजंलि दी। दुर्घटना स्थल से नोनीबर्रा लाते समय रास्ते भर लोगों ने उनके दर्शन किये एवं श्रद्धाजंलि दी उनकी अंत्येष्ठी में हजारों की संख्या में उनके शिष्य भाग लेंगे। जानकारी के अनुसार प्रदेश भर के रघुवंशी समाज के लोग अंत्येष्ठी में शामिल हुए।

## ईद एवं परसुराम जयन्ती हर्षोल्लास एवं शान्ति से मनाये: कलेक्टर



**छिंदवाड़ा ।** ईद एवं परसुराम जयन्ती मनाने शांति समिति की बैठक में कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले एवं पुलिस अधीक्षक विनायक वर्मा ने समिति से आग्रह किया दोनों ही पर्व शान्ति एवं भाईचारे से मनाये जावे। सभी सदस्यों ने ईद एवं परसुराम जयन्ती पर्व पर बधाई दी, नगर पालिक निगम व यातायात पुलिस को यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से करने के निर्देश दिये।

## सिंचाई विभाग के कार्यपालन यन्त्री आरके भलावी हटाये गये

**छिंदवाड़ा ।** जल संसाधन विभाग के नहर संभाग के कार्यपालन यंत्री के भलावी को हटा दिया गया है, उनके स्थान पर सिसराम को चार्ज दिया गया है। कार्यपालन यन्त्री की शिकायत सिवनी के विधायक मुनमुन राय ने की थी एवं विधानसभा में प्रश्न उठाया था। वनगांव सिंचाई परियोजना में निलम्बित कार्यपालन यन्त्री आशीष महाजन ने 12 करोड़ पाईप के नाम से एडवान्स दिये थे। उसके बाद आर.के. भलावी ने भी चार करोड़ रूपए पाईप के नाम पर एडवान्स दिये थे। सिंचाई काम्पलेक्स एवं सिंचाई वन परियोजनाओं में भाजपा एवं कांग्रेस आपस एक दूसरे पर आरोप तो लगा रहे है, किन्तु शासन कोई कार्यवाही नहीं कर रहा है।

## सुखारी में पकड़ाई देसी मसाला शराब

अमरवाड़ा। विगत कुछ दिनों से अमरवाड़ा क्षेत्र में अवैध शराब बिकने की लगातार सूचना मिलने एवं शराब पकड़ने के अवैध रूप से प्रतिदिन प्रकरण बनाए जा रहे हैं लेकिन अवैध रूप से देशी-विदेशी कच्ची महुआ की शराब गांव-गांव मोहल्ले मोहल्ले बिक रही है जिस पर आबकारी विभाग का कोई अंकुश नहीं है सोमवार को ग्राम सुखारी कला के युवक अमन नामक व्यक्ति जब देसी मसाला शराब बेचने की फ्रॉक में घूम रहा था तभी प्रधान आरक्षक आकाश ने युवक को पकड़ लिया युवक के पास से 20 पाव मसाला शराब बरामद होने पर प्रकरण आबकारी अधिनियम 34 (1) पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया

## मिलावट से मुक्ति अभियान में दुकानों में छापामार कार्यवाही कर सामग्री के नमूने किये गये एकत्रित



छिन्दवाड़ा । प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देशानुसार संपूर्ण प्रदेश में जन सामान्य को शुध्द खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मिलावट से मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है । इसी क्रम में कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में आज खाद्य एवं औषधि प्रशासन और पुलिस विभाग की संयुक्त कार्यवाही के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री गोपेश मिश्रा व देहात थाना के सब इंस्पेक्टर श्री सगीर अहमद व पुलिस बल की टीम ने देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गुरैया में आरती स्वीट्स और पारस किराना स्टोर में छापामार कार्यवाही करते हुये गुलाब जामुन व चांवल के नमूने एकत्रित किये ।इसी प्रकार खाद्य एवं औषधि विभाग की एक और टीम में शामिल खाद्य सुरक्षा अधिकारियों श्री पंकज घाघरे व श्री पुरुषोत्तम भांडुरिया द्वारा पांढुर्णा नगर में बालाजी फैमिली ढाबा का निरीक्षण कर दाल और चांवल खाद्य पदार्थों के नमूने एकत्रित किये गये । सभी संग्रहित नमूनों को जांच के लिये प्रयोगशाला भेजा जा रहा है तथा जांच रिपोर्ट प्राप्ति के बाद उचित कार्यवाही की जायेगी ।

### बाल विवाह नहीं कराने संबंधी शपथ-पत्र प्रस्तुत करने के निर्देश

**छिन्दवाड़ा।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास द्वारा अक्षय तृतीया के अवसर पर जिले के सभी विवाह कार्यक्रमों के सेवा प्रदाताओं से अनुरोध किया गया है कि सामूहिक विवाह या अन्य तिथियों के विवाह आयोजनों में बाल विवाह को नहीं करायेंगे, के संबंध में अपना शपथ-पत्र जिला कार्यालय में प्रस्तुत करें । साथ ही पूरे वर्ष भर बाल विवाह पर निगरानी रखते हुये लाड़ो अभियान में बाल विवाह रोकथाम में अपना अमूल्य सहयोग प्रदान करें । उन्होंने जिले के सामूहिक विवाह कराने वाले आयोजकों, सभी धर्मगुरू, समाज के मुखिया, हलवाई, केटरर, बैंडवाला, घोड़ीवाला, ट्रांसपोर्टर, प्रिंटिंग प्रेस के प्रबंधक, ब्यूटी पार्लर, संचालक मंगल भवन और अन्य संबंधितों से अनुरोध किया है कि यह ध्यान रखें कि आपके द्वारा जो भी विवाह/निकाह सम्पन्न कराया जा रहा है या उसमें सहयोग दिया जा रहा है, वह बाल विवाह तो नहीं है। इसके संबंध में बालक या बालिका की उम्र संबंधी निर्धारण जन्म प्रमाण पत्र, स्कूल की अंकसूची या आंगनवाडी केन्द्र से रिकार्ड प्राप्त कर परीक्षण के उपरान्त ही विवाह सम्पन्न करायें। यदि बाल विवाह हो तो इसे रोकने में शासन को सहयोग प्रदान करें। उल्लेखनीय है कि बाल विवाह अधिनियम में दण्ड प्रावधानों के अन्तर्गत 2 वर्ष का कारावास एवं एक लाख रूपये का जुर्माना अथवा दोनों ही दण्ड हो सकते हैं।

## जलकर में की गई वृद्धि के विरोध

### नगर पालिका का किया घेराव जमकर लगाए नारे नगर कांग्रेस कमेटी ने सौंपा ज्ञापन

अमरवाड़ा । नगर कांग्रेश कमेटी ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर नगरपालिका कार्यालय का घेराव कर जमकर नारेबाजी करते हुए अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय पहुंचकर अनुविभागीय अधिकारी के नाम तहसीलदार छवि पंथ को ज्ञापन सौंपकर मांग की नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विनोद चौरसिया ने बताया कि अमरवाड़ा नगर पालिका के द्वारा नगर में जलकर को बढ़ाकर ?100 कर दिया गया है जिसे तत्काल वापस लिया जाए और जो जल कर लिया जाता है वही लिया जाए वृद्धि ना की जाए वही प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को किस्त की राशि का पूरा भुगतान नहीं किया गया है जिसकी वजह से प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत मकान का निर्माण कार्य नहीं हो पा रहा है वही अमरवाड़ा नगर में कहीं भी सार्वजनिक प्याऊ नहीं बनाए गए हैं बाहर से आने जाने वाले यात्रियों राहगीरों को पीने के पानी के लिए काफी दिक्कत है का सामना करना पड़ता है साथ ही दूषित पेयजल की सप्लाई की जा रही है जिसकी वजह से बीमारियां होने का डर बढ़ जाता है इन सभी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया है



### जलकर मैं वृद्धि वापिस ली जाए नहीं तो होगा उग्र आंदोलन

नगर पालिका कार्यालय का घेराव करते हुए नगर कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारियों सहित नेता प्रतिपक्ष श्रीमती नवित चौरसिया, ने बताया कि नगर पालिका के द्वारा जलकर में वृद्धि की जा रही है जिसकी वजह से नगर वासियों को काफी दिक्कत हो रही है जलकर यथावत रखा जाए साथ ही जो पेनल्टी लगाई जा रही है इसे बंद किया जाए वैसे भी 1 दिन के अंतराल में नल आ रहे हैं साथ ही पानी को सही तरीके से फिल्टर किया जाए पानी दुर्गंध मटमैला आने से संक्रमित बीमारियां फैल रही है नई डीपीआर बनाकर शासन को भेजा जाए अगर नगर पालिका के द्वारा जलकर वृद्धि को वापस नहीं लिया गया तो कांग्रेस के पार्षद बहिष्कार करते हुए आंदोलन करेंगे इस मौके पर पार्षद राजकुमार वरकडे, राजेश अहिरवार अर्पित लाला मौजूद रहे।

सुनी सुनाई

# मंत्री पर भारी, शराब कारोबारी!

रवीन्द्र जैन

यह किस्सा बेहद रोचक है। इस सप्ताह मप्र के एक मंत्री पर शराब कारोबारी भारी पड़ गया। शराब कारोबारी ने मंत्री जी की विरोधियों के खिलाफ की जाने वाली कार्रवाई को लेकर कोई टिप्पणी कर दी। मंत्री जी ने जबावी कार्रवाई करते हुए कारोबारी की डिस्लरी पर जीएसटी की टीम भेज दी। कारोबारी भी क्षेत्र में प्रभावशाली है। वह शराब के साथ बीड़ी का भी बड़ा कारोबार करते हैं। अच्छा खासा पैसा व प्रभाव भी है। जैसे ही कारोबारी को पता चला कि उनके यहां जीएसटी छापा मंत्री जी के इशारे पर पड़ा है, उन्होंने मंत्री जी को फोन लगाकर अगले विधानसभा चुनाव में हिसाब बराबर करने की चेतावनी दे डाली। चर्चा है कि मंत्री जी के विधानसभा क्षेत्र में इस कारोबारी के पास 15 हजार से अधिक वोटर हैं। मंत्री जी ने दोस्ती का हाथ बढ़ाया, लेकिन नाराज कारोबारी ने मोबाइल बंद कर लिया। मंत्री जी कारोबारी को खोजते हुए उनके पास पहुंचे और बैठकर सभी गिले शिकवे दूर किये। इसके बाद ही मंत्री जी ने राहत की सांस ली है।

## दो आईएएस की शिकायत लोकायुक्त पहुंची




मप्र नेशनल हेल्थ मिशन की संचालक प्रियंका दास और रीवा के तत्कालीन कलेक्टर मनोज पुष्प की लोकायुक्त में शिकायत दर्ज कराई गई है। इन दोनों आईएएस पर एक भ्रष्ट महिला अफसर को बचाने का आरोप है। अर्पिता सिंह चौहान नामक महिला को फर्जी दस्तावेज के आधार पर हेल्थ मिशन में सिंगरौली में संविदा पर पोस्टिंग दी गई। इन्हें नियम विरुद्ध तरीके से कुछ दिन में ही पहले सतना फिर रीवा ट्रांसफर कर दिया गया। रीवा में अर्पिता सिंह पर 77 लाख रुपये के घपले घोटाले के गंभीर आरोप लगे। विभाग की जांच में आरोप सही पाये गये। रीवा के तत्कालीन कलेक्टर और स्वास्थ्य विभाग की जांच टीमों ने अर्पिता को भ्रष्टाचार का दोषी करार दिया। फिर अचानक तत्कालीन कलेक्टर मनोज पुष्प ने सब कुछ जानते हुए अर्पिता को बचाने पत्र लिख दिया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने इनके दस्तावेज फर्जी बताते हुए बर्खास्त करने की अनुशंसा की, लेकिन मिशन संचालक प्रियंका दास ने कार्रवाई करने के बजाय उनका तबादला उमरिया कर दिया। अर्पिता की नियुक्ति से लेकर भ्रष्टाचार तक के तमाम दस्तावेजों के साथ भोपाल में लोकायुक्त को शिकायत सौंपी गई है।

## मप्र कांग्रेस की पहली टिकट तय

मप्र कांग्रेस ने विधानसभा की पहली टिकट तय कर दी है। इंदौर विधानसभा क्रमांक 2 से चिन्टू चौकसे को स्वयं कमलनाथ ने चुनाव लड़ने की तैयारी करने को कह दिया है। इस सीट पर भाजपा का लंबे समय से कब्जा है। चिन्टू चौकसे फिलहाल इंदौर नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष हैं।



पिछले नगर निगम चुनाव में कमलनाथ ने चिन्टू के कहने पर जिन्हें पार्षद की टिकट दी थीं, उनमें से अधिकांश चुनाव जीत गये हैं। चिन्टू की सक्रियता और लोकप्रियता से कमलनाथ प्रभावित हैं। अब विधानसभा चुनाव में चिन्टू का मुकाबला दादा दयालु यानि इंदौर के सबसे लोकप्रिय विधायक रमेश मेंदौला से होना तय हो गया है। हालांकि यह भी खबर आ रही है कि आकाश विजयवर्गीय ने यदि सीट बदली तो वे दो नम्बर में आ सकते हैं। फिलहाल यह तय है कि इंदौर विधानसभा क्रमांक दो का चुनाव रोचक होगा।

## सुनी सुनाई का असर, नेहा मारव्या को मिला काम

हम खुश हैं कि हमारे इस कॉलम की खबरों पर भी असर होने लगा है। 15 दिन पहले हमने इसी कॉलम में मप्र की 2011 बैंच की आईएएस नेहा मारव्या के बारे में लिखा था कि इस तरह वह वरिष्ठ आईएएस अफसरों की प्रताड़ना का शिकार हो रही हैं। नेहा को राजस्व विभाग में उप सचिव बनाया गया था, लेकिन पिछले 9 महीने से उनके पास एक भी फाईल नहीं आई थी। उन्हें विभाग में कार्य आवंटित ही नहीं किया गया था। इस कॉलम में खबर छपने के बाद राज्य सरकार ने इसे गंभीरता से लेते हुए नेहा मारव्या को राजस्व विभाग की दो शाखाओं की जिम्मेदारी सौंप दी है। फिलहाल लंबे समय बाद नेहा मारव्या फाईलें निपटाने में व्यस्त नजर आ रही हैं।

## विधायक पुत्रों की चुनाव से पहले जेल यात्रा!

मप्र भाजपा के दो विधायकों के लाडले बेटे पुलिस रिकार्ड में लंबे समय से फरार थे। जैसे जैसे विधानसभा चुनाव नजदीक आ रहे हैं विधायकों को अपने इन बेटों की चिन्ता सताने लगी कि फरारी में वे विधानसभा चुनाव का मैनेजमेंट कैसे करेंगे? सिंगरौली विधायक रामलल्लू वैश्य के बेटे विवेक वैश्य पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज है। मजेदार बात यह है कि आठ महिने बाद वह सिंगरौली पुलिस के हत्थे लगा। पुलिस रिकार्ड में विधायक का यह बेटा 8 माह से फरार था। कोर्ट ने जेल भेजने के आदेश दिए, लेकिन हाईकोर्ट से जमानत मिलने तक विधायक पुत्र जिला अस्पताल के एसी रूम में एशो आराम से रहा।

## यह सिफारिशीलाल वकील

मप्र हाईकोर्ट में सिफारिश के आधार पर नियुक्त सरकारी वकीलों को लेकर राज्य सरकार की जमकर फजीहत हो रही है। हाईकोर्ट को कहना पड़ रहा है कि सरकार ने अक्षम लोगों को सरकारी वकील बना दिया है। जबकि सरकार इन वकीलों को लाखों रुपये प्रतिमाह मानदेय दे रही है। सरकारी वकीलों को लेकर ग्वालियर हाईकोर्ट ने इस सप्ताह गंभीर टिप्पणी कर दी है। जस्टिस दीपक अग्रवाल ने एक प्रकरण की सुनवाई के दौरान कह दिया कि सरकार ने अक्षम लोगों को सरकारी वकील बना दिया है। वे न तो कोर्ट को मदद कर पाते हैं और न ही तैयारी करके आते हैं। जस्टिस अग्रवाल ने मप्र के विधि सचिव को इस संबंध में उचित कदम उठाने को भी कहा है। जबकि राज्य सरकार ने ग्वालियर हाईकोर्ट में 5 अतिरिक्त महाधिवक्ता, 5 उप महाधिवक्ता, 28 शासकीय वकील और 2 उप शासकीय वकील नियुक्त किये गये हैं।

## और अंत में....!

मप्र में लंबे समय बाद महामहिम राज्यपाल की कथित नाराजगी चर्चा में है। मप्र के परिवहन आयुक्त का एक पत्र वायरल होने और उसके बाद राज्यपाल का ग्वालियर में आयोजित अंबेडकर महाकुंभ में न जाना चर्चा का विषय बन गया है। अटकलें लगाई जा रही हैं कि महामहिम पत्र वायरल होने से नाराज हैं। दरअसल परिवहन आयुक्त ने 16 अप्रैल को ग्वालियर में महामहिम के मुख्य आतिथ्य में आयोजित अंबेडकर महाकुंभ में 8 जिलों से एक लाख लोगों को लाने के लिये 2500 बसों की व्यवस्था करने के लिए 6.18 करोड़ रुपये की डिमांड भेजी थी। पत्र वायरल होने से संदेश गया कि महामहिम के लिये लोगों को जबरन ढोकर लाया जा रहा है। संयोग से इस महाकुंभ में महामहिम नहीं पहुंचे। इसके बाद से चर्चा है कि महामहिम नाराज हो गये हैं। हालांकि इस संबंध में राजभवन से अधिकारिक कोई बयान नहीं आया है।

# मध्यप्रदेश में इन दिग्गजों और सिंधिया समर्थकों के कटेंगे टिकट

## कर्नाटक फॉर्मूले से बीजेपी में क्या होगा बड़ा उलटफेर?

**भोपाल।** बीजेपी की चुनावी मशीनरी में बड़े-बड़े नेताओं की पिसाई जारी है। गुजरात में सख्त फैसले लेने वाली बीजेपी ने ये साबित कर दिया है कि कर्नाटक के मामले में वो और भी सख्त है। चुनाव दर चुनाव जिस तरह बीजेपी की सख्ती बढ़ रही है उससे ये अंदाजा लगाना आसान है कि यहां तो रहम की गुंजाइश और भी कम होगी। आने वाले समय में मध्यप्रदेश के अलावा छत्तीसगढ़ और राजस्थान में भी विधानसभा चुनाव हैं। इन तीनों ही जगह पर बीजेपी साल 2018 में एक साथ चुनाव हारी थी। मध्यप्रदेश में तो जैसे-तैसे सरकार बनाने में कामयाब हो गई, लेकिन अब 2023 में किसी तरह का रिस्क लेने के मूड में नहीं है। 2020 में चुनावी चालें चलकर सरकार बनी और कई समझौते भी किए गए। कुछ शर्तें जो निभानी थी। लेकिन अब बीजेपी किसी फैसले के लिए मजबूर नहीं होगी। कर्नाटक के जगदीश शेट्टार इसका उदाहरण हैं। जो बागी हुए, चेतावनी भी दी और अब कांग्रेस में शामिल भी हो गए, लेकिन बीजेपी उनके आगे झुकी नहीं। कर्नाटक के सख्त तेवर ये जाहिर कर रहे हैं कि मध्यप्रदेश में चुनावी मशीनरी ज्यादा चुस्त होगी क्योंकि सिर्फ सरकार ही नहीं बनानी बल्कि राज भी करना है।

### बीजेपी की परिपाटी में कांग्रेसी तौर-तरीकों की मिलावट

जितने राज्यों में चुनाव होने हैं, उन सबमें मध्यप्रदेश सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण राज्य माना जा सकता है। गुजरात के बाद एक यही राज्य है जहां बीजेपी की सत्ता बरसों से काबिज है। ये बीजेपी के लिए एक प्रयोगशाला भी रही है। जहां कामयाब फैसले, योजनाएं और नियम कायदे बीजेपी दूसरे राज्यों में भी लागू करती रही। लेकिन 2018 के बाद इस बार बीजेपी आलाकमान का फैसला लेने का अंदाज बदल सकता है। क्योंकि बीजेपी का डिसिप्लीन भी अब पहले जैसा नहीं रहा है। मध्यप्रदेश में बीजेपी की परिपाटी में कांग्रेसी तौर-तरीकों की मिलावट हो चुकी है। जिसकी वजह से हालात हर बार से जुदा है।

### सत्ता में वापसी के लिए बीजेपी को लेना होगा रिस्क

इस बार बीजेपी को सिर्फ अपने नेताओं को ही नहीं साधना है। कांग्रेसी से नए-नए भाजपाई बने नेताओं को टटोलना है। नए भाजपाइयों की वजह से दम दिखाने पर मजबूर हुए पार्टी के पुराने नेताओं का तकाजा भी करना है। नेताओं के टिकटों



के वारिस की पूरी नई पौध भी खड़ी हो चुकी है। इस नई चंचल पौध को भी अनुशासन के दायरे में बांधना है। चुनौतियां कई हैं, लेकिन सत्ता में वापसी के लिए बीजेपी को बड़ा रिस्क तो लेना ही होगा। कर्नाटक से इसकी शुरुआत भी हो चुकी दिखाई देती है।

### गुजरात का फॉर्मूला हिट

गुजरात का फॉर्मूला तो हिट रहा। कर्नाटक में कुछ लिस्ट जारी होने के बाद बगावती सुर मुखर होते सुनाई देने लगे हैं। मध्यप्रदेश में हालात बिल्कुल जुदा हैं। यहां तो लिस्ट जारी होने की शुरुआत भी नहीं हुई है, लेकिन बागी नेताओं के सुर गाहे-बगाहे बुलंद हो रहे हैं। बीजेपी के अपने भीतर ही कई मोर्चों पर जंग लड़नी है। कुछ दिग्गज नेताओं को घर बिठाना है। कुछ नेताओं को घर लौटाना है और घर से निकलकर आ रहे कुछ नए नेताओं को समझाना है। तीनों घरों के मायने यहां अलग-अलग हैं जिनके बीच सबसे बड़ा गढ़ मध्यप्रदेश बचाना है। कांग्रेस की निष्क्रियता बीजेपी के लिए प्लस पॉइंट हो सकती थी, लेकिन फिलहाल खुद के भीतर ही इतने माइनस पॉइंट हैं कि उन्हें प्लस बनाते-बनाते चुनाव सिर पर आ चुके होंगे।

इस बार बीजेपी को एक नहीं कई मुश्किलों से दो-चार होना है। इससे पहले के चुनावी सालों में लगता था कि मध्यप्रदेश में चुनाव केक वॉक जितना आसान है, लेकिन इस बार ये डगर कठिन हो चली है।

### बीजेपी के लिए मुश्किल डगर-

- 70 पार के दिग्गजों को घर बिठाना है
- नॉन परफॉर्मिंग विधायकों को मैनेज करना है
- बीजेपी से आए लेकिन मूलरूप से कांग्रेसी नेताओं साधना है
- मंत्री पद पर बने हुए कुछ नेताओं के टिकट कटना भी तय
- टिकट से वंचित कुछ नेता अपने बेटा-बेटी के लिए टिकट की मांग पर अड़े

### बीजेपी नेताओं की नाराजगी

यानी बीजेपी को हर लिस्ट बनाने से पहले कई फैक्टर्स को ध्यान में रखना है। कर्नाटक की लिस्ट से ये जाहिर है कि बीजेपी ने बहुत कुछ बदल दिया है। कई नए चेहरों को मौका दिया है और पुराने और दम-खम वाले दिग्गजों को भी किनारा कर दिया है। क्या ये मध्यप्रदेश में भी आसान होगा। बीजेपी के 6 दिग्गज नेता जो मंत्री भी रहे हैं। वो नाराजगी जताने में पीछे नहीं है। इनमें अनूप मिश्रा, दीपक जोशी, गौरी शंकर शेजवार, जयंत मलैया, अजय विश्नोई, गौरी शंकर बिसेन का नाम शामिल है। पिछले साल एक बड़े मीडिया हाउस से बातचीत में अनूप मिश्रा ने कहा था मैं चुनाव लड़ूंगा ये तय है। पार्टी को तय करना है कि वो कहां से लड़ाना चाहती है। गौरी शंकर बिसेन ने कुछ ही माह पहले ये ऐलान कर दिया कि वो चुनावी नहीं लड़ने को तैयार हैं पर टिकट बेटी मौसम को देना होगा। ऐसे नेताओं का विकल्प तलाशा गया तो अंजाम क्या होगा समझा जा सकता है।

### पिता की विरासत में भविष्य तलाश रहे बच्चे

उन नेताओं की भी लिस्ट लंबी है, जिनके बच्चे अब अपने पिता की विरासत में अपना भविष्य तलाश रहे हैं। बीजेपी से राज्यसभा सांसद प्रभात झा के बेटे तुष्मुल, सुमित्रा महाजन के बेटे मंदार, नरेंद्र सिंह तोमर के बेटे देवेंद्र, सतना से सांसद गणेश के भाई उमेश प्रताप सिंह, मंत्री गोपाल भार्गव के बेटे अभिषेक और मंत्री नरोत्तम मिश्रा के बेटे सुकर्ण मिश्रा समेत दर्जनभर ऐसे नेता हैं जिनके बेटे चुनाव में टिकट की दावेदारी कर सकते हैं। 70 पार या 70 के आसपास पहुंचे नेताओं की लिस्ट भी लंबी है जिसमें सीतासरन शर्मा, करण सिंह वर्मा, केदारनाथ शुक्ल, राम लल्लू वैश्य, दोनों नागेंद्र सिंह, पारस जैन, रुस्तम सिंह, जयभान सिंह पवैया, जयंत मलैया, अंचल सोनकर, शरद जैन जैसे नेताओं के नाम भी शामिल हैं।

### कांग्रेस से बीजेपी में आए नेता भी बढ़ाएंगे मुश्किलें

बात इतने पर ही खत्म नहीं होती। सरकार बनाने के लिए कांग्रेस से बीजेपी में आए कई नेता भी इस बार बीजेपी की मुश्किलें बढ़ा सकते हैं। माना जा रहा है कि अब पार्टी कोई वादा निभाने को बाध्य नहीं है, लिहाजा सिंधिया समर्थकों के टिकट भी काटे जा सकते हैं। ऐसा हुआ तो नए भाजपाई भी पार्टी के लिए मुसीबत बन जाएंगे। क्या गुजरात या कर्नाटक सी सख्ती दिखाकर पार्टी इन मुश्किलों से निपट सकेगी। बीजेपी के लिए ये सिर्फ मुश्किल की ही नहीं बड़ी परीक्षा की भी घड़ी है।

### बीजेपी के सामने 7 महीने और 7 मुश्किलें

7 महीने और 7 मुश्किलें। यानी हर महीने एक मुश्किल को दूर करें तो भी चुनाव के लिए समय कम पड़ जाएगा। इसके बीच कर्नाटक चुनाव भी सिर पर आ चुका है। जहां बीजेपी के दिग्गजों के बड़े-बड़े दौरे जारी हैं। कर्नाटक से फारिग होते ही बीजेपी का पूरा फोकस एमपी पर होगा। लेकिन क्या इतने कम समय में इतनी मुश्किलों से पार पाया जा सकेगा। बड़ा सवाल ये है कि क्या बीजेपी के पास इस बार ऐसी कोई फुल प्रूफ प्लानिंग हो जो हर मुश्किल का हल बन सके।

# प्राइवेट अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड से जारी रहेगा इलाज

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में आयुष्मान कार्ड पर इलाज कराने वाले मरीजों के लिए राहत भरी खबर है. बीते दिनों यूनाइटेड हॉस्पिटल डायरेक्टर एसोसिएशन ने प्राइवेट अस्पतालों में आयुष्मान भारत योजना के तहत मरीजों का इलाज पूरी तरह से बंद करने की चेतावनी दी थी, लेकिन अब एसोसिएशन ने फैसला किया है कि आयुष्मान कार्ड से मरीजों का इलाज जारी रहेगा।

यूनाइटेड हॉस्पिटल डायरेक्टर एसोसिएशन के संरक्षक जय प्रकाश पालीवाल ने बताया कि आयुष्मान कार्ड से मरीजों के इलाज का पेंडिंग भुगतान शुरू हो गया है. सरकार सभी अस्पतालों को पेंडिंग पेमेंट का भुगतान कर रही है. वहीं सीएम शिवराज सिंह चौहान और स्वास्थ्य मंत्री प्रभु राम चौधरी ने भुगतान की प्रक्रिया के सरलीकरण के साथ ही भुगतान में तेजी लाने की बात कही है. डॉ पालीवाल का कहना है कि ज्यादातर अस्पतालों की आंशिक भुगतान की शुरुआत हो गई है. इससे आयुष्मान भारत योजना के मरीजों का इलाज पहले की तरह ही जारी रहेगा। थी।इसके कुछ दिन बाद ही अस्पतालों को आंशिक भुगतान मिलना शुरू हो गया है. इसके बाद अब इलाज ना करने की बात को यूनाइटेड हॉस्पिटल डायरेक्टर एसोसिएशन ने वापस ले लिया है।

# विधानसभा सचिवालय में भर्ती: अहर्ताएं सही नहीं!



**भोपाल।** विधानसभा चुनाव से पहले विधानसभा में भर्तियों का खेल फिर शुरू हो गया। विधानसभा में नियुक्ति के लिए पहले कुछ पदों के लिए रिक्तियां निकाली गई थी। बाद में उसे निरस्त कर दिया गया। अब लगता है अपने वालों को विधानसभा में भरने के लिए फिर से सीधी भर्ती के पद निकाले गए हैं। जिस तरह का पद है उसकी अहर्ताएं उसके अनुरूप नहीं है।

विधानसभा सचिवालय के लिए सहायक जनसंपर्क अधिकारी की रिक्ति निकाली गई है। लेकिन, अहर्ताओं में स्नातक के साथ लॉ की डिग्री भी मांगी गई है। ये समझ से बाहर है कि जनसंपर्क सहायक के पद के लिए कानून की डिग्री की क्या आवश्यकता है। दरअसल, ये किसी खास व्यक्ति के लिए पद निर्मित किया गया है। जनसंपर्क के किसी भी पद के लिए लॉ की डिग्री की कभी जरूरत नहीं होती। अलबत्ता मॉस कम्युनिकेशन की डिग्री मांगी जाती है। बताया जा रहा है कि यह पद कुछ विशेष नेताओं व अधिकारियों के अपनों के लिए ये पद निकाला गया हैं। वो भी सीधी भर्ती ही होना है।





विश्व धरोहर दिवस पर आज यूनेस्को के तत्वावधान में भोपाल में हैरिटेज वाक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भोपाल की धरोहरों की जानकारी दी गई।

# इंदौर हाईकोर्ट ने माना, भूमाफियाओं की सैटलमेंट में नहीं है रुचि

## जमानत कैंसिल होगी या नहीं, इस पर 19 अप्रैल को सुनवाई

**इंदौर।** भूमाफिया चंपू उर्फ रितेश अजमेरा, नीलेश अजमेरा, हैप्पी धवन, चिराग शाह, महावीर जैन, निकुल कपासी के सिर पर फिर से जेल जाने की तलवार लटक गई है। हाईकोर्ट इंदौर बेंच ने तीन कॉलोनियों के पीड़ितों को लेकर चल रही सुनवाई में करीब ढाई घंटे तक चली बहस के दौरान यह कहा कि हमने मान लिया है कि इन लोगों की सैटलमेंट में कोई रुचि नहीं है। वहीं अब बुधवार, 19 अप्रैल के दिन जिला प्रशासन द्वारा लगाए गए जमानत कैंसिलेशन आवेदन पर हाईकोर्ट सुनवाई करेगा। यह विशेष कर कालिंदी गोल्ड कॉलोनी को लेकर बाणगंगा में दर्ज हुई 10 एफआईआर में सामने आए आरोपियों को लेकर होगी। एक बार फिर पीड़ित भी पहुंचे थे और उन्होंने कहा कि हमें झूठे वादे किए गए भूमाफिया की पत्नी ने पैर पड़े कि आप अनापत्ति दे दो तो मेरे पति बाहर आकर आपको राशि दे देंगे, लेकिन जमानत के बाद फिर कुछ नहीं किया। कुछ पीड़ितों के अधिवक्ता ने कहा कि हमें लगातार धमकियां मिल रही हैं।

**सुप्रीम कोर्ट से केस आने के बाद किसी का सैटलमेंट नहीं किया गया-** हाईकोर्ट के विशेष आदेश पर सुनवाई के लिए उपस्थित हुए अपर कलेक्टर डॉ. अभय बेड़ेकर ने कहा कि लगातार सभी को नोटिस भेजे जाने के बाद भी कोई आने को और पीड़ितों के निराकरण के लिए तैयार नहीं है। सुप्रीम कोर्ट से केस हाईकोर्ट में आने के बाद किसी का भी इन्होंने सैटलमेंट नहीं किया है। यह लगातार झूठे शपथपत्र दे रहे हैं। इनके शपथपत्र के आधार पर सुप्रीम कोर्ट में प्रशासन ने स्टेटस रिपोर्ट पेश की और इन्हें जमानत मिली, लेकिन इसके बाद यह अपने वादों से मुकर गए, इनकी किसी भी तरह से इसमें रुचि नहीं है।

**48 शपथपत्र दिए थे, 22 ने कहा हमसे झूठ बोला-** शासकीय अधिवक्ता ने कहा कि 48 पीड़ितों ने पहले कहा था कि हमारा निराकरण हो रहा है। इसी आधार पर स्टेटस रिपोर्ट में इनका निराकरण बताया गया, लेकिन बाद में 22 पीड़ितों ने कमेटी को आकर बताया कि उनके वादे झूठे निकले और हम उन सभी पर कार्रवाई चाहते हैं। कई लोगों के चेक बाउंस हो गए हैं, प्लॉट बुक कराने के बाद भी केवल मामूली ब्याज छह फीसदी देकर सेटलमेंट करना चाह रहे हैं। लोग चेक लेने के तैयार नहीं है, वह बाजार की दर से राशि चाहते हैं या फिर प्लाट चाहते हैं, भले ही वह किसी अन्य जगह पर दे दें।

**नौकर ने खोली भूमाफियाओं की पोल-** मामले में आरोपी निकुल कपासी के बयानों ने भूमाफिया चंपू, चिराग, हैप्पी की पोल खोलकर रख दी। उनके बयान कोर्ट में पेश किए गए जो उन्होंने डीआईजी को दिए थे, इसमें कहा गया है कि चंपू, चिराग, महावीर और उनके साथी कुख्यात भूमाफिया है, मैं बस नौकर आदमी हूं जो तनख्वाह पर रखा गया हूं, लेकिन हर जगह मुझे उलझा दिया गया है

**प्रशासन ने फिर कहा पर्दे के पीछे दूसरे लोग-** शासकीय अधिवक्ता की ओर से बताया गया कि इस पूरे जमीन घोटाले में पर्दे के पीछे चंपू, चिराग जैसे लोग रहे हैं। इस पर हाईकोर्ट ने कहा कि हवा में बात मत करो, ऑन रिकार्ड बताइए। इस पर अधिवक्ता ने बताया कि हमने गोल्ड सिटी के खाता जो एक्सिस बैंक लसूडिया में हैं, उसकी रिपोर्ट लगाई है, इसकी फारेंसिक ऑडिट भी सीए से कराई है। कंपनी के खाते से चिराग के खाते में कई लेन-देन हुए हैं। इस तरह चंपू के खाते में भी लेन-देन हुए हैं। इसके अलावा निकुल कपासी से लेकर किसानों के बयान, पीड़ितों के बयान मौजूद है, जिसमें कहा गया है कि हर सौदे के दौरान यह लोग मौजूद रहते थे। किसानो ने कहा है कि चिराग को कालिंदी के लिए जमीन बेची थी लेकिन रजिस्ट्री किसे हुए यह नहीं पता। प्रशासन की ओर से यह भी बताया गया कि किसानों के अंगूठे के फर्जी हस्ताक्षर है, ऐसा फारेंसिक रिपोर्ट में भी सामने आ चुका है।

**37 हजार वर्गफीट जमीन भी निकली विवादित-** हैप्पी धवन की ओर से उनके अधिवक्ता ने कहा कि हमने प्रशासन को चेक दिए हैं और 37 हजार वर्गफीट जमीन भी अटलांटिस कॉलोनी में दे दी है, जिस पर पीड़ितों को प्लाट मिल जाएंगे। इस पर अपर कलेक्टर बेडेकर ने खुलासा किया कि इस जमीन को लेकर चिराग शाह ने आपत्ति ली है कि उन्हें हैप्पी ने पूरा पेमेंट नहीं किया है, चिराग और हैप्पी के बीच जमीन का विवाद उलझा है, ऐसे में किसी भी पीडित को वहां जमीन देने की स्थिति ही नहीं बन रही है।

**इतने शातिर भूमाफिया डायरी पर एफआईआर तो रसीद देना शुरू-** प्रशासन और पीड़ितों की ओर से बताया गया कि यह भूमाफिया इतने शातिर है कि इन्होंने डायरी पर सौदे किए, इसके लिए किसी को अधिकृत कर दिया वह राशि लेकर प्लॉट नंबर लिखकर साइन करके देता था। उन्हें लगता था कि इस पर एफआईआर नहीं होगी, लेकिन बाणगंगा थाने में हो गई। इसके बाद इन्होंने डायरी बंद कर रसीद देना शुरू कर दिया। इस पर भी बाद में शिकायतों पर एफआईआर हो गई।

**पीड़ित क्या जाने कंपनी में किसकी हिस्सेदारी-** भूमाफियाओं की ओर से लगातार यह तर्क रखे गए कि वह इन मामलों में इन्वाल्व नहीं है और हमारी कंपनी में हिस्सेदारी कम है, जो है वह सेटलमेंट कर रहे हैं। इस पर शासकीय अधिवक्ता ने कहा कि पीड़ितों को क्या मालूम कि किसकी कितनी हिस्सेदारी है, वह तो जाता है और पैसे देकर प्लाट लेता है, लेकिन आरोपी इसका फायदा उठाते हैं और अब अपनी जिम्मेदारियों एक-दूसरे के पाले में डालकर पीडितों से लेकर प्रशासनिक कमेटी इन सभी को घुमा रहे हैं। यह मात्र समय पास कर रहे हैं, जिससे जमानत पर बाहर रह सकें।

**कालिंदी में भी चंपू की अहम भूमिका-** मुख्य सुनवाई कालिंदी गोल्ड को लेकर हुई थी जिसमें बताया गया कि 96 मामलों में पहले 48 का निराकरण बताया गया क्योंकि इन्होंने वादा किया कि सेटलमेंट कर रहे हैं लेकिन सच्चाई यह है कि नई सैटलमेंट रिपोर्ट के अनुसार केवल 27 का निराकरण किया गया है। इस मामले में आरोपियों के वकीलों ने कहा कि इस कॉलोनी में चंपू की कोई भूमिका नहीं है वह सेटेलाइट और फिनिक्स में हैं, लेकिन इस पर शासकीय अधिवक्ता ने कहा कि इसकी तो सबसे अहम भूमिका है और गोल्ड सिटी खाते से चंपू के खातों में लेन-देन हुआ है।

